सुप्रभात
रांची, गुरुवार
23.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 193




12 बर्थराइट पॉलिसी के खिलाफ अमेरिका के 22 राज्यों में मुकदमा

## न्यूज डायरी

### पहले टी-20 में भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से रौंदा

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गये पहले टी20 मैच में 7 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 132 रन बनाये। टीम इंडिया ने जीत के लिए मिले 133 रनों के लक्ष्य को 12.5 ओवर में 43 गेंद बाकी रहते हुए 3 विकेट के नुकसान पर पूरा कर 7 विकेट से जीत दर्ज कर ली। अभिषेक शर्मा ने 33 बॉल में 5 चौके और 8 छक्कों के साथ 232.35 की धमाकेदार स्ट्राइक रेट के साथ 79 रनों की तूफानी पारी खेली। संजू ने 20 बॉलों में 130 की स्ट्राइक रेट से 4 चौके और 1 छक्का लगाया।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 5 सालों तक जारी रहेगा

**नयी दिल ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत देश में प्राप्त उपलब्धियों को स्वीकारते हुए बुधवार को इसे अगले पांच वर्षों तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी।

### जूट का एमएसपी केंद्र ने 315 रुपये बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 315 बढ़ाने की घोषणा की है। अब कच्चे जूट का नया एमएसपी 5,650 प्रति क्विंटल होगा जो पिछले सीजन के 5,335 प्रति क्विंटल से अधिक है। यह बढ़ोतरी सरकार की उस नीति के तहत की गयी है जिसमें एमएसपी को उत्पादन की औसत लागत से जोड़ा जाता है ताकि किसानों को बेहतर लाभ मिल सके।

### पुलिस लाइन में जन शिकायत समाधान

**रांची।** पुलिस लाइन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आइपीएस मनोज कौशिक,आइजी मुख्यालय ने लोगों की शिकायतें सुनीं और समाधान का निर्देश दिया। कार्यक्रम में डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा,सिटी एसपी राज कुमार मेहता,सिटी डीएसपी केवी रमन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित सम्बंधित थाने के थानेदार और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### हिंदपीढ़ी इलाके में मारपीट, चली गोली

**रांची।** राजधानी के हिंदपीढ़ी इलाके में मारपीट के दौरान गोलीचालन की खबर है। गोली चलने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। अपराधियों ने पहले छिनतई का प्रयास किया। भीड़ को देख अपराधी फायरिंग कर भाग निकले।

## योगी ने मंत्रियों संग संगम में लगायी डुबकी



**एजेंसी**

**कुंभनगर।** महाकुंभ प्रयागराज में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ संगम में स्नान किया। मुख्यमंत्री ने इस पल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए आस्था और भारतीय संस्कृति की महिमा का उल्लेख किया। सीएम योगी ने एक्स पोस्ट में लिखा, महाकुंभ 2025 के महासमागम में त्रिवेणी संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी का कल्याण करें। स्नान के बाद उन्होंने संगम पर पूजा-अर्चना की और प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़ ने इस अनुभव को 'असीम आनंद की अनुभूति' बताया। मंत्रियों ने मां गंगा की गोद में बच्चों की तरह जल क्रीड़ा की। इस दौरान कैबिनेट बैठक भी हुई, जिसमें कई जनकल्याणकारी फैसले लिये गये।

# महाराष्ट्र के जलगांव में ट्रेन हादसा, 12 की मौत

## पुष्पक में आग की अफवाह, कूदे यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने रौंदा

**एजेंसी**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पचोरा रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गयी। इस अफवाह के बाद ट्रेन में सवार यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे। इसी बीच सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने अनेक यात्रियों को रौंद दिया। हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गयी। 40 से अधिक यात्री घायल हैं। घायलों में कई की हालत गंभी है, ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की भी आशंका है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। घायलों को जलगांव और आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने यह जानकारी दी। हादसे से ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ है। मध्य रेलवे ने घटनास्थल के लिए एक रिलीफ ट्रेन भी भेजी है।

**घबराहट में कूद गये यात्री :** रेलवे के एक अधिकारी ने को बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर 'हॉट एक्सल' या 'ब्रेक-बाइंडिंग' (जामिंग) के कारण चिंगारी निकली थी, जिससे कुछ यात्री घबरा गये। उन्होंने चेन खींची और उनमें से कुछ पटरियों पर कूद गये। उसी समय,कर्नाटक एक्सप्रेस बगल की पटरी से गुजर रही थी। कई यात्री ट्रेन की चपेट में आ गये। नासिक के डिवीजनल कमिश्नर प्रवीण गेदाम के अनुसार, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। (शेष पेज 11 पर)

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा विधायक आवास

### एक ही कैंपस में विधायकों को रहने का मिलेगा मौका

## सीएम हेमंत सोरेन ने निरीक्षण कर दिये शीघ्र पूरा करने का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जगन्नाथपुर में बन रहे विधायक आवासीय परिसर अत्याधुनिक सुविधा से लैस होगा। विधायक आवासीय परिसर में डुपलेक्स के अलावा एक प्रेक्षागृह, एक इनडोर स्टेडियम, चिल्ड्रेन पार्क आदि की सुविधा रहेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। सीएम ने निर्माण कार्य में और कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि शीघ्र हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी हो। सीएम ने कहा कि इसके बन जाने से सभी विधायकों को एक ही कैंपस में रहने के लिए एक बेहतर, व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा।

**पौधरोपन का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने विधायक आवासीय परिसर में बड़े पैमाने पर प्लांटेशन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभी विधायकों के लिये आवासीय व्यवस्था व्यवस्थित नहीं है। राजधानी रांची के अलग-अलग क्षेत्र में उन्हें रहने के लिये आवास उपलब्ध कराया गया है। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)

### बेरमो के ऊपरघाट इलाके में मुठभेड़

# एक महिला समेत दो हार्डकोर नक्सली ढेर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल के नक्सल प्रभावित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र में ऊपरघाट के बंशी एवं जरवा के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। इसमें एक महिला नक्सली भी है। मुठभेड़ बुधवार को अहले सुबह हुई। मारी महिला नक्सली चंद्रपुरा से पकड़े गये15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली रणविजय महतो की पत्नी बतायी जा रही है। मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हैं।

**लातेहार में भी मुठभेड़, एक नक्सली को लगी गोली**

लातेहार। लोहरदगा-लातेहार के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित सेमरखाड़ के पास मंगलवार की देर रात पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक नक्सली को गोली लगी, जबकि अन्य नक्सली अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। घटना के बाद बुधवार की सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाकर एक हथियार बरामद किया है।

**कई हथियार भी मिले :** पुलिस मुख्यालय ने एक महिला समेत दो नक्सलियों के मारे जाने की पुष्ट की है। उनके पास से कई घातक हथियार भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के जवानों की प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के साथ यह मुठभेड़ हुई। पुलिस को बंसी गांव के समीप जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस सर्च ऑपरेशन पर थी। (शेष पेज 11 पर)

# झारखंड के 8 आइपीएस अधिकारियों को सम्मान

### मतदाता दिवस पर राज्यपाल करेंगे सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के 8 जांबाज आईपीएस अधिकारियों को चुनाव आयोग सम्मानित करेगा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए इन्हें सम्मानित किया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल के द्वारा सभी आईपीएस अफसरों को सम्मानित करेंगे।

चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण निर्वाचन संचालन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है। सम्मान पानेवाले अधिकारी हैं झ सीआरपीएफ के आइजी साकेत कुमार सिंह, आईजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर, आईजी, बोकारो रेंज माइकल राज, झारखंड जगुआर के आइजी अनूप बिरथरे, झारखंड जगुआर के डीआइजी इंद्रजीत महथा, धनंजय कुमार सिंह ( डीआइजी, झारखंड पुलिस), पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन और झारखंड पुलिस के उप समादेष्टा मिथिलेश कुमार।

तीन दशक बाद नक्सलियों के गढ़ में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को ले कर झारखंड की लेडी सिंघम के रूप में चर्चित पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को चुनाव आयोग ने पुरस्कृत करने का फैसला किया है। रीष्मा रमेशन एकमात्र एसपी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग के तरफ से पुरस्कृत किया जा रहा है।

# नामकुम के राजस्वकर्मी के ठिकानों पर रेड

### रांची और बिहार में एक साथ छापा

## एसीबी ने कई भूखंडों के दस्तावेज, मोबाईल बरामद की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के रांची, गुमला और बिहार के औरंगाबाद समेत कई ठिकानों पर बुधवार को एसीबी ने छापेमारी शुरू की है। रांची के टैगोर हिल रोड स्थित राजेश कुमार के निवास स्थान पर भी एसीबी की टीम ने रेड किया है और कागजात खंगाले। इस छापेमारी में अब तक कई भूखंडों के दस्तावेज और कई मोबाईल एसीबी ने बरामद किये हैं। इसके साथ ही एसीबी को कैश पैसे भी मिले हैं। एसीबी की छापेमारी के बाद राजस्व कर्मचारी राजेश को लेकर तरह तरह की चर्चा शुरू हो गई हैं। लोग बताते हैं कि अपने स्ट्रांग कनेक्शन की वजह से राजेश को नामकुम जैसे महत्वपूर्ण अंचल में अंचल निरीक्षक (सीआई) का प्रभार नामकुम सीओ ने दे दिया। अंचल कार्यालय में राजेश की हनक ऐसी है कि उसकी मर्जी के बिना किसी बड़े भूखंड का म्यूटेशन नहीं हो सकता।

**दस्तावेज बनाने वेतन पर रखता था :** राजस्व कर्मचारी होकर भी राजेश स्कॉर्पियों से कार्यालय आता था। वह अपने साथ एक ड्राइवर भी लेकर चलता था। इतना ही नहीं, राजेश ने रिपोर्ट तैयार करने और अंचल से जुड़े अन्य दस्तावेज तैयार करने के लिए दिलीप दास नाम के एक व्यक्ति को वेतन पर रखा था। दिलीप दास का वेतन राजेश खुद अपनी पॉकेट से देता था। राजेश का ड्राइवर जमशेद है जो उसका सबसे बड़ा राजदार है। रांची टाउन अंचल में रहने के दौरान एक वरीय आईपीएस की भूमि के म्यूटेशन को लेकर भी राजेश काफी विवादों में रहा था।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




# आवास बोर्ड ई-लॉटरी से मकान और फ्लैट करेगा आवंटित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने ई-लॉटरी के माध्यम से मकान और फ्लैट का आवंटन करने का फैसला किया है। इसके तहत रांची प्रमंडल के हरमू और अरगोड़ा में मकान और फ्लैट दिये जायेंगे। इसकी सूचना जारी कर दी गयी है। बोर्ड ने सूचना जारी करते कहा है कि ई-लॉटरी के माध्यम से मकान और फ्लैट का आवंटन होगा। भाड़ा सह क्रय के आधार पर 90 वर्षों के लिए पट्टे पर आवंटियों को मकान दिये जायेंगे।

अलग-अलग कैटेगरी के फ्लैट और मकानों के आवंटन के लिए बोर्ड ने कुछ शर्तें भी तय की हैं इन्हें किस वर्ग (सामान्य, दिव्यांग, एससी-एसटी, ओबीसी, ओबीसी-दिव्यांग, रिटायर्ड सरकारी सेवक, सैन्य सेवा से रिटायर, परित्यक्ता, बेसहारा-विधवा) को दिया जायेगा।

**आवेदन शुल्क :** आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्गीय के लिए 1000 रुपये। अल्प आय वर्गीय के लिए 2000 रुपये। मध्यम आय वर्गीय के लिए 2000 रुपये। उच्च आय वर्गीय के लिए 3000 रुपए।

**आवेदन व आवंटन की प्रक्रिया**

ई-लॉटरी के माध्यम से मकान और फ्लैट का आवंटन होगा। भाड़ा सह क्रय के आधार पर 90 वर्षों के लिए पप्ते पर आवंटियों को मकान दिये जायेंगे। मकान, फ्लैट के लिए 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बोर्ड कार्यालय द्वारा जमा किये गये कागजात-आवेदनों की जांच 11 मार्च से 4 अप्रैल तक की जायेगी। औपबंधिक आवेदकों की सूची का प्रकाशन 7 अप्रैल को आयोग की वेबसाइट पर होगा। आवास बोर्ड के प्रांगण में ऑनलाइन लॉटरी का आयोजन 9 अप्रैल को होगा। विशेष जानकारी के लिए बोर्ड कार्यालय से कार्यपालक अभियंता से संपर्क किया जा सकता है। जिन आवेदकों को आवासीय इकाई, फ्लैट का आवंटन नहीं हो सकेगा, उनकी जमा राशि ब्याज रहित वापस कर दी जायेगी।

**मकान और फ्लैट की कीमतें**

- ईडब्ल्यूएस ब्लॉक 7, हरमू में 15 यूनिट (सुपर बिल्ड अप एरिया 450-455 वर्ग फीट तक) - करीब 15-16 लाख रुपये तक।
- एलएफ फ्लैट (298 वर्ग फीट) हरमू में 47 यूनिट - करीब 9 लाख रुपये। एलआइजी कैटेगरी के 25 यूनिट (573 वर्ग फीट से 754 वर्ग फीट तक) हरमू और अरगोड़ा में - 28 लाख से 32 लाख रुपये तक। एमआइजी कैटेगरी के फ्लैट (915 वर्ग फीट से 1145 वर्ग फीट तक) - 39 लाख से 53 लाख रुपये तक। एचआईजी (उच्च आय वर्गीय) फ्लैट (ब्लॉक 1- अरगोड़ा, ब्लॉक 2- हरमू, 1319-1650 वर्ग फीट) - 60 लाख से 65 लाख रुपये तक।

# सीजीएल परीक्षा रिजल्ट पर रोक जारी रहेगी

### हाइकोर्ट ने मांगी स्टेट्स रिपोर्ट, अगली सुनवाई 26 मार्च को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित सीजीएल परीक्षा परिणाम जारी करने पर लगी रोक हाईकोर्ट के अगले आदेश तक जारी रहेगी। पेपर लीक मामले की सीबीआइ से जांच की मांग वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश दीपक रौशन की बेंच ने चार सप्ताह के भीतर जांच से जुड़ी स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआइडी के अनुसंधान जारी है। मोबाइल सहित कुछ डिजिटल उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट में चार सप्ताह का समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 मार्च निर्धारित की। कोर्ट ने रिजल्ट पर अगले आदेश तक रोक बरकरार रखा है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा। (शेष पेज 11 पर)

## रिम्स पार्ट टू के निर्माण पर भाजपा ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

# रिम्स-2 से पहले मौजूदा रिम्स की व्यवस्था सुधारे सरकार : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य व्यवस्था और रिम्स की दशा सुधारने की मांग की है। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार रिम्स पार्ट 2 की नींव रखने की बात कर रही है जबकि रिम्स की मौजूदा स्थिति दिन-प्रतिदिन और भी बदतर होती जा रही है। राज्य सरकार को पहले रिम्स की वर्तमान व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना चाहिये। न कि नये प्रोजेक्ट का सब्जबाग दिखाना चाहिये। उन्होंने कहा कि रिम्स की हालत दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। दवाइयां नहीं मिल पातीं, बेड नहीं मिलते और कई जगहों पर मशीनें खराब पड़ी हैं। इसके साथ ही उन्होंने रिम्स में हाल ही में हुई एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना पर भी चिंता जताते हुये कहा कि रिम्स में महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। यह भी आरोप लगाया कि रिम्स में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भी समय पर नहीं मिल पाता है। इससे वहां काम करने वाले कर्मचारियों की स्थिति और भी खराब हो रही है। इसके अलावा, कई सरकारी मशीनें खराब पड़ी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में बैठे कुछ नेताओं ने निजी डाइग्नोस्टिक कंपनियां बना रखी हैं। उनका उद्देश्य रिम्स में अपने उत्पादों की आपूर्ति करना है। यह सब भ्रष्टाचार का खेल है। राज्य सरकार बुनियादी सुविधाएं एवं मैन पावर दुरुस्त करने के बजाय नया खेला करने में जुटी हुई है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को रिम्स-2 के निर्माण के लिए सुकुरहुटू में स्थल निरीक्षण अधिकारियों संग किया था।

मौके पर मीडिया से कहा था कि दो सालों में 700 बेड की क्षमता का रिम्स-2 बनाया जायेगा। इनमें 250 बेड में सुपर स्पेशियलिटी सुविधा मिलेगी। निर्माण पर 1074 करोड़ की लागत आयेगी। डॉ इरफान ने कहा था कि 15 दिनों में रिम्स 2 के लिये डीपीआर तैयार करा लिया जायेग।

## सरना प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत को दिया वार्षिक पूजा का निमंत्रण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा एवं केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित सिरसी गांव में 3 फरवरी को सिरसी-ता-नाले दर्शन यात्रा (वार्षिक पूजा एवं प्रार्थना कार्यक्रम) में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति ने मुख्यमंत्री को मांगों से भी अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ बातचीत के दौरान सरना धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर अपनी मांगों को रखा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री वार्षिक पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर सरना समाज का मान बढ़ायेंगे। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधियों में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रकाश हंस, सचिन कच्छप, मुन्ना उरांव सहित राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, छोटेलाल करमाली, जलेश्वर उरांव, करमा उरांव, बिरसा उरांव, राजेश लिंडा, संदीप उरांव, फुलेश्वर उरांव आदि थे।

## विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर को दी गयी विदायी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर के सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनायें दी है। श्री महतो ने सादे समारोह में श्री हैदर को पुष्पगुच्छ, मोमेंटों व शॉल प्रदान किया। दरअसल, अपर सचिव सह प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर 30 नवंबर 2024 को झारखंड विधानसभा सचिवालय से सेवानिवृत्त हुये थे। इस अवसर को लेकर सभा सचिवालय में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर स्पीकर ने कहा कि सभागार में आपके सहकर्मियों का उपस्थिति यह प्रमाणित कर रही है कि अपने सेवाकाल में आपने अपने व्यवहार कौशल से सभी को साथ लेकर चला है। प्रभारी सचिव माणिक लाल हेमब्रम ने कहा कि सैयद जावेद हैदर के कुशल कार्यक्षमता और सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिये हमेशा जाने गये और उन्होंने सम्पूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से की है। हम सभी उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।

## ईडी कोर्ट पहुंची पूजा सिंघल, सुनवाई टली



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के मामले में ट्रायल फेस कर रहीं आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल बुधवार को ईडी द्वारा जब्त अभिप्रमाणित दस्तावेज का निरीक्षण करने पीएमएलए कोर्ट पहुंचीं लेकिन किसी कारणवश वह दस्तावेज का निरीक्षण नहीं कर पाईं। मामले में वह वर्तमान में ईडी द्वारा जब्त अभिप्रमाणित दस्तावेज का निरीक्षण कर रहीं हैं। इसी मामले में आरोपी सीए सुमन कुमार ने कोर्ट में बैठकर अभिप्रमाणित दस्तावेज का निरीक्षण किया। दस्तावेज निरीक्षण के कारण ईडी की ओर से जारी गवाही नहीं हो पा रही है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 30 जनवरी निर्धारित की है। वहीं, मामले में जेल में बंद बर्खास्त जेई राम बिनोद प्रसाद सिन्हा और शशि प्रकाश की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अदालत में पेश किया गया।

## शैक्षणिक सत्र 2024-25 में ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का विभाग का प्रयास जारी

# झारखंड के 54,130 विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में मिली कामयाबी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में आउट ऑफ स्कूल और ड्रापआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में बड़ी कामयाबी मिली है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 54,130 आउट ऑफ स्कूल/ ड्रापआउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया गया है। सभी जिलों ने लक्ष्य के अनुरूप बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयास में सफलता पायी है।

झारखंड शिक्षा परियोजना परियोजना परिषद को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अबतक 54,130 बच्चों को विद्यालय से जोड़ा गया है। कुल 65,065 लक्षित बच्चों में से अबतक 83.19% को विद्यालय से जोड़ा जा चुका है और उनकी पढ़ाई शुरू हो गयी है। शेष बचे बच्चों को भी विद्यालय से जोड़ने का प्रयास जारी है। इस शैक्षणिक सत्र में शत प्रतिशत लक्षित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।



**पिछले सत्र में जोड़े गये थे 34,608 बच्चे :** वर्ष 2023-24 में 34,608 को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा गया था। वर्ष 2022-23 में 3,930 को शिक्षा से जोड़ा गया था। राज्य कार्यक्रम प्रबंधक बिनीता तिर्की ने बताया कि अधिकांश जिलों में आउट ऑफ स्कूल/ड्राप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के प्रयास में सफलता मिली है। जिन जिलों ने अबतक लक्षित बच्चों को शत प्रतिशत शिक्षा से नहीं जोड़ा है, उन्हें जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। विभाग की कोशिश है कि इस शैक्षणिक वर्ष में भी शत प्रतिशत लक्षित स्टूडेंट्स को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

**शिक्षा विभाग द्वारा लगातार अनुश्रवण :** आउट ऑफ स्कूल/ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का लगातार प्रयास हो रहा है। इसके लिए सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता को बढ़ाने तथा राज्यस्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयों एवं जिलों का निरंतर अनुश्रवण हो रहा है। राज्य के 24 जिलों में 24 राज्यस्तरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में अनुश्रवण दल के पदाधिकारी भ्रमण कर यह सुनि्ित करा रहे हैं कि उनके जिले में शत प्रतिशत शिशु पंजी हो, कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से अलग न रहे।

**प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास और स्कूल रुआर का दिख रहा असर :** स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और उन्हें शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास और स्कूल रुआर कार्यक्रम असरदार साबित हो रहा है। प्रयास कार्यक्रम के तहत स्कूल में छात्रों की अनुपस्थिति को दिवसों के आधार पर चिन्हित किया जाता है। प्रत्येक कक्षा में कक्षा पंजी बनाकर प्रत्येक माह बच्चों का रिकार्ड संधारण किया जाता है। 3 दिन, 15 दिन एवं 30 दिन तक अनुस्पस्थित बच्चों को चिन्हित कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक प्रयास किया जाता है एवं उनकी पूरी विवरणी संधारित की जाती है। इस कार्यक्रम को प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के मापदंडों में भी शामिल किया गया है। अनुपस्थित बच्चों के परिजनों से संपर्क कर बच्चे की पूरी विवरणी, अनुपस्थिति का कारण आदि जांचा जाता है। एसएमसी के सदस्य एवं शिक्षक बच्चे के परिजनों से संपर्क कर बच्चे के अनुपस्थित होने का कारण जानते है और उन्हें शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करते हैं।

## झारखंड को मिला एक और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

**पंडरा के बीणा हॉस्पिटल में ऑर्थो और गायनी के साथ अन्य बीमारियों का इलाज**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में एक और नये सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को शुभारंभ हुआ। हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा सिंह ने बीणा हॉस्पिटल का विधिवत पूजा कर शुभारंभ किया। समाजसेवी और डॉक्टर अमित के पिता सत्यवान सिंह ने इस हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। बताते चलें कि डॉ अमित पीजीआई चंडीगढ़ में अपनी सेवा दे चुके हैं। वह झारखंड के कई अस्पतालों में ऑर्थो से जुड़े जटिल से जटिल ऑपरेशन कर चुके हैं। पंडरा क्षेत्र में इस हॉस्पिटल के खुलने स्थानीय लोगों में काफी खुशी है।

## देवघर में अग्निकांड के पीड़ित दुकानदारों से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# राज्य सरकार पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा और दुकान उपलब्ध कराने की करे पहल : केशव महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मीना बाजार सब्जी मंडी, देवघर में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहुंचकर अग्निकांड में पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की। स्थल निरीक्षण के बाद दुकानदार संघ के अध्यक्ष संतोष शाह एवं अन्य दुकानदारों से वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने राज्य सरकार से अग्निकांड पीड़ित दुकानदारों को तत्काल राहत एवं मुआवजा प्रदान करते हुए दुकान उपलब्ध कराने की मांग की। मालूम हो कि मीना बाजार सब्जी मंडी, देवघर में बीते 13 जनवरी को दो एवं 17 जनवरी को 33 दुकानों में आग लग गई थी। इसमें करोड़ों का समान जल कर नष्ट हो गया था। निरीक्षण के वक्त मीडिया विभाग चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी, हिन्दू न्यास बोर्ड अध्यक्ष जयशंकर पाठक, संजय मुननम, जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश, शानतानु मिश्रा, ईश्वर आनन्द, सुल्तान अहमद और कांग्रेस नेता शामिल थे।

## एनएसयूआई ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के रांची आगमन पर कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष बिनय उरांव के निर्देशानुसार रांची जिला के एनएसयूआई नेता अब्दुल रबनवाज ने बुधवार को अपनी टीम के साथ गुलाम अहमद मीर का स्वागत किया। अब्दुल रबनवाज ने कहा कि मीर साहब के नेतृत्व और प्रतिबद्धता से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है। इस मौके पर आर्यन यादव, महेश, आदिल, आदित्य, कारण, विश्वजीत अमन, प्रियांशु आदि मौजूद थे।



## उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वां नेशनल गेम्स का आयोजन

# 37 में सिर्फ 18 राष्ट्रीय खेलों में झारखंड की भागीदारी चिंतनीय, खेल संघों के साथ होगा मंथन : संदीप कुमार

**38वां नेशनल गेम्स**

- उत्तराखंड नेशनल गेम्स में जानेवाले झारखंड के खिलाड़ियों को दिये गये खेल किट




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खेल निदेशक संदीप कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें नेशनल गेम्स का आयोजन हो रहा है। इसमें 37 खेलों में देशभर के अलग-अलग राज्यों के प्लेयर्स भागीदारी कर रहे हैं पर झारखंड से मात्र 18 खेलों में ही हिस्सा लिया जा रहा है। राज्य सरकार इस विषय पर आनेवाले समय में खेल संघों के साथ जरूर मंथन करेगी और भविष्य में इस तस्वीर को ठीक किया जाएगा। मोरहाबादी मैदान में बुधवार को उत्तराखंड नेशनल गेम्स में जानेवाले झारखंड के खिलाड़ियों को खेल किट (टी शर्ट, ब्लेजर व अन्य) देते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल नीति के मुताबिक सभी सुविधाएं खिलाड़ियों को दे रही है। जरूरत के हिसाब से डिमांड भी पूरी कर रही है। खिलाड़ियों को शुभकामना देते और ढेर सारे पदक जीतने की कामना करते हुए कहा कि झारखंड वापस लौटने पर भी विनर्स का जोरदार स्वागत होगा।

मौके पर साझा के संयुक्त सचिव राज किशोर खाखा, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ के डॉ मधुकांत पाठक, शिवेंद्र दुबे, शेखर बोस, शिव कुमार पांडेय, इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर रही सुमराय टेटे, हॉकी झारखंड के बिजय शंकर सिंह, रजनीश, मनोज कोनबेगी, कोच आशु भाटिया, अजय झा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### इन खेलों में भागीदारी

झारखंड से कुल 18 गेम्स में प्लेयर्स उत्तराखंड नेशनल गेम्स में 118 पदकों के लिए ताल ठोकेंगे। 95 पुरुष प्लेयर्स और 76 महिला प्लेयर्स सहित 18 मैनेजर और 24 कोच भी शामिल होंगे। झारखंड की ओर से एक्वेटिक्स, आर्चरी, एथलेटिक्स, बीच हैंडबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, हॉकी, जुडो, लॉन बॉल, मलखंब, मॉडर्न पैंथालॉन, शूटिंग, स्क्वैश, ट्रायथलन, कुश्ती और वुशु जैसे खेलों में भागीदारी होनी है।

### चयन न होने पर कमियों को करें दूर : मधुकांत

मधुकांत पाठक ने कहा कि अभी जितनी टीम और प्लेयर्स उत्तराखंड जा रहे हैं, उससे बेहतर हो सकता था। 25 साल पुराने और युवा झारखंड जैसे राज्य में अलग-अलग तीन दर्जन खेल संघ हैं। बावजूद इसके 5-6 संघों को छोड़ दें तो वे क्या कर रहे हैं, दिखता नहीं। अभी झारखंड टीम में कई प्लेयर्स वाइल्ड कार्ड से आये हैं। जनता भी एक- एक पैसे का हिसाब जानना चाहती है कि आखिर उनके पैसों से कितने खेल आयोजन हो रहे हैं, कितने योग्य प्लेयर्स तैयार किये जा रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि जेओए का काम प्लेयर्स चयन का नहीं होता। उसके लिए चयन समिति होती है। शूटिंग के लिए जेओए के आरके आनंद (पूर्व सांसद) तक के पास फोन जाता है कि इस खिलाड़ी को चुन लिया जाए। हमेशा ओपन ट्रायल और परफॉर्मेंस के आधार पर ही किसी खिलाड़ी का चयन होता है। जिनका चयन किसी कारण से नहीं हुआ, वे खुद पर फोकस कर कमियों को ठीक करें और भविष्य के लिए नजर रखें। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को झारखंड का ब्रांड अंबेसडर बताते कहा कि उत्तराखंड में वे शानदार परफॉर्मेंस दिखाएं।

## स्कीपा को मिला क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए 9001-2015

# श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को मिला आइएसओ प्रमाण पत्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के मेयर्स रोड स्थित प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को उत्कृष्ट मैनेजमेंट के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। आईएसओ के ये तीनों प्रमाण पत्र दिनांक 17 जनवरी 2025 को प्राप्त हुये हैं। आईएसओ सर्टिफिकेट देने वाली संस्था क्वालिटी रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन द्वारा श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान का मूल्यांकन किया गया। इसमें संस्थान को इन तीनों प्रमाण पत्रों के अनुरूप पाया गया। झारखंड के लिये हर्ष की बात है कि संस्थान को एक साथ आईएसओ के तीन प्रमाण पत्र प्राप्त हुये हैं। संस्थान द्वारा लोक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर कर रहे अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने, मानिकीकरण, पारदर्शिता, पाठ्यक्रम के मानक को उच्चतर बनाने के साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आईएसओ 9001- 2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, विशिष्ट गुणवत्ता प्रबंधन नवाजा गया। एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन मैनेजमेंट के लिए से कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को आईएसओ 21001-2018 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण शैली, विशाल पुस्तक संग्रह के माध्यम से गुणवत्तापरक परिणाम देने एवं बेहतरीन पाठ्यक्रम उपलब्ध करने के लिए दिया गया है।संस्थान द्वारा एक, दो एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं। समय-समय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्य क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए मिड कॅरियर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहे हैं।

**एनवॉयर्नमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के लिए 14001-2015 का मिला प्रमाण पत्र :** श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को बेहतरीन वातावरण प्रबंधन उपलब्ध करने के लिये 14001- 2015 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान में ऊर्जा एवं पानी की बचत, बेहतरीन कचरा प्रबंधन के माध्यम से वातावरण प्रबंधन के लिए किये गये कार्यों और संस्थान परिसर में प्रदूषण रहित वातावरण के लिए प्रमाण पत्र से नवाजा गया है।

स्पीड न्यूज



### पूर्व डिप्टी सीएम सुधीर महतो की पुण्यतिथि मनी

**जमशेदपु।** कदमा स्थित निर्मल महतो स्टेडियम में झामुमो नेताओं ने झारखंड के भूतपूर्व उप मुख्यमंत्री सुधीर महतो की पुण्यतिथि मनायी। मौके पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, फनी भूषण महतो समेत कई जेएमएम नेता उपस्थित थे। मौके पर दिवंगत नेता को याद कर झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को याद किया गया।

### कांग्रेस नेता के भाई संतोष के शव का हुआ पोस्टमार्टम

**जमशेदपुर।** विगत दिनों कांग्रेस नेता के भाई संतोष सिंह का मानगो गुरुद्वारा रोड में गोली मार हत्या कर दी गयी थी। बुधवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम पुलिस के द्वारा करवाया गया। रिपोर्ट आने पर हत्याकांड से जुड़े पहलुओं के उजागर होने की उम्मीद है।

### वीडियो वायरल मामले में चार गिरफ्तार, जेल

**जादूगोड़ा।** युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीड़ित के पिता के बयान पर चार युवकों को गिरफ्तार कर घाटशिला जेल भेज दिया। मामले में धीरज कुमार व जितेंद्र भक्त (भुरकाडीह) समेत दो अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

### आजसू केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो गये जेल



**चांडिल।** बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो को एक पुराना मामला में जेल भेज दिया। हरेलाल नीमडीह थाना के एक पुराने मामले में बेल लेने न्यायालय गये थे। इसमें तो उन्हें बेल मिल गयी लेकिन तिरुलडीह थाना के एक पुराने मामले में उन्हें न्यायालय ने जेल भेज दिया।

### उत्पातियों ने ऑटो चालक और महिला को पीटा

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना के समीप बुधवार को ऑटो में सवार होकर किसी कार्यक्रम में भाग लेने जा रही शर्मा बस्ती की कुछ महिलाओं के साथ स्थानीय कुछ उत्पाती युवकों द्वारा मारपीट की गयी। बताया गया है कि उन महिलाओं को लेकर जा रहे ऑटो चालक के साथ उन उत्पाती युवकों की बहस हो गयी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने बीच सड़क पर ही ऑटो चालक और ऑटो में सवार महिलाओं की पिटाई शुरू कर दी।

### सरायकेला में आकांक्षी जिला-प्रखंड की समीक्षा

**सरायकेला।** सरायकेला में आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। मौके पर उपायुक्त ने नीति आयोग की ओर से निर्धारित पांच आयाम स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि-जल संसाधन, वित्तीय समावेशन -कौशल विकास व बुनियादी ढ़ांचा के तहत जिला एवं प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने प्रथम एएनसी चेक अप शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। वहीं गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में कुपोषित बच्चों का सही से डाटा एंट्री करने, कुपोषण को दूर करने के लिए मिलकर कार्य करने का निर्देश समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।

### जय बापू जय भीम पदयात्रा का आयोजन

**जमशेदपुर।** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जन चेतना पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अतुल गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत जय बापू जय भीम जय संविधान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ गोलमुरी प्रखंड के बारीडीह चौक से हुआ।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स प्रबंधन एवं यूनियन के परस्पर सहयोग से प्लांट के अंदर की समस्याएं दूर करने तथा सौहार्दपूर्ण औद्योगिक वातावरण कायम करने के लिए जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, कोषाध्यक्ष एम के सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, संयुक्त महामंत्री हरदीप सिंह सैनी, संयुक्त महामंत्री अजय भगत, उपाध्यक्ष शिवनारायण सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा शामिल हैं। इसके साथ एपेक्स लेबल कमेटी का भी गठन किया गया है। जो निम्न है :

- प्लांट सेफ्टी कमेटी में मनोज कुमार सिंह, अशोक कुमार, उपाध्याय सिंटू कुमार, रवि जायसवाल, नवीन कुमार, चंद्रकांत सिंह, अरविंद सिंह, प्रदीप दास, दीपक दास।
- मेडिकल एडवाइजरी कमेटी में हरदीप सिंह सैनी, शिव नारायण सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, पवन सिंह, राकेश रोशन दुबे, नवीन कुमार, संतोष जायसवाल।
- प्लांट हेल्थ एंड वैलनेस कमेटी में हरदीप सिंह सैनी, प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक उपाध्याय, मनोज सिंह, नवीन कुमार।
- मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमेटी में अनिल शर्मा, अजय भगत, हरदीप सिंह सैनी, अमित कुमार, प्रदीप दास, मनोज शर्मा।
- जनरल वेलफेयर कमेटी में अनिल कुमार शर्मा, विनोद शर्मा, शिवनारायण सिंह, पवन सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा।
- कैंटीन मैनेजिंग कमेटी में मनोज सिंह, अजय भगत, शिवनारायण सिंह, प्रवीण कुमार, प्रदीप दास, नवीन कुमार।
- इंप्लाई बस ट्रांसपोर्ट कमेटी में मनोज कुमार, अमित कुमार, राकेश रोशन दुबे, पवन सिंह, कामेश्वर शर्मा, भारती रानी।
- लीव बैंक कमेटी में विनोद कुमार शर्मा, एचएस सैनी, प्रकाश विश्वकर्मा। यूनियन प्रतिनिधि के रूप रहेंगे। इसके अलावे 16 जेडीसी जॉइंट डिविजनल काउंसिल कमेटी बनी है जिसमें विभिन्न डिवीजन के कमेटी मेंबर एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। डिवीजन लेवल की सारी समस्या जेडीसी स्तर पर निपटारा करने की योजना बनी है। इसके साथ ही टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में प्रवक्ता के रूप में नवीन सुलंकी, अंजय कुमार एवं दीपक कुमार को मनोनित किया गया है।

## टाटा वर्कर्स यूनियन पहुंची टाटा इलेक्ट्रोनिक्स की टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुधवार को टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधि गौरी, रेनुका एवं भुवन की टीम टाटा वर्कर्स यूनियन कार्यालय पहुंची। टीम के साथ टाटा स्टील के चीफ आईआर एवं रिवार्ड राहुल दुबे भी थे। टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधियों ने यूनियन परिसर में स्थित स्व वीजी गोपाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद कांफ्रेंस रूम में टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक हुई। जिसका संचालन टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने किया। उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों का विस्तृत परिचय टीम से कराया। यूनियन के सह अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने टाटा वर्कर्स यूनियन के कार्यकलापों के बारे में एवं टाटा स्टील में साफ्ट फ्लोर पर कर्मचारी किस तरह से कार्य कर कंपनी को निरंतर प्रगति की ओर ले जाते रहे हैं। इसकी विस्तृत जानकारी टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बेहद सुंदर तरीके से टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधियों को टाटा स्टील कंपनी की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के अधिकारियों ने टाटा वर्कर्स यूनियन के गौरवशाली इतिहास एवं कार्यकलापों के बारे में जानकर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। हमसब मिलकर यहां कि गुणवता को अपने यहां भी अपनाने की प्रयास करेंगे। सभा में टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष संजय सिंह, संजीव तिवारी, राजीव चौधरी, सहायक सचिव नितेष राज, अजय चौधरी, श्याम बाबु, कोषाध्यक्ष अमोद दुबे व अन्य उपस्थित थे। यूनियन के ऑफिस इंचार्ज धर्मबीर सिंह ने टीम को यूनियन कार्यालय एवं वीजी गोपाल हेरिटेज का भ्रमण कराया।

बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बागबेड़ा बड़ौदा घाट में निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे आंदोलनकारी सुबोध झा, बोले

# फरवरी तक पानी देने का वादा था पर जनता को मिल रहा केवल झूठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में समिति के प्रमुख सदस्य गण ने बागबेडा बडौदा घाट में पाइपलाइन पार करने के लिए बनाए गए पाया निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे, समिति के अध्यक्ष एवं इस आंदोलन के आंदोलनकारी सुबोध झा ने कहा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने कहा था, पाया का निर्माण पूरा हो गया है।

पाइपलाइन पाया के ऊपर से आदित्यपुर के तरफ से बड़ौदा घाट के तरफ पार कर गिद्धी झोपड़ी के फिल्टर प्लांट तक 25 जनवरी तक ले जाने का कार्य किया जाएगा। लेकिन 22 जनवरी समाप्त होने जा रहा है, पाया के ऊपर एक भी पाइप को नहीं चढ़ाया गया है, मात्र हर कार्य में झूठा आश्वासन प्राप्त हो रहा है। फरवरी तक पानी देने का वादा किया गया है, न्यायालय में भी झूठ बोला जा रहा है, जनता को भी झूठ बोला जा रहा है।

इस तरह से गुमराह कर जनता के साथ धोखाधड़ी की जा रही है, बागबेडा महानगर विकास समिति की ओर से प्रत्येक बस्तियों में बैठक कर जन जागरण का कार्य चल रहा है। जमशेदपुर से दिल्ली पदयात्रा कर जनता जनार्दन और आंदोलनकारी प्रधानमंत्री से गुहार लगा रहे हैं, कि हम लोगों को गर्मी से पहले पानी प्राप्त हो जाए, लेकिन नतीजा नहीं निकल रहा। बड़ौदा घाट निरीक्षण में सुबोध झा के साथ समिति के संयोजक विनोद राम, विजय शंकर पांडे उमेश राय अशोक पात्रो उमेश कुशवाहा मिश्रीलाल पासवान राजेंद्र सिंह अकलू रजक सोना देवी मालती पूर्ति सुलोचना सिंह अशोक कुमार निरंजन सिंह एवं अन्य समिति के सदस्य गण शामिल थे।



बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना की हकीकत जानने पहुंचे लोग।

## एक नजर में

### प्राप्त शिकायतों पर होगी विधिसम्मत कार्रवाई



**जमशेदपुर।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड के निर्देश पर बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक एवं उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम माईकल जॉन ऑडिटोरियम, बिष्टुपुर तथा प्रखंड सभागार, घाटशिला में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न थानों से आये लोगों की शिकायत संबंधी आवेदन आये, जिनका संज्ञान लेते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### 7. शिक्षित बेरोजगार मंगला हाट दुकानदार संघ का वनभोज, दुकानदारों ने ली स्वच्छता की शपथ



**जमशेदपुर।** शिक्षित बेरोजगार मंगला हाट दुकानदार संघ का वन भोज बुधवार को डिमना डैम प्रांगण में हुआ। मौके पर संघ के अध्यक्ष शाही आदिल ने दुकानदारों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। दुकानदारों ने शपथ लिया कि वह अपने घर और अपने कार्य स्थल को हमेशा स्वच्छ रखेंगे। वनभोज में विनोद कुमार, शेख अख्तर, राजन सिंह, मिथुन, मुर्शिद, लाड़ला, भोलू, पप्पू, रफी आलम, रिंकी, सलीम, असगर मो अकबर, प्रमोद व कई दुकानदार थे।

### सुभाष युवा मंच 23 को मनायेगा स्थापना दिवस



**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस के विचार पर समर्पित संस्था सुभाष युवा मंच का 21वां स्थापना दिवस 23 जनवरी को धूम धाम से बागबेड़ा ट्रैफिक कॉलोनी में मनाया जायेगा। सुभाष युवा मंच के अध्यक्ष पारसनाथ मिश्र ने सुभाष चंद्र बोस से प्रेरित होकर 20 वर्ष पहले अपने साथियों के साथ मिल कर संस्था का स्थापना किया था। वह अपने साथियों के साथ मिल कर 21 वर्षों से विभिन्न माध्यमों से समर्पित भाव से समाज हित में कार्य कर रहे हैं। पारसनाथ मिश्र ने अभी तक 31 कन्याओं का विवाह भाई की तरह किया है। पारस नाथ मिश्र वैसे कन्या जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होती है उन्हें शादी में पूरी मदद करते है और अपनी पूरी टीम के साथ कन्या के पाने भाई की तरह विदाई तक पूरा साथ देते हैं।

### शिव मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा



**गम्हरिया।** बड़ा गम्हरिया के बांकापाड़ा स्थित शिव मंदिर में बुधवार को बजरंगबली की भव्य प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा किया गया। मौके पर प्रात:काल में सर्वप्रथम स्थानीय शिव बांध से कलश में जल भरकर गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर पहुंच पुजारी गणेश मुखर्जी ने पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-पाठ कर कलश को संकल्पित कराया। तत्पश्चात, विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन यज्ञ कर बजरंगबली की प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा दी गयी। मौके पर श्रद्धालुओं व ग्रामीणों के बीच भोग वितरण भी किया गया। मौके पर कृष्णा केडिया, परितोष बेज, लोटन मुखर्जी, प्रवीर दास, जयंतो दास, विष्णु मोरल, आशुतोष बेज, श्याम सुंदर मोरल आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कांड्रा में रामलला की भव्य झांकी



**गम्हरिया।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कांड्रा में भक्त श्रद्धालुओं द्वारा भव्य झांकी निकाली गयी। बाजार परिसर स्थित हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यह झांकी कांड्रा बाजार, स्टेशन चौक, भारत पेट्रोलियम पंप चौक, एसकेजी कॉलोनी आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर हनुमान मंदिर पुन: पहुंच कर संपन्न हुई। इस मौके पर उंक्त हनुमान मंदिर समेत क्षेत्र में स्थित विभिन्न प्रमुख मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस झांकी सह पूजनोत्सव में काफी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे व अन्य रामभक्त शामिल हुए। इस दौरान राम नाम के जयकारों से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। आयोजन में हनुमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनोद रजक, सचिव विजय साव, देवनाथ साव, अतुल शुक्ला, मोनू गुप्ता, सुनीता प्रमाणिक, सुरभि घोष, समृद्धि राजकुमार, खुशी कुमारी, संगीता शुक्ला, मनीषा वार्ष्णेय, माया देवी, शिवानी हाजरा, रूपा दत्ता, सारिका गुप्ता, मोनी देवी, ममता देवी का योगदान रहा।

### जमशेदपुर कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज में नेताजी के जीवन संस्मरणों को प्रस्तुत कर किया गया याद



**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर शहर में कई आयोजन हुए। जमशेदपुर कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज में भी नेताजी की स्मृति में कार्यक्रम कर उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। प्रो संजीव बिरुली ने नेताजी के जीवनी को याद करते हुए उपस्थित छात्र छात्राओं को नेताजी के जीवन के संस्मरण प्रस्तुत करने को आमंत्रित किया। इस दौरान छात्रों ने नेताजी के जन्म, युवावस्था में कलकत्ता और ब्रिटेन जाकर शिक्षा ग्रहण करने, इंडियन सिविल सर्विस परीक्षा में चौथा रैंक लाने, फिर अंग्रेजों के खिलाफ देश के आजादी की लड़ाई में भाग लेने हेतु इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा देने, स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं के साथ मिलकर काम किया था।

## अपनी लगातार दूसरी क्लीन शीट के लिए हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी जमशेदपुर एफसी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**हैदराबाद / जमशेदपुर।** गुरुवार की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में जमशेदपुर एफसी हैदराबाद में हैदराबाद एफसी से भिड़ेगा। मेजबान टीम का लक्ष्य रेड माइनर्स के हाथों पिछले चार मैचों में हार के सिलसिले को खत्म करना होगा। वहीं, जमशेदपुर एफसी लगातार दूसरी अवे क्लीन शीट हासिल करना चाहेगी और साथ ही लीग डबल पूरा करने का इरादा भी होगा। इस सीजन के पहले मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने हैदराबाद एफसी को 2-1 से हराया था। हैदराबाद एफसी 16 मैचों में दो जीत, चार ड्रा और दस हार से 10 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। वही जमशेदपुर एफसी 15 मैचों में नौ जीत, एक ड्रा और पांच हार से 28 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। रेड माइनर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में तीन जीते हैं और एक ड्रा खेला है जबकि हैदराबाद को अपने पिछले पांच मैचों में जीत नहीं मिली है लेकिन तीन ड्रा खेले हैं।

## न्यूवोको विस्टास ने 2025 के तीसरी तिमाही में दर्ज की 16% बिक्री वृद्धि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

NUVOCO
Shaping a new world

**जमशेदपुर।** भारत की अग्रणी बिल्डिंग मटीरियल्स कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी ने अपनी कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री में 16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज कर 4.7 मिलियन टन (एमएमटी) का आंकड़ा छू लिया। इस अवधि में संचालन से कंपनी की कुल आय 2,409 करोड़ रुपए रही, जबकि कंसोलिडेटेड एबिटडा 258 करोड़ रुपए रहा। वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के सफल अधिग्रहण से कंपनी अपनी क्षमता 31 एमएमटीपीए तक बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है। वीसीएल के अंतर्गत कच्छ में 3.5 एमएमटीपीए क्लिंकर यूनिट और सूरत में 6 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट शामिल हैं, जो कंपनी के विकास को नई दिशा देगा। कंपनी ने ऑपरेशनल दक्षता पर जोर देते हुए बिजली और ईंधन लागत को न्यूनतम बनाए रखा, जो 1.45 प्रति मैक कलोरी रही। आरएमएक्स और एमबीएम व्यवसायों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, न्युवोको ने उद्योग में सबसे कम कार्बन उत्सर्जन का मानक स्थापित किया, जो प्रति टन सीमेंट उत्पादन पर 457 किलोग्राम सीओ2 है। इस संबंध में मैनेजिंग डायरेक्टर, जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि हमने मांग का लाभ उठाते हुए मजबूत बिक्री वृद्धि दर्ज की है। पश्चिमी भारत में विस्तार और रणनीतिक प्राथमिकताओं से कंपनी की स्थिति और मजबूत होगी।

## केरला पब्लिक स्कूल कदमा ने मनाया वार्षिक स्नातक समारोह 2024-25

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** कदमा 2024-25 के निवर्तमान बैच के लिए वार्षिक स्नातक समारोह मंगलवार को केरला पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल मिश्रा के पास ऑपरेशन विजय, पराक्रम, रक्षक और हिफाजत का असाधारण अनुभव है। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान के आशीर्वाद की प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद सम्मानित मुख्य अतिथि के सम्मान में एक मधुर स्वागत गीत गाया गया। समारोह का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव मिश्रा ने केरल पब्लिक स्कूल के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में औपचारिक दीप प्रज्वलित करके किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिला मुखर्जी ने छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों में जिम्मेदारी, लचीलापन और उत्कृष्टता को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए एक प्रेरक संबोधन के साथ शाम की शुरुआत की।

## जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चे किये गये पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**गम्हरिया।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की गयी। सरायकेला के संत फ्रांसिस स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा ने किया। मिश्रा ने कहा कि खेल टीम भावना को विकसित करता है। साथ ही समाज मे भेदभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ जीवन के लिए खेल जरूरी है। कहा कि दिव्यांग बच्चों में विशेष क्षमता निखारने की जरूरत है। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें खरसावां एवं कुचाई प्रखंड से आये बच्चियों ने नृत्य कर सभी को मोहित किया। कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर बौद्धिक क्षमता से ग्रसित दिव्यांग भोला मंडल, जो स्पेशल ओलंपिक के राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की बिष्टुपुर में नयी शाखा का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जेआरजी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार के कर कमलों द्वारा बिष्टुपुर, आउटर सर्किल रोड, जी एस टी भवन के समीप किया गया। बिष्टुपुर में नई शाखा खोलने का उद्देश्य क्षेत्र के शहरी ग्राहकों को सुलभ और बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक जहां एक ओर केसीसी, स्वयं सहायता समूह, कृषि आदि संबद्ध गतिविधियां, उद्यमी दीदी के माध्यम से झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र तक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है वहीं शहरी क्षेत्र में विभिन्न ऋण योजनाओं के साथ अपनी प्रबल उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

गणमान्य अतिथियों को संबोधित करते हुए श्री बरियार ने कहा कि बिष्टुपुर शाखा झारखंड में जे आर जी बैंक की 446वीं तथा सिंहभूम क्षेत्र की 82वीं शाखा है। बैंक का प्रधान कार्यालय रांची में स्थित है और यह झारखंड प्रदेश में तीसरा सबसे बड़ा बैंक है एवं राज्य के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है क इस वित्तीय वर्ष में बैंक की 5 शाखाएं खुलनी थी जिसमें बिष्टुपुर पहली शाखा है। बाकी 4 शाखाएं भी शीघ्र ही खोली जायेंगी। हमारे पास 75 लाख ग्राहक है, डिपॉजिट 10800 करोड़ एवं 6500 करोड़ का ऋण पोर्टफोलियो है। ग्रामीण बैंक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है, किसानों व कामगारों को न्यूनतम दर पर ऋण उपलब्ध कराना तथा प्राथमिक क्षेत्र में 75% ऋण प्रदान करना है। प्राथमिक क्षेत्र में सरकार का ऋण वितरण पर विशेष ध्यान रहता है जैसे मुद्रा योजना, छात्रों के लिए शिक्षा ऋण, होम लोन इत्यादि।

सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं जिनमें कोई सिक्योरिटी नहीं लगता है जिसे सीजीएफएमयू कहते हैं जिसकी ऋण सीमा को बढ़ाकर 10 से 20 लाख कर दिया गया है। महिलाओं के उत्थान के लिए स्टैंड अप इंडिया योजना है जिसके अंतर्गत आज ऋण भी वितरित किया गया है, पी एम एफ एम ई के अंतर्गत भी ऋण वितरित किया गया है। आज की तारीख में हमारे बैंक के पास हर बैंकिंग उत्पाद उपलब्ध है जो कि बहुत ही प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर ग्राहकों को उपलब्ध कराते हैं व महिलाओं के लिए विशेष छूट भी देते हैं। इसके अलावा सरकार के 3 महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में हमारा प्रदर्शन उत्कृष्ट है। अटल पेंशन योजना में तो हम अखिल भारतीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हैं। आज की तारीख में 90 हजार महिला समूह हमसे जुड़ा हुआ है और हमारा बैंक उनके आर्थिक उत्थान के लिए कृत संकल्पित है।

# शहर थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आईजी व एसपी ने किया उद्घाटन

- कई छोटे मामलों का ऑन स्पॉट किया गया निष्पादन
- जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से पुलिस जनता के बीच बढ़ रही नजदीकियां : आईजी सुनील भाष्कर
- जन शिकायत कार्यक्रम में अपराध से ज्यादा जमीनी विवाद आ रहे हैं : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीजीपी के निर्देश पर पूरे झारखंड के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे चरण में पलामू जिला के हुसैनाबाद, छतरपुर, विश्रामपुर, पांकी पुलिस अनुमंडल समेत सदर अनुमंडल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय के शहर थाना परिसर में सदर अनुमंडल क्षेत्र का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उदघाटन आईजी सुनील भाष्कर एवं एसपी रीष्मा रमेसन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में सतबरवा, सदर, चैनपुर, रामगढ़, पाटन , पंडवा, नावा जयपुर के अलावे शहरी क्षेत्र की जनता अपनी शिकायत लेकर शहर थाना में पहुंचकर अधिकारियों से फरियाद सुनाया। जिस पर अधिकारियों ने पूरी संजीदगी के साथ उनकी समस्याओं को सुनते हुए कुछेक समस्याओं का समाधान ऑन स्पॉट किया गया। साथ ही कुछ समस्याओं को जांच कर त्वरित गति से समाधान किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर आईजी सुनील भाष्कर ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से पुलिस व जनता के बीच की दूरी को भरते हुए नजदीकियां बढ़ रही है। जिसके फलस्वरूप आम जनता भयमुक्त होकर पुलिस के समक्ष पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जनता के लिए जहां एक ओर उपयोगी है वहीं पुलिस के लिए भी यह कार्यक्रम काफी लाभदायक है।


दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते आइजी और एसपी व अन्य।

## क्या बोलीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि शहर थाना में आयोजित कार्यक्रम में कुल 31 मामले आये हैं। जिसमें सर्वाधिक सिविल से संबंधित जमीनी विवाद का है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराध के मामले काफी कम आये हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण पर विशेष निर्देश दिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप अपराधिक मामले जिले में कम हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से जनता को काफी लाभ मिल रहा है। इस मौके पर एएसपी ऑपरेशन राकेश सिंह, एएसपी दिव्यांश शुक्ला, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, चैनपुर अंचल पुलिस इंस्पेक्टर जीतराम महली, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, यातायात प्रभारी समाल अहमद समेत कई पदाधिकारी व पुलिसकर्मी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि चालीस लाख रूपये धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।

## स्पीड न्यूज

### एसपी रीष्मा रमेशन को मिला पलामू में शांतिपूर्ण चुनाव कराने का पुरस्कार



**मेदिनीनगर।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। वह राज्य से यह पुरस्कार पाने वाली एकमात्र एसपी हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और कर्तव्य समर्पण ने चुनाव प्रक्रिया को सुरक्षित बनायी। उन्हें 25 को राज्यपाल झारखंड पुरस्कृत करेंगे।

### पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास



**मोहम्मदगंज पलामू।** जिला पार्षद अंजू देवी की पहल पर 15वें वित्त योजना मद से प्रखंड के लटपौरी पंचायत के गजरही मोड़ के पास पुलिया निर्माण कार्य शिलान्यास पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह ने किया। मौके पर मुखिया उमेश राम, श्रीकांत पासवान, पुटू राम, रामजी राम, विजय पासवान, बसंत साव आदि थे।

### पांडू में लगा प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला



**पांडू पलामू।** स्वास्थ्य केंद्र पांडू के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 2025 लगा। इसका उद्घाटन पांडू जिला पार्षद मीना देवी, प्रमुख नीतू सिंह, पांडू रणवीर कुमार, मुखिया प्रियंका सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने किया। इस मेला में दर्जनों स्टॉल लगे थे। जिसमें 734 मरीजों को चेक कर दवा दिया। डॉ राजेंद्र ने बताया कि जिसका इलाज पांडू में संभव नहीं है, वैसे मरीज का कैंप में इलाज किया जायेगा।

### मुखिया श्रवण ने बेनिकला में बांटे कपड़े



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखंड के बेनिकला पंचायत के मुखिया श्रवण राम ने पंचायत के बेनिकला सिढ़ापर आंगनबाड़ी केंद्र पर विभाग से आवंटित गरम कपड़े व पौष्टिक आहार बांटा। कहा कि सरकार नन्हे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कटिबद्ध है। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### चैनपुर में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला



**चैनपुर पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 2025 लगा। इसका उद्घाटन चैनपुर उत्तरी जिला पार्षद रामलव चौरसिया, प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, बीडीओ प्रदीप दास, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ चमन कुमार ने किया। इसमें दर्जनों स्टॉल लगे थे। जिसमें मरीजों की जांच कर दवा दी। डॉ राजेंद्र ने बताया कि जिसका इलाज पांडू में संभव नहीं है। वैसे मरीज इसका लाभ उठायें। मौके पर डॉ नसीम, डॉ एसके सुधांशु, डॉ राकेश, डॉ राजेश, डॉ अभिषेक बंटी, डॉ अरूण कुमार, डॉ राकेश सिंह भी थे।

### स्वास्थ्य केंद्र में कल लगेगा हेल्थ कैंप



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 जनवरी को स्वास्थ्य शिविर लगेगा, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी विशेष स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी जायेगी। उक्त बातें चिकित्सा प्रभारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि विभिन्न बीमारियों की जांच कर उचित इलाज किया जायेगा। साथ ही लोगों से अपील की गयी है कि स्वास्थ्य शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेकर मुफ़्त स्वास्थ्य का लाभ उठायें।

### हर हाल में होगा समाधान : श्रीराम शर्मा




**मेदिनीनगर/ चैनपुर।** शहर थाना में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम किया गया। जहां पांच मामले सामने आये। लोगों ने समस्या संबंधित आवेदन दिये। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि लोगों की समस्या से संबंधित आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। लोगों की हर समस्याओं का हर हाल में समाधान किया जायेगा। ताकि लोगों का विश्वास बढ़ सके।

### बिश्रामपुर में शिकायत समाधान कार्यक्रम




**विश्रामपुर (पलामू)।** पुलिस अनुमंडलीय थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान का जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान का प्रयास हुआ। कार्यक्रम में एसडीपीओ आलोक टूटी, पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, एसआई दिप नारायण, शिवनाथ रंजन व कई पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। अध्यक्षता एसडीपीओ व संचालन थाना प्रभारी ने किया। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू किया गया यह जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ज्यादा लाभकारी है। मौके पर रवींद्रनाथ उपाध्याय, राजन पांडेय, अमित पांडेय, प्रदीप दुबे, बलराम दास, बिनोद राम, असरफी राम भी थे।

### शिक्षाविद की पुण्यतिथि पर स्वर्वेद पाठ



**छतरपुर पलामू।** विहंगम योग संस्थान शाखा छतरपुर ने अध्यात्म की आत्मा स्वर्वेद का अखंड पाठ प्रारंभ अखंड दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दो दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक एवं संस्थान के पलामू जिले के पूर्णकालिक प्रचारक उपदेष्टा राजेश भारद्वाज ने बताया कि स्वर्वेद का अखंड पाठ 17 घंटे तक अनवरत चलेगा। इसके समापन के बाद 23 को प्रातः 10 बजे से एकल कुंडीय विश्व शांति वैदिक हवन यज्ञ प्रारंभ होगा, जिसमें काशी वाराणसी में बन रहे विश्व के सबसे महानतम 20000 से भी ज्यादा साधकों को साधना के लिए स्वर्वेद को समर्पित स्वर्वेद महामंदिर धाम उमरहा के यज्ञ पुरोहित राजाराम जी हवन यज्ञ संपन्न करायेंगे।

विधायक आलोक चौरसिया ने तीन सड़क सुदृढ़ीकरण और एक एमपीसी सेंटर का किया शिलान्यास, बोले

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का कर रहे हैं प्रयास


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में तीन सड़क सुदृढ़ीकरण योजना एवं एक एमपीसी सेंटर की आधारशिला रखी। सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत होगा। वहीं एमपीसी सेंटर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आदिम जनजातियों के विकास के लिए बनाया जायेगा। विधायक आलोक ने चोरहट से पंचायत भवन होते हुए शिव मंदिर पुल तक पथ सुदृढीकरण कार्य का शिलान्यास किया। 0.490 किलोमीटर सड़क का निर्माण यहां किया जायेगा। इसी तरह विधायक के द्वारा रामगढ़ (उलडंडा) में कुंडपानी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य का शिलान्यास किया। 15.350 किलोमीटर सड़क यहां बनायी जायेगी। विधायक के द्वारा रामगढ़ कुंडपानी रोड से आदर तक पथ सुदृढीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। 3.00 किलोमीटर सड़क का निर्माण यहां पर होगा। विधायक ने चोरहट में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आदिम जनजाति के विकास के लिए बहुदेशीय केंद्र (एमपीसी) सेंटर की आधारशिला रखी। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि लगातार तीसरी बार डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद देकर विधानसभा में भेजने का कार्य किया है। लोगों की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा है। बताया कि रामगढ़ से एक नयी सड़क बनने जा रही है, जो बरवाडीह सीमा तक बनेगी। उन्होंने कहा कि सड़क समेत जरूरी निर्माण कार्य पूरा करके क्षेत्र का विकास करने की कोशिश की जा रही है। मौके पर मनोज मेहता, रामकरेश चौरसिया, भीष्म चौरसिया, अरूण पांडेय, छोटन सिंह, दिनेश यादव, संजू चौरसिया भी थे।


आधारशिला रखते विधायक आलोक चौरसिया व अन्य।

# विधायक ने की कार्यकर्ताओं के साथ मंथन, गठबंधन के लोग हुए शामिल

- विकास की नयी दिशा देने पर बनी साझा सहमति
- विधानसभा सत्र से पूर्व क्षेत्र के लोगों की समस्याओं पर फोकस किया गया
- साझा रणनीति से जनसमस्याओं के समाधान प्राथमिकता, काम करने में विश्वास : संजय सिंह यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** महागठबंधन के नेताओ एवं अपने कार्यकताओं के साझा रणनीति से प्रथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं को दूर करूंगा, मैं काम किया और काम करूंगा बात बनाना मेरा काम नहीं है। जनता ने जिस आशा और विश्वास से मुझे अपार समर्थन से जिताया हैं उनका सम्मान कभी झुकने नही दूंगा । यह बैठक आगामी विधानसभा सत्र को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओ और महागठबंधन के नेताओं से साझा जानकारी के उद्देश्य से की गई हैं ताकि क्षेत्र की अलग अलग प्रमुख समस्याओं को एकत्रित कर प्रथमिकता के आधार पर करने के लिए जानकारी के लिए बुलाया गया हैं। उक्त बातें हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने शहर के पुरन्दर विगहा स्थित फार्म हाऊस में महागठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। आगे उन्होंने कहा कि यह बैठक चुनाव जीतने के बाद अपने गठबंधन व राजद के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओ की पहली बैठक हैं जिसका उद्देश्य था कि सबकी समस्याओं पर साझा विचार बने और हमलोग क्षेत्र में समस्याओं के प्रति काम कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि राजद की महा सदस्यता अभियान भी चल रहा सभी प्रखण्ड अध्यक्ष एवं पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में नए एवं पुराने सदस्यों को जोड़े और मिल जुल कर संगठन को मजबूत बनाएं। मौके महागठबंधन के कई नेताओं ने अपने व्यक्तव्य में महागठबंधन की हेमन्त सरकार द्वरा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं में विचौलियागिरी पर अंकुश लगाने व ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद व्यक्तियों को उसकी योजना की लाभ हो।

## मार्ग अवरुद्ध होने के खिलाफ कादलकुर्मी के लोग गोलबंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** रेलवे थर्ड लाइन निर्माण के कारण आवागमन बंद हो जाने से प्रभावित प्रखंड के कादलकुर्मी गांव के ग्रामीणों ने आवागमन की सुविधा प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग को लेकर पंचायत के मुखिया अनिता देवी ने कंस्ट्रक्शन कम्पनी अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए पत्र लिखी है, जिसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद, सीओ मोहम्मदगंज, रेल सुरक्षा बल पोस्ट जपला को भी दी है।



बुधवार को प्रभावित ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर आवागमन के लिए सड़क की मांग को लेकर विरोध प्रकट किया और सड़क मांग के नारे भी लगाये। ग्रामीणों ने कहा कि कादल कुर्मी गांव के रेलवे फाटक से लेकर तरेंद्र सिंह के घर से होकर मेन रोड तक वर्षों से ग्रामीणों का आवागमन होता रहा है, थर्ड लाइन निर्माण कार्य के कारण आवागमन पूर्णतः बंद हो गया है।

## आरसीआईटी कॉलेज में शैक्षणिक भ्रमण पर आये छात्र, हासिल की तकनीकी शिक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज में कुंभी स्तरोन्नत उच्च विधालय के छात्र वोकेशनल एजुकेशन के तहत बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण पर आये। रांची के वेंचर स्किल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में आयोजित शैक्षणिक भ्रमण पर आये छात्रों ने इंजीनियरिंग फैकल्टी में जाकर विभिन्न प्रकार की तकनीकी शिक्षा हासिल की। इसके अलावा बच्चों ने चार पहिया वाहनों के निर्माण की तकनीक के बारे में भी पूरी जानकारी ली। विभागाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बच्चों को तकनीकी शिक्षा की कई अहम जानकारी दी। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों के साथ आये वोकेशन ट्रेनर रवि कुमार ने बताया कि बच्चों में तकनीकी शिक्षा विकसित करने के उद्देश्य से इस वोकेशनल टूर का आयोजन किया गया था।



### टंडवा में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन



**पाटन पलामू।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के सालगिरह पर पाटन प्रखंड के टंडवा में सीताराम सिंह के नेतृत्व में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का कार्यक्रम आकाशवाणी दूरदर्शन के प्रसिद्ध कलाकार शिशिर शुक्ला की टीम ने किया। मौके पर गायक नागेंद्र सिंह, ब्यास उपेंद्र तिवारी, सोनू मिश्रा रामनाथ कुमार, रामनरेश शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, अमन शुक्ला व काफी संख्या में कलाकार उपस्थित थे।

### प्रमुख नीतू सिंह ने किया सोना सोबरन साड़ी धोती वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन



**पांडू पलामू।** प्रखंड के डाला कला पंचायत के झरना खुद जनवितरण केंद्र पर प्रमुख नीतू सिंह ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी धोती वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रमुख ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीणों के लिए मात्र 10-10 रुपये में साड़ी धोती उपलब्ध करायी जा रही है ताकि उनकी मदद की जा सके। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू सिंह, अशोक सिंह, गीता देवी, प्रमिला देवी, रामस्वरूप पासवान, सोमारू राम, राम निवास शर्मा, विजय सिंह थे।

### हुसैनाबाद थाना में शिकायत समाधान कार्यक्रम



**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार व पलामू पुलिस के निर्देश पर बुधवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में जन शिकायत समाधान जागरूकता कार्यक्रम शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने की। संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने किया। इसमें 17 फरियादी पहुंचे, 6 जमीन विवाद, दो पर केस दर्ज, 7 अनक्रीत, दो ऑन स्पोर्ट निष्पादन किया गया। शिविर में हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, दंगवार ओपी, देवरी ओपी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी थे। शिकायत दर्ज कराने वालों को पावती रसीद भी दी गयी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस महानिदेशक झारखंड के आदेश के आलोक में पूरे झारखंड में शिकायत समाधान कार्यक्रम रखा गया है। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौनू चौधरी, संजय यादव, महिला थाना परामर्श केंद्र से एसआई नंद पासवान, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, मुकेश सिंह, दंगवार ओपी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल समेत अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाने और ओपी के पुलिस पदाधिकारी थे।

## दुलसुलमा पंचायत सचिवालय में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला बुधवार को पंचायत सचिवालय दुलसुलमा में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, पंचायत समिति सदस्य जगदीश सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि जुगल राम, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रिद्धि कुमारी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक तदाशा तिवारी, प्रखंड डाटा मैनेजर सुबोध सिंह, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन सिंह, डॉ जयराम सिंह, डॉ कविता, डॉ आनंद सिंह, डॉ प्रवीण उरांव, डॉ नीलू, डॉ ममता, एएनएम कांति भारती, कंचन कुमारी, राहुल सिंह, रियाजुद्दीन अंसारी, नवीन कुमार उपाध्याय, सहिया सुशीला देवी, शारदा देवी, नीलमणि देवी, कलिंदा देवी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी थे।





### खेल से रचनात्मक जीवन का निर्माण : राजीव रंजन

**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के बंजारी मुहल्ला में मंगलवार की रात इंडियन क्रिकेट क्लब बंजारी के तत्वावधान में रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से रचनात्मक जीवन का निर्माण होता है।

## समावेशी शिक्षा के तहत लगी एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के पहचान एवं उन्हें मिलने वाले सरकारी लाभ को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। उन्मुखीकरण कार्यशाला में जिला समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे, मास्टर ट्रेनर पवन गुप्ता, विनोद कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शशि कांत कुमार ने उपस्थित लोगों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा के प्रति जिम्मेवारियां, बच्चों में विभिन्न प्रकार की दिव्यंका की जल्द पहचान चिकित्सीय जरूरत व उसका महत्व, उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ रहे दिव्यांग छात्रों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने, गृह आधारित शिक्षण का महत्व आदि विषयों की जानकारी दी।



छतरपुर के लठेया में बालिका प्रशिक्षण शिविर आयोजित, प्रशिक्षक बोले

# लड़कियों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से समृद्ध बनायेगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** पलामू पुलिस एवं विद्या विहार वाटिका, लठेया (पलामू) के संयुक्त तत्वावधान में बालिका प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को अपनी सुरक्षा से संबंधित बौद्धिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तरपुर महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी ने बालिकाओं को अपनी सुरक्षा से संबंधित कई निर्देश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि अभी पढ़ाई की उम्र है। मन लगाकर पढ़ाई करें और भविष्य में चुनौतियों के सामना करने के लिए अपने को योग्य बनाएं। आज लड़कियां पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर ही नहीं चल रही हैं, बल्कि उन्हें छोड़कर कई क्षेत्रों में उनसे काफी आगे निकल गयी हैं। विद्या विहार वाटिका के महानिदेशक डॉ रामरेश यादव ने कहा कि हमें कई क्षेत्रों में काम करना है। हम संकल्प के साथ जीवन जीना सीखें।


कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** पर्यावरण की सुरक्षा करनी है। हम अधिक पौधरोपण करें। यदि किसी विशेष कारणवश पेड़ों को काटना पड़े तो एक पेड़ काटने के बदले दस पेड़ लगायें। हमारे देश में अनेक वीरांगनाएं हुई हैं जिन्होंने देश के लिए देश के दुश्मनों से लोहा लिया, जिसके अनेक उदाहरण हमारे इतिहास में भरे पड़े हैं। झांसी की रानी, रानी दुर्गावती, रानी पद्मावती, अहिल्याबाई होल्कर ऐसी ही वीरांगनाएं थीं। हमारे पास शास्त्रों का भी ज्ञान होना चाहिए और शस्त्रों का भी ज्ञान होना चाहिए। दोनों का अपनी-अपनी जगह पर अलग महत्व है। जहां शास्त्र की जरूरत है वहां शस्त्र से काम नहीं चलेगा और जहां शस्त्र से की जरूरत है वहां शास्त्र से काम नहीं चलेगा।

# खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है : प्राचार्य डॉ सुरेंद्र पांडेय

- जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ध्यानचंद खेल मैदान में खिलाड़ियों से प्राचार्य सह एनसीसी के कप्तान डॉ सुरेंद्र पांडेय ने परिचय प्राप्त करते हुए तथा सिक्का उछाल कर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल से जहां एक ओर मानसिक एवं शारीरिक क्षमता का विकास होता है। वहीं दूसरी ओर बच्चों में पढ़ने की अभिलाषा भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जो अमीरी, गरीबी उच्च, नीच के भेदभाव को मिटा कर एक करता है। इसलिए बच्चों को सामाजिक समरसता के तहत पठन-पाठन कार्यों के अलावे खेल में भी रुचि लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा को जागृत करता है। इसके साथ ही साथ समाज में कुछ अच्छे करने की प्रेरणा भी देता है। इसलिए बच्चों को पूरी तन्मयता के साथ कोई भी कार्य करना चाहिए। मौके पर एनसीसी पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, डॉ रश्मि मुंडा, डॉ ए के बैध, डॉ ए के सेठ, प्रधान सहायक संतोष दुबे, प्रकाश राय, कमलेश पांडे, ज्वाला प्रसाद, बीबीए के प्राध्यापक करण थापा मौजूद थे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि व अन्य।

# चास अंचल कार्यालय का कमाल, दो लोगों के नाम से एक ही जमीन की हुई जमाबंदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** चास अंचल कार्यालय में जमीन की जमाबंदी के नाम पर जमीन माफिया अंचल के हल्का कर्मचारी एवं बिचौलियों के माध्यम से एक से बढ़कर एक करतूत किये जा रहे हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि सीओ के संज्ञान तक मामले आने पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना ने बताया कि चास अंचल के हल्का 3 में जमाबंदी संख्या 2410/ 2013-14 दो लोग नंदलाल नायक एवं नाबालक तुलसी शर्मा के नाम पर दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में अंचल अधिकारी चास को अवगत कराते हुए सूचना दी गई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। तदुपरांत जन सूचना अधिकार अधिनियम के अनुसार 07.10.2024 को आवेदन देकर उक्त विषयक सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। 57 दिन बीत जाने के बावजूद सूचना प्राप्त नहीं होने पर दिनांक 05.12.24 को प्रथम अपीलीय पदाधिकारी सह न्यायालय अपर समाहर्ता के समक्ष उक्त आवेदन के संबंध में मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। प्रथम अपीलीय पदाधिकारी की अपील संख्या 61/2024 में वाद संख्या शुरू करने के बाद भी बार-बार जन सूचना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चास के अनुपस्थित रहने के कारण प्रथम अपील निस्तारण करते हुए ज्ञापांक 188/रा0 24.12.2024 को जन सूचना पदाधिकारी सह सीओ को निर्देश दिया गया कि अपीलकर्ता अभय मुन्ना को वांछित सूचना निबंधित डाक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए एवं उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाए। इतना ही अनुमंडल दंडाधिकारी चास के भूमि सुधार उप समाहर्ता चास के पत्रांक 582/14.12.24 अपर समाहर्ता के पत्रांक 2395/06.12.24 चास मु थाना के पत्रांक 1628/29.11.24 के द्वारा भी सीओ चास को उक्त संदर्भ में जांच प्रतिवेदन मांगा गया है किंतु आज तक प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया जाना अंचल कार्यालय की कार्यशैली पर संदेह उत्पन्न करती है। मुन्ना ने कहा कि राजस्व कर्मचारी जमीन माफिया एवं बिचौलियों के घनिष्ठ गठजोड़ से अंचल कार्यालय चास में अंधाधूंढ जमाबंदी के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए माननीय न्यायालय की भी अवमानना की जा रही है। वैसी स्थिति में सीएम, राजस्व मंत्री उपायुक्त, अपर समाहर्ता बोकारो एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता चास को उक्त संदर्भ में अवगत कराते हुए अंचल अधिकारी चास एवं हल्का कर्मचारी के ऊपर कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

# राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की कार्यसमिति की बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बेरमो स्थित प्रधान कार्यालय में कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत संगठन के महामंत्री राजेश कुमार सिंह द्वारा आरकेएमयू का झंडा के धवजारोहन से हुई। फिर संगठन के संस्थापक व पूर्व सांसद दिवंगत रामदास सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करने का कार्य उपस्थित लोग द्वारा हुआ। इसके बाद कार्य समिति की बैठक की शुरूआत हुई। यहां संगठन के पुराने पुरोधा और दिवंगत हुए लोग के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। यहां विचार रखते हुए महामंत्री व जेबीसीसीआई के सदस्य राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस संगठन की नीव ही परिश्रमी श्रमिक भाईयो के आवाज को बुलंद करने, उनके अधिकार की रक्षा और प्रावधान के अनुसार मिले सुविधा को उपलब्ध कराने से हुई है। महामंत्री सिंह ने कहा कि पद आता है, जाता है। लेकिन श्रमिकों का विश्वास बना तब संगठन बुलंदी पर और भरोसा खोया तो रसातल पर पहुंच जाने का काम होता हैं।

# शिकारीपाड़ा : पुलिस ने जन शिकायत शिविर का किया आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजबांध में बुधवार को दुमका पुलिस के द्वारा जन शिकायत शिविर आयोजित हुई। इसमें दुमका के प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज, शिकारीपाड़ा के सीओ कपिल देव ठाकुर, शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह, रानीश्वर थाना के प्रभारी इंचार्ज विशाल खलको सहित प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद थे। इस शिविर में शिकारीपाड़ा के साथ रानीश्वर प्रखण्ड के लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखी। रानीश्वर प्रखंड से पांच आवेदन मिले। जिसमें दो मामले का मौके पर समाधान कर दिया गया। जबकि चार में जांच के लिए लिखा गया। इस मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी काफी आत्मीय है ढंग से लोगों से रूबरू हुए। सीओ कपिल देव ठाकुर ने बताया कि इस तरह के शिविर के आयोजन का उद्देश्य पुलिस और प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता है।

# दुमका : एफडी का पैसा पोस्ट मास्टर से दिलाने की गुहार एसपी से लगाया

दुमका। पुलिस और जनता के बीच की शिकायतों की सुनवाई के लिए बुधवार को शहर के इंडोर स्टेडियम में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन बुधवार को हुआ। शिविर में जिले के मसलिया, शिकारीपाड़ा और जरमुंडी में पुलिस ने मामलों की सुनवाई हुई। इंडोर में 27, जरमुंडी में 13, शिकारीपाड़ा में 11 और मसलिया में सात लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। इंडोर स्टेडियम में एसटीएफ के डीआइजी प्रियदर्शी की अगुवाई में एसपी पितांबर सिंह खेरवार, एसडीओ कौशल कुमार और सीओ अमर कुमार ने मामलों की सुनवाई की। शिकारीपाड़ा के कार्तिक पाल ने एसपी को बताया कि दो साल पहले काठीकुंड के आमगाछी के पोस्टर मास्टर दिवाकर साह के पास आरडी और एफडी के तहत 6.52 लाख रुपया जमा किया था। दिवाकर ने सारा पैसा जमा करने की बजाय हड़प लिया। इसकी शिकायत काठीकुंड थाना में की थी। दिवाकर ने अपनी गलती मानते हुए पांच दिसबंर 24 तक पैसा वापस करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक पैसा वापस नहीं किया है। दिलवा दीजिए। एसपी ने उसे आश्वासन दिया कि पैसा वापस दिलाने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में धधकिया का जमीन विवाद और एक महिला ने अपने ही दोस्त पर गलत मैसेज भेजने की शिकायत की। इसके अलावा मारपीट का भी मामला आया। कुल 27 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। वहीं मसलिया में सात और शिकारीपाड़ा में 13 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई।


## खोया पाया

मैं लोकेश नाथ, पिता स्व. मिथिलेश प्रसाद निवासी देव किरण अपार्टमेंट, थाना लोअर बाजार, जिला राँची का निवासी हूँ यह कि दिनांक 20.01.2025 को अपने उक्त फ्लैट से डंगरा टोली चौक जाने के क्रम में निबंधित दस्तावेज संख्या 12355 दिनांक 09.08.2005 की मूल प्रति जो फ्लैट संख्या 401, देव किरण अपार्टमेंट, लोअर बाजार, जिला राँची से सम्बंधित और मीनाक्षी पाण्डेय के नाम से था रास्ते में कंहीं गिर गया ककाफी खोजने के पश्चात भी उक्त दस्तावेज की मूल प्रति नहीं मिल पाई किसी सज्जन को मिलने पर सूचित करें
लोकेश नाथ (मो 7086014183)


## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने राकेश महतो



बोकारो। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने बोकारो के कांग्रेस नेता कुशवाहा राकेश महतो को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके साथ ही कैप्टन यादव ने राकेश महतो से पार्टी की सीपीसी सोनिया गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में आस्था रखते हुए झारखंड प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपना भरपूर सहयोग देने की उम्मीद जताई है। महतो के इस पद पर मनोनयन से

### मंत्री पुत्र विनय ने हिसीम में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



बोकारो/कसमार। पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के पुत्र व युवा नेता विनय कपूर महतो ने कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत के मसरीडीह टोला में 63 केवीए के नये विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन स्विच ऑन कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम ने सूचना दी थी। इसके बाद विभाग से 63 केवीए के नये ट्रांसफार्मर इश्यू कराकर लगाया गया है। मौके पर मंत्री के आप्त सचिव उमेश कुमार बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम मुखिया बबीता देवी सुरेन्द्र नाथ महतो मांझी हाड़ाम अर्जुन टुडू कैलाश टुडू राजाराम टुडू श्रावण मुर्मू कमलेश मुर्मू अघनू मांझी सहदेव मांझी शिवचरण टुडू भगतु मांझी लक्ष्मी कुमारी मुनीका कुमारी व ग्रामीण मौजूद थे।

### जरमुंडी में जन समस्या शिविर का आयोजन

बासुकीनाथ। जरमुंडी मुख्य बाजार स्थित पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जन समस्या समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं से जुड़े आवेदन जमा लिए गए। एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप के नेतृत्व में जरमुंडी थाना, जामा, तालझारी, हंसडीहा, रामगढ़ व सरैयाहाट थाना से आये हुए ग्रामीणों से 14 आवेदन जमा लिए गए।

# अनिश्चितकालीन चक्का जाम से छाई और कोयला ट्रांसपोर्टिंग रहा प्रभावित

ग्रामीणों ने की बेरमो एसडीएम द्वारा छाई व कोयला ट्रांसपोर्टरों को दिए आदेश को लागू करने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** झारखंड ओवरलोड छाई, कोयला एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण समन्वय समिति की ओर से प्रदूषण के खिलाफ पूर्व घोषित हाईवा का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन के तहत बुधवार को फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में ओवरलोड छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाईवा वाहन का परिचालन पूरी तरह बंद रहा। छिटफुट को छोड़कर कर ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाईवा वाहन नहीं चले। इस दौरान सीसीएल व डीवीसी की छाई व कोयला ढुलाई कार्य प्रभावित रहा। आंदोलन कारी सहित पिछरी के ग्रामीण सुबह सात बजे से सड़क में उतरकर छाई व कोयला लदे हाईवा वाहन को रोका और चालक से वाहन को नहीं चलाने का आग्रह किया। जिसके बाद हाईवा चालक ने अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान ले जाकर खड़ा कर दिया। समिति अध्यक्ष सुरज महतो ने चक्का जाम आंदोलन को सफल बताया। कहा कि हाईवा द्वारा हो रहे ट्रांसपोर्टिंग से छाई सड़क में जहां तहां गिरता है और उनके उड़ने वाले धूल कण से ग्रामीण काफी परेशान है। कहा कि वायु प्रदूषण से होने वाले गंभीर बीमारी से पिछरी, तांतरी, मानगो सहित आसपास के ग्रामीण त्रस्त हैं। इस मार्ग से होकर आवागमन करने वाले राहगीर व बाइक सवार लोगों को सेहत के लिए हानिकारक हो गया है। ग्रामीण मजबूरन वायु प्रदूषण के खिलाफ सड़को पर उतरे हैं और इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। बीते 23 दिसंबर को बेरमो प्रखंड कार्यालय में एसडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में हुई समझौता एवं सहमति को अविलंब लागू किया जाए। भयंकर वायु प्रदूषण रोकथाम के लिए फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में प्रतिदिन सुबह शाम पानी का टैंकर के माध्यम से पानी का छिड़काव किया जाए। ओवरलोड छाई ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह बंद रहे। कहा कि जब तक वायु प्रदूषण की रोकथाम नहीं हो जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि प्रदूषण रोकने के लिए बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ ने हाईवा ट्रांसपोर्टरों को यातायात नियमों को पालन करने एवं पानी छिड़काव करने का निर्देश जारी किया था। इसके बावजूद फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में हाईवा वाहन द्वारा ओवरलोड छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग से होने वाले वायु प्रदूषण पर रोकथाम नहीं किया गया। कहा कि ट्रांसपोर्टरों द्वारा बैठक में हुए समझौते को लागू को पालन नहीं कर रहे हैं। इस प्रदूषण के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर रामभजन लायक, जगेश्वर नायक, शिकारी सिंह,

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस लाईन मैदान दुमका में सुबह नौ बजे करेंगे झंडोतोलन

## समारोह को लेकर आयुक्त ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों लेकर समाहरणालय सभागार में संताल परगना प्रमंडलीय स्तरीय बैठक प्रशासन ने आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता संथाल परगना प्रमंडल, आयुक्त लालचन्द डाडेल ने की। इस अवसर पर आयुक्त श्री डाडेल ने कहा कि सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन दुमका में झंडोत्तोलन करेंगे। इससे पूर्व राजभवन में झंडोत्तोलन सुबह 8:40 बजे होगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन राजकीय समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे। समारोह स्थल पर साज-सज्जा, पंडाल और बैरिकेटिंग का कार्य ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। मंच पर बैठने की व्यवस्था में प्रोटोकॉल का ध्यान रखने, समारोह में आए विशिष्ट अतिथियों के लिए जगह निर्धारित कर उन्हें ससम्मान निर्धारित स्थान पर बैठाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नगर की साफ-सफाई एवं साज सजावट पूरी प्राथमिकता के साथ करने का निर्देश दिया। शहर के चौक चैराहों पर लगे महापुरूषों की प्रतिमा की साफ सफाई एवं 26 जनवरी को सूर्योदय के साथ सभी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह स्थल पर मेडिकल टीम को जरूरी दवाइयों के साथ प्रतिनियुक्त करने एवं एम्बुलेंस की भी व्यवस्था समारोह स्थल पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पेयजल एवं शौचालय की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। राजकीय समारोह के अवसर पर परिवहन व्यवस्था तरीके से सुनिश्चित करने एवं पार्किंग की व्यवस्था सही तरीके से करें करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में भव्य झांकियां भी निकाली जायेगी। सभी विभाग अपने विभाग द्वारा निकाले जाने वाले झांकी का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि सभी बीडीओ अपने अपने प्रखंड में महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार, डीडीसी अभिजीत सिन्हा, डीएफओ सात्विक व्यास सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विवादित जमीन पर दिलाई दखल दिहानी

**बेरमो।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राम रतन हाई स्कूल ढोरी के समीप 14 वर्ष से चल रहे 42 डीसमील के एक जमीन विवाद में तेनुघाट न्यायालय के फैसला आने पर बुधवार को सिविल कोर्ट ने डिग्री धारी बैजनाथ महतो को उनके जमीन पर दखल दिहानी दिलाया। यह मामला तेनुघाट न्यायालय में केश संख्या-33/2010 हरिशंकर याग्निक द्वारा अपने बड़े पुत्र पदमा शंकर याग्निक को बेदखल करने का मामला चल रहा था। इस केश में पिता हरिशंकर याग्निक के पक्ष में फैसला आया। हरिशंकर के बड़े पुत्र पदमा शंकर याग्निक के केश हारने के बाद उसने जिला न्यायालय बोकारो में अपील दायर किया था। जिसमें न्यायालय द्वारा वर्ष 2024 में अपील खारिज कर दिया गया है। उसी बीच दखल दिहानी केश हरिशंकर के दूसरे पुत्र संजय याग्निक व पुत्री दमयंती तिवारी तथा पावर ऑफ अटॉर्नी द्वारा दिये गये बैजनाथ ने तेनुघाट कोर्ट में दायर किया।


**Govt. of Jharkhand, Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165, E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**Notice**

**Tender reference no.: 17/JREDA/EE/24-25 Dated: 21.01.2025**

Offline bids are invited for Notice Inviting Bid (NIB) for the Engagement of Agencies for Transportation, including Loading and unloading, of the Surya Nutan Double Burner Hybrid Cooktop to multiple Locations in Jharkhand State. The details are as follows:

| Sl. No. | Name of the work | Estimated Cost of Work (in Rs. Inclusive of GST) | Bid Fees (Non-Refundable) | | Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | General Bidders (in Rs.) | MSME/NewMSME Bidders (in Rs.) | General Bidders (in Rs.) | MSME/New MSME Bidders (in Rs.) |
| 1 | "Engagement of Agencies for Transportation, including Loading and unloading, of the Surya Nutan Double Burner Hybrid Cooktop to multiple Locations in Jharkhand State" | ₹ 6,00,000/- | ₹ 1,475/- | Nill | ₹ 12,000/- | Nill |
| 2 | Last date & time for receipt of offline bids. | 18.02.2025 (Tuesday) up to 03:00 P.M. | | | | |
| 3 | Bid Opening Date & Time | 21.02.2025 (Friday) at 2:00 P.M. | | | | |
| 4 | Price bid Opening Date & Time | Will be Communicated | | | | |
| 5 | Availability of tender document. | Tender documents can be purchased from the JREDA Office on all working days up to 24.01.2025 (Friday) till 03:00 P.M. | | | | |
| 6 | Method to apply | Interested bidders will have to apply tender document in a sealed envelope which will contain two separate sealed envelopes: - 1. First Envelope: Techno-Commercial Part. 2. Second Envelope: Price Part | | | | |
| 7 | Name and address of office inviting tender. | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA), 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Helpline no. for procurement. | 0651-2491163/67/61/7903935514 | | | | |

**Terms & conditions:** 1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned during office hours on any working day till the day before submission of the tender after depositing the cost of the Tender document (Non-refundable) in the shape of Bank Demand Draft in favour of "**Director, JREDA**" payable at Ranchi.
2. No postal request for the issue of a Tender document will be entertained.
3. The tender must be accompanied by the Earnest Money Deposit (refundable) in the shape of **(DD/BG/FDR)** issued from any Indian nationalized/scheduled bank in favour of "**Director, JREDA**" payable at Ranchi. The Proof of EMD must be attached with tender documents otherwise the tender will be rejected without assigning any reason.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender document /extend the date of sale/submission of tender/opening of tender and cancellation of tender without assigning any reason thereof.

Sd/-
Director, JREDA, Ranchi

PR 344861 Energy(24-25)#D



**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा**

**-: आम सूचना :-**

" द्वितीय दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/ कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो० न० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | छतरबर | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ० निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9934748130 |
| | | डुमरडीहा | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | गझण्डी | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| | | चाराडीह | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ० विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा। 2. श्री सुदर्शन चौधरी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | करमा | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | पूरनानगर | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 2 | सतगॉवा | शिवपुर | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा। 2. श्री नीतीष कुमार (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | समलडीह | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | माधोपुर | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 3 | जयनगर | जयनगर पश्चिमी | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ० तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2.श्री विपुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 |
| | | सतडीहा | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | चेहाल | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| | | जयनगर पूर्वी | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 01.डा० शोएब खान प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, जयनगर 2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 7858096780 |
| | | ककरचोली | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 4 | डोमचॉच | काराखुंट | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच, 2. श्री ओमप्रकाष प्रसाद (अनुसेवक) | 9934352062 |
| | | बगडो | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | बगरीडीह | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| | | ढाब | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ राजेष कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचॉच 2. श्री हरीषचन्द मिश्र (अनुसेवक) | 8789914345 |
| | | बंगाखलार | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | जानपुर | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 5 | चन्दवारा | बेन्दी | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ कृष्ण चन्द झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 |
| | | आरागारो | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | भोण्डो | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 6 | मरकच्चो | मुर्कमनाय | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो 2. श्री कृष्णा सिंह (अनुसेवक) | 7903560601 |
| | | नावाडीह | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | पपलो | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |

नोट :– शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।
शिविर का समय :– सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।
1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जाँच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जाँच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयोजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

निवेदकः– जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR 344858 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D


# गोड्डा पुलिस ने जन शिकायत कार्यक्रम का किया आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** नगर भवन मे गोड्डा जिला पुलिस ने बुधवार को डीजीपी के निर्देश पर अपराध शाखा के पुलिस उप महानिरीक्षक रांची शैलेन्द्र वर्णवाल के नेतृत्व मे पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी के कार्यक्षेत्र गोड्डा के थानों द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश महली, मोतिया टीओपी प्रभारी महावीर पंडित, महिला थाना प्रभारी गुलाब किसपोटा ने इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मंच संचालन मधुसूदन मोदक पुलिस निरीक्षक सदर प्रभाग गोड्डा ने किया। डीआईजी के समक्ष ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र की जगह जमीन से सम्बंधित एक शिकायत का मामला सामने आया जिसे त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। एसपी गोड्डा अनिमेष नैथानी ने उपस्थित लोगों से कहा किसी भी शिकायत पर कार्रवाई होंगी, बे झिझक आप शिकायत दर्ज कराये। महिलाओं बच्चों की शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

## बोकारो जिला इंटर स्कूल रोप स्कीपिंग में डीपीएस चास प्रथम

**बोकारो।** बोकारो जिला इंटर स्कूल रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन एआरएस पब्लिक स्कूल बोकारो में किया गया जिसमें जिले के 12 विद्यालयों के एक सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। डीपीएस चास ने सबसे अधिक 31 स्वर्ण पदक 13 सिल्वर एवं 14 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एआरएस पब्लिक स्कूल बोकारो केंद्रीय विद्यालय चंद्रपुरा क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। डीपीएस चास से कक्षा पांचवी के आशी सिंह ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर रिकॉर्ड दर्ज किया। विद्यालय के चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने खिलाड़ियों के साथ खेल शिक्षकों को बधाई दी। उन्होने कहा कि डीपीएस चास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है।

# विधायक श्वेता सिंह बोकारो के विकास के मुद्दों को लेकर मुखर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो की विधायक श्वेता सिंह अपनी जीत के बाद लगातार बोकारो के विकास को लेकर सक्रिय दिख रही हैं। विकास के रुके हुए मुद्दों को लेकर वह लगातार मुखर हैं और उनकी कोशिश है कि उनके दिवंगत ससुर बोकारो के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री स्व समरेश सिंह के सपनों को साकार कर उसे धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाय। बोकारो हवाई अड्डा को जल्द शुरू करवाना बोकारो के विस्थापित गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करवाना पिंड्राजोरा को प्रखंड बनाना बियाडा के विकास के लिए इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण और चास नगर निगम के सभी पैंतीस वार्ड में हमें अंडरग्राउंड नाली का सिस्टम चाहिए। मुख्यमंत्री एवं शहरी विकास विभाग के सचिव से उन्होंने बात की है। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डा को लेकर हमारी जो कोशिश है उस पर हम काम कर रहे हैं और मुझे भरोसा है कि बहुत जल्दी हवाई अड्डा को चालू करने में जो तकनीकी खामियां हैं उनका समाधान कर रहे हैं। एयरपोर्ट के अलावा बोकारो में ब्राउन लैंड डेवलपमेंट बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण और अप्रेंटिस का क्या होगा- इन मुद्दों पर सेल चेयरमैन से मेरी बात हुई है।

# आधी आबादी की चिंता

एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें झारखंड महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर जिन राज्यों में महिला केंद्रित योजनाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, वहां महिला वोटरों की औसत संख्या में कम इजाफा हुआ है। निर्विवाद रूप से विभिन्न चुनावों में लगातार महिला वोटरों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। यहां तक कि किसी भी राजनीतिक दल की जीत या हार में उनकी निर्णायक भूमिका साफ नजर आ रही है। शोध अध्ययन बताता है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव के मुकाबले वर्ष 2024 में 1.8 करोड़ अधिक महिला वोटरों ने मतदान किया। ये आंकड़ा पिछले दिनों देश के चुनाव आयोग ने जारी किया। दूसरी ओर एसबीआई के शोध ने उन कारणों का विश्लेषण किया जो महिला वोटरों की संख्या बढ़ाने में सहायक बने। रिपोर्ट के अनुसार साक्षरता में वृद्धि से तीस लाख अतिरिक्त महिलाओं ने वोट डाले। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में वोटिंग में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। अतः सरकार बनाने में महिला वोटरों की भूमिका लगातार बढ़ी है। महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के मूल में जिन चार मुख्य योजनाओं की भूमिका है, उनमें मुद्रा योजना, पीएम आवास योजना व स्वच्छता योजना शामिल हैं। दूसरी ओर बिजली, पानी आदि सुविधाओं में वृद्धि ने भी मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। झारखंड में हेमंत सरकार की एतिहासिक जीत के पीछे भी उनकी दूरदर्शिता से भरी मईंया योजना का बड़ा योगदान है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9


मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस





- अंकित सिंह

> जनवरी 1938 को जब वे विदेश यात्रा पर थे तब उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जो देश की ओर से किसी भारतीय को दिया जाने वाला उच्चतम पद था। उस समय वे मात्र 41 वर्ष के थे। कांग्रेस का नेतृत्व ग्रहण करने पर भारतीय इतिहास एवं सुभाष के जीवन में नया मोड़ आया।

**भारत** के महान सपूत महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। नेता जी आजीवन युद्धकर्म और संघर्ष तथा संगठन में रत रहे। सुभाष जब 15 वर्ष के थे उसी समय दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव स्वामी विवेकानंद और उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस का पड़ा। सुभाष के जीवन पर अरविंद के गहन दर्शन एवं उनकी उच्च भावना का प्रभाव भी पड़ा। नेता जी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निवर्हन करते हुए उन्होंने उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा आठ माह में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली।

किंतु काफी विचार विमर्श के बाद उन्होंने आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक किसी भारतीय ने आईसीएस के इतिहास में ऐसा नहीं किया था। सुभाष 16 जुलाई 1921 को बम्बई पहुंच गये और वहां पर महात्मा गांधी से उनके आवास पर मिले। युवक सुभाष तो सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर रहे थे वह उस नेता से मिलना चाहते थे जिसने सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन चला रखा था। गांधी जी ने सुभाष को कलकत्ता पहुंचकर देशबंधु चितरंजन दास से मिलने का सुझाव दिया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उस समय देश में गांधी जी के नेतृत्व में लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी शामिल था। सुभाष ने इस युद्ध में कूदने का निश्चय किया और विरोध का नेतृत्व करने लगे। अंग्रेज अधिकारी आंदोलन के स्वरूप को देखकर घबरा गये। उन्होंने सुभाष को साथियों सहित 10 दिसंबर 1921 को संध्या समय गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। एक वर्ष बाद उन्हें जेल से मुक्ति मिली। किन्तु जल्द ही क्रांतिकारी षड्यंत्र का आरोप लगाकर अंग्रेजों ने सुभाष को मांडले जेल भेज दिया। दो वर्ष पश्चात सुभाष को मांडले से कलकत्ता लाया गया जहां उन्हें स्वस्थ्य के आधार पर मुक्त कर दिया गया। सुभाष ने कांग्रेस का प्रथम नेतृत्व 30 वर्ष की आयु में किया जब वे बंगाल प्रांतीय कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

जनवरी 1938 को जब वे विदेश यात्रा पर थे तब उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जो देश की ओर से किसी भारतीय को दिया जाने वाला उच्चतम पद था। उस समय वे मात्र 41 वर्ष के थे। कांग्रेस का नेतृत्व ग्रहण करने पर भारतीय इतिहास एवं सुभाष के जीवन में नया मोड़ आया। गांधीजी ने सीतारमैया को अपना सहयोग दिया। अतः गांधीजी की इच्छा को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के पश्चात फारवर्ड ब्लाक नामक अग्रगामी दल की स्थापना की। हिंदू-मुस्लिम एकता की समस्या पर बैरिस्टर जिन्ना के साथ बातचीत करके वह वीर सावरकर के घर पहुंच गये। सुभाष का वीर सावरकर के घर पहुंचना एक ऐतिहासिक घटना थी। अभिनव भारत में इस वृतांत का वर्णन किया गया है। जिसमें उन्होंने सुभाष को सशस्त्र संघर्ष के नेतृत्व की कमान को संभालने के विचार से अवगत कराया है। अतः सावरकर के विचारों को ध्यानपूर्वक ग्रहण करने के बाद दो मास की अनिवर्चनीय कठिनाइयों एवं गोनपीयता, दुविधा, चिंता और शारीरिक कष्टों को झेलते हुए विभिन्न रास्ते पार करते हुए 1941 में अप्रैल माह में मास्को होते हुए बर्लिन पहुंचे। नौ माह बाद जर्मनी रेडियो से उन्होंने भारतीयों को संबोधित किया तब यह रहस्य खुला कि वे भारत से काफी दूर पहुंच चुके हैं। उस समय भारत एवं जर्मनी के मध्य उच्चस्तरीय संबंध स्थापित हो चुके थे।

जर्मनी ने सुभाष को अंग्रेजों से लड़ने के लिये हर प्रकार की गतिविधियों को चलाने एवं उनकी सहायता करने की छूट दे दी थी। सुभाष बोस ने जर्मनी पहुंचते ही स्वातंत्र्य योद्धाओं की परिषद के सहयोग एवं रास बिहारी बोस की अध्यक्षता से आजाद हिंद सरकार गठित की जिसे जापान, जर्मनी, फिलीपिंस, आइरिश रिपब्लिक मंचूरिया तथा इटली ने सहायता दी। अब भारत की मुक्ति के लिये सैनिक अभ्यास की तैयारी शुरू हो गयी। फरवरी 1944 में भारत और जापान ने संयुक्त अभियान बर्मा के जंगलों में प्रारम्भ कर दिया। अनेक दुर्गम और जोखिमपूर्ण पड़ावों को पार करते हुए आजाद हिंद फौज ने मार्च में भारतीय सीमा में प्रवेश कर लिया। किंतु उन्हें वापस लौटना पड़ा। नेताजी ने अथक परिश्रम करके सैनिक कार्यवाही की बारीकियों को समझा।

अभियान की असफलता के पश्चात सैनिकों का मनाबेल बढ़ाने के लिये भारतीयों का विशेष ध्यान रखना पड़ता था। 15 अगस्त 1945 को अमेरिका द्वारा हिरोशिमा एवं नागासकी में परमाणु बम गिराये जाने के बाद जापान की पराजय का समाचार प्राप्त हुआ। अतः नेताजी एवं उनके मंत्रिमंडल ने एकमत होकर यह निश्चय किया और अगले दिन प्रातः सिंगापुर, बैंकाक होते हुए रूस अधिकृत क्षेत्र मंचूरिया पहुंच गये। दिन में उन्होंने कर्नल स्ट्रेसी को बुलाया और स्पष्ट निर्देश दिये कि वे सिंगापुर में समुद्र के किनारे आजाद हिंद फौज स्मारक का निर्माण शीघ्रता से प्रारम्भ करें। 16 अगस्त का प्रातःकाल होने वाला था। नेताजी उठे और शीघ्रता से अपना कुछ निजी सामान और वस्त्रों को संभाला और उस यात्रा के लिये तैयार हुए जिसे वे अज्ञात लक्ष्य की ओर अभियान कह रहे थे। 17 अगस्त 1945 को प्रातः नेताजी बैंकांक हवाई अड्डे के लिये लोगों से विदाई लेकर चले।

22 अगस्त 1945 को टोक्यो रेडियो से हुए प्रसारण में फारमोसा द्वीप में हुई वायुयान दुर्घटना में नेताजी की मृत्यु का समाचार सुनकर सम्पूर्ण विश्व स्तब्ध रह गया। लेकिन उनकी यह मौत अभी भी रहस्य की चादरों पर लिपटी हुई है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने कुछ गोपनीय फाइलों को सार्वजनिक कर दिया है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नेताजी की रहस्यमयी मौत से आवरण हटाने में जुट गये हैं।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**वर्तमान** में जीना और अपने प्रयासों को उच्च लक्ष्यों की ओर केंद्रित करना ही जीवन को सार्थक बनाता है। सत्यनिष्ठा और यथार्थवाद हमें सही दिशा में ले जाते हैं, जबकि उत्साह, साहस, धैर्य और आत्मविश्वास हमें हर चुनौती का सामना करने की शक्ति प्रदान करते हैं। समय के साथ स्वयं को ढालना और अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना ही सफलता का मूलमंत्र है।

**- अवधेशानंद गिरी**

**अर्जुन** पुरस्कार से सम्मानित झारखण्ड की बेटी और प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूँ।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# हमारे मूल संविधान की प्रति की स्थिति की होती है तकनीकी जांच

**रानी राज**

## सामयिक




**खास** गैस चैम्बर में रखी है भारतीय संविधान की मूल प्रतिदुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और उसका सबसे बड़ा संविधान। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और उनके साथियों ने कड़ी मेहनत के बाद इसका मसौदा तैयार किया और देश के पहले प्रधानमंत्री की ख्वाहिश पर मशहूर कैलिग्राफर ने छह महीने की कड़ी मेहनत के बाद इसे अपने हाथों से लिखकर तैयार किया।

नंदलाल बोस और उनके छात्रों ने इस पर खूबसूरत पेंटिंग भी उकेंरी। इतनी कड़ी मेहनत के बाद संविधान की मूल प्रति किसी महान कलाकृति सी तैयार हो गई। मगर वक्त की मार से इसे बचाकर रखना एक बड़ी चुनौती था। इसलिए इस खास प्रति की सुरक्षा के लिए खास तरीका अपनाया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित रखने के लिए हीलियम गैस चेम्बर में रखा गया है। संविधान की मूल प्रति को एक खास कपड़े में लपेटकर नेफ्थलीन बॉल्स सफेद रंग की फिनाइल की गोलियां के साथ रखा गया था।

**आग से भी सुरक्षित है हीलियम गैस**

हाइड्रोजन के बाद सबसे हल्की गैस हीलियम ही है। इस गैस का कोई रंग नहीं होता और ना ही इससे आग लग सकती है। वातावरण में चाहे तापमान कैसा भी हो, यह बनी रहती है। विमान के टायरों में भी इसका इस्तेमाल होता है। मौसम की जानकारी लेने के इसी गैस को गुब्बारे में भरकर आसमान में छोड़ा जाता है।

**1994 में वैज्ञानिक विधि से तैयार किया गया चैम्बर**

संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित करने के लिए काफी अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि बाकी देशों ने अपने संविधान की सुरक्षा कैसे की है। पता चला कि अमेरिका का संविधान सबसे सुरक्षित वातावरण में रखा गया है।

अमेरिकी संविधान को वॉशिंगटन स्थित लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में हीलियम गैस के चैम्बर में रखा गया है। यह एक पृष्ठ का है। इसके बाद अमेरिका के गेट्टी इंस्टीट्यूट, भारत की नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी और भारतीय संसद के बीच करार के बाद गैस चैम्बर बनाने की पहल हुई। 1994 में संसद भवन के पुस्तकालय में वैज्ञानिक विधि से खास चैम्बर तैयार किया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति 40 से 50 फीसदी नाइट्रोजन गैस वाले वातावरण में रखा गया है और यहां आक्सीजन एक फीसदी से भी कम है। इस कागज की सुरक्षा के लिए ऐसे ही वातावरण की आवश्यकता थी, जो इनर्ट यानी नॉन-रिएक्टिव हो।

हर साल संविधान की मूल प्रति की सेहत की जांच होती है। हर साल चैम्बर की गैस खाली की जाती है। सीसीटीवी कैमरे से इस पर लगातार निगरानी रहती है।

**काली स्याही से लिखी है मूल प्रति**

भारतीय संविधान काली स्याही से लिखा है। इसलिए इसके उड़ने का खतरा बना रहता था। इसे बचाने के लिए आद्रता 50 ग्राम प्रति घन मीटर के आस-पास रखने की जरूरत होती है। इसलिए चैम्बर ऐसा बनाया गया, जिसमें हवा न जा सके।

# यूएस सोल्जर से बाबा मोक्षपुरी, आईआईटियन से युवा योगी दुर्लभ संयोग वाला महाकुंभ

**अभिनय आकाश**

## कुंभ

30 लाख लोग भगवान सूर्य को जल देने के लिए एक साथ नदी में उतर जाएं तो क्या होगा? पांच करोड़ लोग एक साथ प्रचंड जय घोष के साथ हर हर महादेव का जयकारा लगाते नजर आए तो? 45 करोड़ लोग एक टेंट सिटी में 45 दिनों के लिए एक साथ ठहर जाए तो? आप इसे अजूबा या चमत्कार की कहेंगे।

जब संत शब्द सुनते हैं, तो दिमाग में ऐसे व्यक्ति का खाका खिंच जाता है जो दुनियादारी से दूर है। महाकुंभ में आध्यात्म, संस्कृति के अलग अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। ऐसे ही एक संत से जब उनका नाम पूछा गया तो उन्होंने चेहरे पर मुस्कान लिए पलट कर कहा मसानी गोरख, बटुक भैरव, राघव, माधव, सर्वेश्वरी, जगदीश्वरी या फिर जगदीश, ये मेरे नाम हैं, कौन सा बताऊं। करोड़ों का पैकेज, कॉरपोरेट का आकर्षण छोड़कर प्रयागराज की रेती पर क्या कर रहा है ये युवा योगी? ऐसे ही कभी अमेरिकी सेना में अपनी सेवाएं देने वाले राइफल मैन लोगों के बीच चर्चा के केंद्र में हैं। बाबा का नाम बाबा मोक्षपुरी है।

**कौन हैं आईआईटी बाबा अभय सिंह?**

अभय सिंह मूल रूप से हरियाणा के निवासी हैं। उन्होंने अपनी इंजीनियरिंग की डिग्री आईआईटी बॉम्बे से पूरी की। अपने शैक्षणिक जीवन के दौरान, उन्होंने दर्शनशास्त्र में गहरी रुचि विकसित की और प्लेटो, सुकरात के कार्यों का अध्ययन करके और उत्तर आधुनिकतावाद की खोज करके जीवन की गहरी समझ हासिल की। बाद में अभय सिंह ने अपना नाम बदलकर मसानी गोरख रख लिया और अपना जीवन भगवान शिव को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें राघव और जगदीश जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। जेईई इंट्रेंस में 731वीं रैंक लाकर पास हुआ अभय अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद, आईआईटी बाबा ने डिजाइन में मास्टर डिग्री हासिल की और फोटोग्राफी के माध्यम से अपने रचनात्मक पक्ष का पता लगाया।

**शन्यू की अवस्था के बाद जागता है इंसान**

बाबा अभय सिंह ने अपने सपनों को पूरा करने कि लिए आईआईटी की इंटर्नशिप के दौरान 2 महीने तक उत्तराखंड में फोटोग्राफी की. फिर फैशन जगत की प्रसिद्ध पत्रिका वोग और जीक्यू के लिए काम किया। डिजाइनिंग के बाद जब नौकरी के क्षेत्र में आए तो पहली नौकरी 12 लाख की मिली। कुंभ मेले में अभय सिंह ने कहा कि उनकी आंतरिक खोज ने उन्हें अपना वैज्ञानिक करियर छोड़कर एक भिक्षु का जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाकुंभ मेला 2025 में उन्होंने अपनी यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि यह मंच सबसे अच्छा मंच है। अभय सिंह की कहानी ने कई लोगों को प्रेरित किया है और उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. एक सफल इंजीनियर से एक भिक्षु के रूप में उनका परिवर्तन अर्थ और पूर्ति की सार्वभौमिक खोज पर प्रकाश डालता है जो भौतिकवादी लाभ से परे है। अभय सिंह कहते हैं कि उन्होंने सारी धर्मों की किताबें पढ़ी हैं। कुरान, हदीस, बौद्ध धर्म की किताबें. चीन, इजिप्ट का इतिहास, भौतिकी, विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, वास्तुशास्त्र, ज्योतिषी सब कुछ पढ़ डाला. ये है क्या? मैं ठंडे पानी से नहाने का अभ्यास करता। हाथ सिकुड़ जाता, कांपने लगता।

**कभी अमेरिकी सेना के सिपाही अब बन गए बाबा मोक्षपुरी**

अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिक बाबा मोक्षपुरी, जिन्हें माइकल के नाम से जाना जाता है, ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ भारत की पहली यात्रा के बाद आध्यात्मिकता को अपनाया। इसी यात्रा के दौरान बाबा मोक्षपुरी ने ध्यान और योग की खोज की और उन्हें सनातन धर्म की शिक्षाओं से परिचित कराया गया। भारत की सांस्कृतिक समृद्धि ने आध्यात्मिक जागृति पैदा की और अब उनका मानना ??है कि यह एक दैवीय आह्वान था। उन्होंने कहा कि मैं अलग नहीं हूं। दरअसल, एक समय ऐसा भी था जब मैं भी किसी आम आदमी की तरह ही था। मुझे बाहर जाना, अपनी पत्नी और परिवार के साथ समय बिताना बहुत पसंद था। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में बड़ा बदलाव तब आया जब मेरे बेटे की अकाल मौत हो गई। मुझे लगा कि संसार में कुछ भी स्थायी नहीं है। ऐसे समय में ध्यान और योग ने मुझे काफी सहारा दिया। मुझे इसके जरिए ही कठिन समय से बाहर निकलने में मदद मिली।

**2016 के उज्जैन कुंभ से हर महाकुंभ में शामिल होने का लिया संकल्प**

माइकल उर्फ बाबा मोक्षपुरी ने बताया कि उनका जन्म अमेरिका में हुआ था। साल 2000 में वह पहली बार पत्नी और बेटे के साथ भारत आए थे। उन्होंने इसे अपने जीवन की सबसे यादगार घटना बताया और कहा कि भारत आकर मैंने ध्यान और योग के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि पहली बार इस दौरान सनातन धर्म के बारे में उन्हें समझने का मौका मिला। भारतीय संस्कृति ने मुझे काफी प्रभावित किया। यहीं से मेरी आध्यात्मिक जागृति प्रारंभ हुई। बाबा मोक्षपुरी ने साल 2016 के उज्जैन कुंभ से हर महाकुंभ में शामिल होने का संकल्प लिया। इसके बाद से वह हर महाकुंभ में हिस्सा लेते रहे हैं।

**पर्यावरण बाबा**

पर्यावरण बाबा या आचार्य महामंडलेश्वर अरुणा गिरि भी उन बाबाओं में से हैं जिनके महाकुंभ मेले में आगमन ने ध्यान खींचा। अगस्त 2016 में बाबा ने वैष्णो देवी से कन्याकुमारी तक 27 लाख पौधे वितरित किए, और तब से वह अपने अनुयायियों को दो पेड़ एक अंतिम संस्कार के लिए और एक पीपल का पेड़ ऑक्सीजन के लिए लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मैं अब तक 82 अनुष्ठान कर चुका हूं। लगभग 30 देशों के मेरे भक्तों ने हमारे देश में 1 करोड़ से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। 2016 में वैष्णो देवी से कन्याकुमारी तक मार्च के दौरान, हमने 27 राज्यों में पेड़ लगाए। तभी से भक्त मुझे पर्यावरण बाबा कहने लगे।

## स्पीड न्यूज

### श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मना राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पेंटिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में भी भाग लिया। बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियां और दुर्घटना के कारणों की जानकारी दी गई। अभिभावकों को भी जागरूक किया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण सड़क पर लापरवाही व यातायात नियमों की अवहेलना है। बच्चों में बचपन से जो संस्कार के बीज रोपे जाते हैं, वह जीवन भर काम आते हैं। इसलिए बच्चों में सड़क पर सुरक्षित व्यवहार का संस्कार शुरू से भरने की जरूरत है। बच्चे अगर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगे तो वह अपने अभिभावकों को भी नियमों के प्रति प्रेरित करेंगे। एचके सिंह ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए नियमों का पालन करें। सड़क दुर्घटना के घायलों को अस्पताल पाहुचाएं या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर तुरंत सहायता करें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा का शपथ लिया।

### कुजू में खुला अरना सेनेटरी हाउस



**कुजू।** कुजू शिव मंदिर के पास बुधवार को अरना सेनेटरी हाउस का उद्घाटन विधायक रौशनलाल चौधरी व मांडू विधायक तिवारी महतो की पत्नी सोनोका देवी ने किया। मौके पर अतिथियों ने संचालक चंदन केशरी व रूपेश केशरी को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में इस तरह के सेनेटरी हाउस के उद्घाटन होने से लोगों को काफी सुविधा होगी। वहीं संचालक चंदन व रूपेश ने बताया कि हमारे सेनेटरी हाउस में नल, पाइप, पाइप फिटिंग, बेसिन, कम्बॉर्ड, गिजर एवं वेनिटी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत बूके देकर किया गया। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष तेजनाथ महतो, मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, सिकंदर मेहत, अरविंद कुमार, तरुण अग्रवाल, लखन प्रसाद, दशरथ प्रसाद केशरी, नीलम कुमारी, किशोरीलाल केशरी, धनजंय पुटुस, जयकिशोर महतो, रवि साहू, आशीष साहू, अमित केशरी, पंचित महतो, श्याम केशरी, कौलेश्वर महतो, नीतेश गुप्ता, सुनील मेहता, आनंद शर्मा, गोविंद ठाकुर, सिंटू केशरी, बंटी केशरी, अमित केशरी, अमन केशरी, संदीप केशरी, विकाश महतो सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### संकुल केंद्र में क्विज प्रतियोगिता



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड स्थित संकुल संसाधन केंद्र में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत क्विज और मॉडल प्रतियोगिता हुआ। सुलोचना कुमारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चितरपुर एवं मो. इंशाअल्लाह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद थे। सुलोचना कुमारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मकसद बच्चों में जिज्ञासा बढ़ाना और वैज्ञानिक सोच विकसित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें नई खोज एवं आविष्कार की दिशा में प्रेरित करना था। निर्णायक मंडल में डॉ. सरफराज आलम, दिलीप कुमार, राजदीप कुमार, निर्णायक मंडल विज्ञान प्रदर्शनी राघवेन्द्र कुमार सिंह, निहारिका कुशवाहा, सुजित कुमार शामिल थे।

### मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन



**चैनपुर।** अयोध्या राम मंदिर के पहली वर्षगांठ पर चैपपुर बरबंदा स्थित राम दरबार मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को भूमि पूजन हुआ। इस दौरान आचार्य विकास पांडेय व चंदन पांडेय ने यजमान बने मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह नावाडीह मुखिया संजय प्रसाद सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। बाद में गाजे-बाजे के साथ ध्वज का नगर भ्रमण कराते हुए मंदिर निर्माण स्थल पर स्थापित किया गया। मौके पर पंकज साहा, आदित्य प्रसाद, सुरेश साव, लूतवरण साव, भीम प्रसाद, संतोष साव, रामलोचन प्रसाद, जानकी साव, मनोज प्रसाद, अरविंद प्रसाद, बसंत प्रसाद, मुकेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, छोटन प्रसाद, श्याम प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### रामगढ़ चैंबर ने बांटा करेंसी



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के तत्वाधान में बुधवार को भुरकुंडा बाजार के व्यवसायियों के बीच करेंसी रुपये का वितरण बतौर एक्सचेंज किया गया। चैंबर पदाधिकारियों ने बताया कि बाजार में व्यवसायियों के व्यापार में सुलभता हेतु छोटे-छोटे नोटों की किल्लत को देखते हुए करेंसी नोटों का वितरण क्रमबद्ध तरीके से शहरी एवं कोयलांचल क्षेत्रो में किया जा रहा है। भुरकुंडा बाजार में भी चैम्बर सदस्यों के बीच लगभग 3 लाख रुपए के नोटों का एक्सचेंज किया गया। मौके पर रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, मनजीत साहनी, इंद्रजीत सिंह पाले, चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, अनूप कुमार, मंजी सिंह, मुरारीलाल अग्रवाल, बिनय कुमार सिंह, अशोक अग्रवाल, श्याम किशोर सिंह, बसंत श्रीवास्तव, मंटू छाबड़ा, दिनेश राजगढ़िया, जयप्रकाश सिंह, दिनेश प्रसाद, राकेश सिंह, संजय अग्रवाल, अमरेश सिंह, रॉकी अग्रवाल, सुनील सिंह, लालमुनि ठाकुर, अजय गोयल, प्रमोद शर्मा, अजय सिंह, किशन बंसल, अशोक सोनी, जयराम सिंह, अखिलेश शर्मा, अशोक कुमार, मंजीत रंजन आदि मौजूद थे।

# रामगढ़ : गणतंत्र दिवस पर 16 विभाग निकालेंगे झांकी

▶▶ विकास के लिए कार्य करने वाले लोग व संस्थायें होंगे सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 16 विभागों जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण विभाग, वन प्रमंडल रामगढ़, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, जिला खनन विभाग, टिस्को वेस्ट बोकारो, जेएसएलपीएस रामगढ़, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला पंचायती राज कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय एवं पर्यटन विभाग द्वारा झांकी निकाली जाएगी।विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोग/ संस्थाएं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया हो उन्हें रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य कार्यक्रम के लिए अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को होगा। उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को कार्यक्रम के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात 10:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मधशालाओं एवं बधशालाओं को बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को दिया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिद्धू - कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:50 बजे, उप विकास आयुकत कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 11:10 बजे , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:15 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

बैठक के दौरान झंडोत्तोलन के समय परेड की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, विधि व्यवस्था आदि विषयों पर भी चर्चा करते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मेला का सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया उद्घाटन

### आयुष्मान योजना का लाभ उठायें ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने ओरिया स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य हर व्यक्ति का अधिकार है, और सरकार इसे सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना और लोगों को जागरूक करना था। स्वास्थ्य मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण, टीकाकरण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड के पंजीकरण और वितरण की सुविधा भी दी गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विभिन्न रोगों के लिए परामर्श दिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष शिविर लगाए गए। विधायक ने आयुष्मान भारत योजना को गरीबों के लिए वरदान बताया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाते हैं। मेले में 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की। महिलाओं के लिए एनीमिया जांच और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। विधायक ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन नागरिकों के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### डीटीओ ने की वाहनों की जांच, 2.97 लाख रुपये जुर्माना वसूला

**रामगढ़।** परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिले के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया । जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, बुधवार को जांच के दौरान 20 से 25 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए सभी वाहनों के वाहन चालकों से कुल 2.97 लाख रुपया जुर्माना वसूला गया।

## कार्यशाला में शामिल हुये 25 मुखिया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मैत्री प्रोजेक्ट के पीरामल फाउंडेशन ने बुधवार को पतरातु प्रखंड के वर्किंग हॉल में मुखियाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में पतरातू प्रखंड अंतर्गत 25 पंचायत के मुखियाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में कक्षा 3 से 5 में एफएलएन (बुनियादी साक्षरता और गणितीय) की स्थिति, स्कूल में बच्चों की सीखने की पद्धति में सुधार, बच्चों का प्राथमिक से उच्च प्राथमिक या मध्य विद्यालय में स्थानांतरण, ड्रॉप आउट की स्थिति, पंचायत में स्वयंसेवक (वालंटियर) चिन्हित करने, पंचायत में मोहल्ला की कक्षाएं शुरू करवानने, छात्रों में पढ़ने की आदत का अभ्यास जागृत करने, एसएमसी को और मजबूत करने ताकि स्कूल पर अधिक ध्यान दिया जा सके, पंचायत के विभिन्न समितियों द्वारा छात्रों की सीखने के प्रतिफल में योगदान देने आदि बिंदुओं पर मुखियाओं के साथ चर्चा की गई। इस दौरान बेसलाइन एसेसमेंट, पंचायत लेड एसेसमेंट के परिणामों से संबंधित बातों को मुखिया से साझा किया गया। साथ ही एसएलओ (स्कूल लर्निंग आउटकम) को कैसे बढ़ाया जा इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

कार्यशाला का संचालन पीरामल फाउंडेशन के सिलवेस्टर टोपनो, तन्मय सेन, निशा वर्मा, अनिकेत दीवे, अनुराग सिंह, रितेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पतरातू बीडीओ मनोज गुप्ता ने पीरामल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से पठन-पाठन काफी सुधार होगी। साथ ही बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने में मुखियाओं और अभिभावको का योगदान अहम साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है। शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मौके पर सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार, लपंगा मुखिया आनांद दुबे, देवरिया मुखिया विकास नायक, सयाल उत्तरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव सहित 25 मुखिया मौजूद थे।

### बरही में हेड क्लर्क की अनुपस्थिति से निबंधन का काम हो रहा बाधित

**बरही।** बरही दस्तावेज नवीस संघ ने झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बरही निबंधन कार्यालय में हेड क्लर्क से निबंधन कार्य ठप होने की जानकारी दी है। संघ ने पत्रांक 25/2025 के माध्यम से इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि 4 से 24 जनवरी तक हेड क्लर्क के नहीं होने से निबंधन का काम पूरी तरह ठप है। लोग शादी, इलाज या अन्य महत्वपूर्ण कामों के लिए जमीन या अन्य संपत्ति के क्रय-विक्रय से जुड़ी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। संघ ने यह भी आशंका जताई है कि यदि हेड क्लर्क दोबारा छुट्टी पर जाते हैं तो यह समस्या और गहरा सकती है। अवर निबंधन कार्यालय बरही में चौपारण, बरही, चलुकशा, बरकट्ठा और पदमा जैसे इलाकों के लोग दस्तावेज निबंधन के लिए आते हैं लेकिन काम न होने के कारण निराश होकर लौट रहे हैं। दस्तावेज नवीस संघ ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि बरही निबंधन कार्यालय में तत्काल हेड क्लर्क की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि निबंधन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस पत्र की प्रतियां मंत्री, राजस्व विभाग के सचिव, हजारीबाग उपायुक्त, बरही और बरकट्टा विधानसभा के विधायकों को भी भेजी गई हैं। ज्ञापन में सचिव मो. इसराफिल, उपसचिव इंद्रदेव चौधरी, नकुल प्रसाद, सुखदेव मालाकार, सुबोध सिंह, अब्बास अंसारी, मो. शोएब अख्तर, मो. शब्बीर अंसारी, लक्ष्मण यादव समेत अन्य नवीस संघ के सदस्यों का हस्ताक्षर शामिल है।

## हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में सी-आर्म मशीन खराब

खबर मन्त्र संवाददाता



सांसद मनीष जायसवाल ने लिया संज्ञान, जल्द समाधान का आश्वासन

**हजारीबाग।** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग में सी-आर्म मशीन के खराब होने से हड्डी के मरीजों की सर्जरी रुकी हुई है। पिछले 20 दिनों से भर्ती मरीज ऑपरेशन न हो पाने के कारण परेशान हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बिना सी-आर्म मशीन के ऑपरेशन संभव नहीं है, जिससे मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है।

इस गंभीर समस्या की जानकारी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को मिलने पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई की। मरीज मुकेश राम के परिजनों द्वारा शिकायत किए जाने पर सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल अधीक्षक प्रो. डॉ. अनुकरण पूर्ति से संपर्क कर इस समस्या का समाधान निकालने का आग्रह किया।

अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि सी-आर्म मशीन को सोमवार तक ठीक करवा लिया जाएगा, जिससे सभी जरूरतमंद मरीजों की सर्जरी जल्द शुरू हो सकेगी। यहां की सी-आर्म मशीन अक्सर खराब हो जाती है, जिससे हर बार मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने अधीक्षक से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील भी की, ताकि भविष्य में मरीजों को लंबे समय तक इलाज के लिए इंतजार न करना पड़े। मरीज और उनके परिजन अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही सी-आर्म मशीन ठीक हो जाएगी और उनका इलाज शुरू होगा। यह घटना सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को उजागर करती है और इन समस्याओं के स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर देती है।

### इचाक सीएचसी में लगा स्वास्थ्य मेला

इचाक। स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक में स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, बीडीओ संतोष कुमार, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सांसद प्रतिनिधि महेश साव, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, मानव विकास के सचिव बीरबल प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सरयू राय ने अधिक से अधिक लोगों को मेले में आकर स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया।


## एक नजर में

### विधायक ने पुल का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा ।** विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र के मासीपीढ़ी और बंडासिंघा गांव के बीच स्थित बरसोती नदी पर छह स्पेन के बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। ग्रामीणों के बहुप्रतीक्षित सपना और मांग के बाद पुल बनेगा। विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में जो भी जनहित की समस्या है। वह जरूरत के हिसाब से प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। यह पुल निर्माण होने से कई गांव के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। लोगों का सीधा संपर्क प्रखंड मुख्यालय से हो जाएगा। उन्होंने संवेदक से कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। शिलान्यास में भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, उमेश यादव, राजकुमार यादव, सुरेंद्र साव, त्रिवेणी यादव, टुकलाल नायक, रवि गोस्वामी, इंद्रदेव यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



**बरकट्ठा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सीओ श्रवण कुमार झा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज, जिप सदस्य कुमकुम देवी, पंसस मंजू देवी, प्रीति गुप्ता मौजूद थी। स्वास्थ्य मेला में सैकड़ों लोंगो ने इलाज कराया। अमित यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा लोंगो तक पहुंचे। इसके लिए मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सहिया, स्वास्थ्य कर्मी लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाएं ताकि सही इलाज हो सके। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी निशांत बेक, आयुष चिकित्सक फातमा खातून, मो जसीम, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, लेखपाल भवेश कुमार सीएचसी प्रबंधक पंकज कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, विशाल सिंह, मिथलेश भारती, एएनएम किरण कुमारी, सुलेखा कुमारी, मंजू कुमारी, सबिता कुमारी समेत आदि लोग मौजूद थे।

### मुखिया शमशेर आलम ने 52 बच्चों को दिया ड्रेस



बरही : बरहीडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 52 बच्चों के बीच ड्रेस वितरण किया गया। कार्यक्रम में बरही पश्चिम के मुखिया शमशेर आलम, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, समाजसेवी टिंकू आलम, शिक्षक अजय प्रजापति, शशि प्रजापति, आशा मैडम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुखिया शमशेर आलम ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने सरकार की इस पहल को सराहा और बच्चों को नियमित स्कूल आने की अपील की।पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य ने कहा कि बच्चों को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और समाजसेवियों ने भी अपने विचार साझा किए और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

### दारू में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला

दारू। मंगलवार को दारू प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन बीडीओ हारून रशीद, सीओ राम बालक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (सदर) डॉ. अमरेश कुमार, हरली मुखिया फरजाना खातून और हरली पंचायत समिति सदस्य गीता देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मंच संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. प्रियंका, डॉ. अंबिका गोयल, डॉ. मुकेशचंद्र झा, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सृजन जयपुरियार, सज्जन सिंह (एसटीटी), सीएचओ, एएनएम, एलटी, बीटीटी, सहिया साथी और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मेले में वृद्ध 11 व्यक्तियों को वॉकर और फाइलेरिया से ग्रसित 7 मरीजों को एमएमडीपी किट प्रदान की गई। इसके अलावा 600 से अधिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। सिविल सर्जन और डीआरसीएचओ, हजारीबाग ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को वॉकर और एमएमडीपी किट वितरित करने के साथ ही स्वस्थ रहने के लिए जरूरी सलाह भी दी।

### एनएच 33 पर लगे स्पीड ब्रेकर : प्रिंसिपल

बरही। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ के प्रिंसिपल रोहित सिंह ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को एक आधिकारिक पत्र मेल कर एनएच 33 पर स्कूल के पास बैरिकेड्स, स्पीड ब्रेकर्स, स्ट्रीट लाइट, स्कूल साइन बोर्ड एवं सर्विस रोड की मांग की है। यह मांग स्कूल के आसपास के क्षेत्र में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं और सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस संबंध में उपप्राचार्य राकेश कुमार ने एनएचएआइ पदाधिकारी से मुलाकात की। स्कूल गेट के पास हाईवे पर तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। खासतौर पर स्कूल के समय के दौरान यह क्षेत्र छात्रों, शिक्षकों और आम राहगीरों के लिए अत्यधिक जोखिमपूर्ण बन जाता है। सड़क पर सुरक्षा उपायों की कमी के कारण न केवल छात्रों की सुरक्षा खतरे में है, बल्कि स्थानीय निवासियों और पैदल यात्रियों के लिए भी यह स्थिति खतरनाक बन गई है। प्राचार्य रोहित सिंह ने इस मुद्दे को हल करने के लिए एनएच 33 पर स्कूल गेट और आसपास के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेड्स, स्पीड ब्रेकर्स, स्ट्रीट लाइट, साइन बोर्ड एवं सर्विस रोड लगाने का सुझाव दिया है।

### मुखिया नायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

बड़कागांव ।प्रखंड के चेपाकला पंचायत के आराहारा में कृषि के लिए ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से किसानों को सिंचाई के लिए काफी परेशानी हो रही थी,जिसकी सूचना मिलते हीं विधायक रौशनलाल चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया ।जिसका उद्घाटन चेपाकला मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने फीता काटकर किया ।मौके पर तुलेश्वर महतो,बालेश्वर महतो,मोहन महतो,गोपाल महतो,दिनेश्वर महतो,तापेश्वर तिर्की,गंगो कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बलराज यादव ने बच्चों को दिया ड्रेस, जूता व स्वेटर

**बरही।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डपोक में वर्ग 1 और 2 के सभी छात्र-छात्राओं को ड्रेस, जूते और स्वेटर का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम उप मुखिया बलराज यादव और पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक भीखु दास, अध्यक्ष राजकुमार पासवान, उपाध्यक्ष महेंद्र भुइयां सहित विधायक के शिक्षक रामनारायण यादव, बीरेंद्र कुमार यादव और इंद्रदेव कुमार यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करना और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना था।

### नकुल महतो ने मल्हार टोली में लगाया चापानल

**बड़कागांव ।**जीसस मिशनरी सोसायटी ऑफ कर्णपुरा के संस्थापक पास्टर नकुल महतो के नेतृत्व में सीकरी मल्हार टोली में चापानल लगा। पास्टर ने कहा कि पूर्व से गांव वाले पेयजल की समस्या के कारण नदी व नाले की पानी पीने को मजबूर थे ।इसकी शिकायत मुझे मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए सोसाइटी की ओर से चपानल लगाया गया। द्वारका मल्हार, छोटन मल्हार,मोहन मल्हार, मंगल मल्हार, जय धन मल्हार,तिलेश्वरी देवी, मंजू देवी,कुंती देवी गुड़िया देवी, लक्ष्मी देवी,रोशन देवी व अन्य उपस्थित थे।

## कोडरमा घाटी में सड़क हादसे में बाइक सवार पुत्र की मौत, पिता गंभीर



**कोडरमा।** थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी में बुधवार की देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा में पुत्र की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घाटी के नौवां माइल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से औरंगाबाद निवासी आलोक कुमार सिन्हा अपने पुत्र 7 वर्षीय लक्षित कुमार के साथ बाइक से कोडरमा से अपने पैतृक गांव औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। इसी बीच कोडरमा घाटी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें उनके बेटे लक्षित की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आलोक सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा घायल को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर कोडरमा पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। ज्ञात हो कि आलोक सिन्हा वर्तमान में डोमचांच उच्च विद्यालय में बतौर शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और वे अपने पत्नी व बच्चे के साथ कोडरमा के राजा तालाब के समीप रहते हैं। घटना के पश्चात् लक्षित की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराने में जुटी है।

### कोडरमा पुलिस ने किया जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

# तीन अलग-अलग जगहों पर कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए

- शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का भी गठन किया गया है : एसपी




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज्य के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर बुधवार को पुलिस उप-महानिरीक्षक संचार एवं तकनीकी सेवाएं की अध्यक्षता में कोडरमा में तीन अलग-अलग जगहों पर कोडरमा पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कोडरमा के अलावे जयनगर व सतगांवा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसपी, एसडीपीओ, डीएसपी व सीओ समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि शिविर में ज्यादातर जमीन विवाद की समस्याओं के निपटारे के लिए फरियादियों ने आवेदन किये। कुछ फरियादी ऐसे भी मिले जोकि पिछले जन शिकायत समाधान शिविर में भी आवेदन कर चुके हैं और अबतक उनके मामले का निष्पादन नहीं होने पर पुनः इस बार शिविर में अपनी समस्या रखने पहुंचे थे। शिविर के बारे में एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि लोगों को शिविर का फायदा मिल रहा है। पिछले शिविर से प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई चल रही है। कई मामलों के निष्पादन भी हुए हैं। उन्होंने कहा जमीन के मामले में कई कागजातों का रिकॉर्ड से मिलान कराया जाता है, इसलिए जमीन मामलों के निष्पादन में थोड़ी विलम्ब हो सकती है। वहीं एसपी ने बताया कि जन शिकायत समाधान शिविर के तहत शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का भी गठन किया गया है। जिसके माध्यम से शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। वहीं बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन कोडरमा 47, पंचायत भवन पूर्वी जयनगर 14 एवं पंचायत भवन शिवपुर सतगांवा 10 कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए।

**एक नजर में**

### बनारस और अयोध्या के विद्वान कथावाचकों के प्रवचन से गूंजा सौनिया गांव

**इटखोरी।** प्रखंड के धुना पंचायत स्थित सौनिया गांव में 9 दिवसीय श्री श्री 108 श्रीमद देवी भागवत वार्षिकोत्सव नवाह्न ज्ञान यज्ञ का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में हो रहा है। यह आयोजन 18 से 26 जनवरी तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालु आस्था और भक्ति की गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में बनारस के आचार्य श्री संतु कृष्ण पांडेय शास्त्री जी महाराज और अयोध्या की कथा वाचिका देवी जया शास्त्री जी अपने मधुर वाणी से श्रीमद देवी भागवत कथा का रसपान करवा रहे हैं। प्रतिदिन भक्तों को देवी महिमा, धर्म, कर्म और भक्ति की गूढ़ व्याख्या सुनने को मिल रही है। कथा में दूर-दूर से श्रद्धालु आ रहे हैं और भक्ति भाव से कथा श्रवण कर रहे हैं। संकीर्तन, आरती और प्रवचन के माध्यम से गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कई स्थानीय भक्तजन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिनमें प्रधान पुजारी पवन कुमार सिंह व उनकी धर्मपत्नी, अर्जुन सिंह, सुधीर सिंह, राजीव नयन पांडे, सियाराम यादव, अमित कुमार सिंह, राजेंद्र राम, विनोद राम, मुकेश राणा, कन्हाई राणा, दिलीप कुमार सिंह, बलराम सिंह और कपिल देव सिंह समेत कई श्रद्धालु शामिल हैं। आयोजन का समापन 26 जनवरी 2025 को हवन और पूर्णाहुति के साथ होगा, जिसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### जन शिकायत समाधान शिविर में तीन मामले निष्पादित



**सिमरिया।** थाना परिसर में बुधवार को पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक रांची के आदेश अनुसार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र से कुल पांच मामले आए थे। जिसमें तीन मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। कार्यक्रम अनुमंडल स्तरीय आयोजन किया गया था। एसडीपीओ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानेदार पहुंचे थे। एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि जिस किसी भी प्रकार का मामला हो आप सभी जल्द से जल्द निष्पादन करें। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस महानिदेशक के निदेर्शानुसार आगे भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। और लोगों का मामला त्वरित निष्पादन निष्पादन किया जाएगा।

### गिद्धौर में स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन

**गिद्धौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत शुभारंभ बीडीओ राहुल देव, प्रमुख अनिता यादव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार जायसवाल, मुखिया निर्मला देवी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न बीमारियों और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें पंजीयन, मलेरिया एवं टीबी नियंत्रण, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, आंखों की जांच, मातृत्व स्वास्थ्य, पोषण परामर्श, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच, कैंसर जागरूकता और सामान्य चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मौके पर अधिकारियों ने मेले में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए।

### निःशुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत भवन में बुधवार को लोकनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के तहत निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन डॉ. डिंपल कुमारी के नेतृत्व में किया गया। शिविर में तीन महिलाएं और चार पुरुष मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए, जबकि छह लोगों में पीपी शुगर की समस्या देखी गई। इसके अलावा 17 लोगों की ओपीडी जांच की गई। इस मौके पर डॉ. प्रतिभा वर्मा, डॉ. सुनीता कुमारी और डॉ. सुलेखा कुमारी समेत अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाया और आंखों की जांच कराई।

### बिरहोर टोला में शिविर का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड के जपुआ स्थित बिरहोर टोला में बुधवार को जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्थानीय बिरहोर परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ देने पर जोर दिया गया। शिविर में आधार कार्ड, खाद्य आपूर्ति, श्रम कार्ड, बैंक खाता खुलवाने और आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की गई। इस अवसर पर खाद्य आपूर्ति विभाग से एमओ जोहन मरांडी, बीपीओ राम कुमार सिंह, पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा, बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी संचालक संटू कुमार, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार, आपूर्ति दुकान संचालक कृष्ण कुमार पासवान समेत दर्जनों बिरहोर परिवार के लोग उपस्थित थे। शिविर के दौरान बिरहोर समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आवश्यक दस्तावेज बनवाने में सहायता की गई।

### शारदा विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी जोरों पर



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत योगियाटिल्हा शारदा विद्या मंदिर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड का अभ्यास करते विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा काफी उत्सुक दिखे। वहीं विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े उत्साह पूर्वक धूमधाम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर गणतंत्र दिवस गर्व के साथ मनाया जाएगा। वहीं विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं ताल से ताल मिलाकर परेड करते एवं फ्लैग मार्च का अभ्यास को लेकर निदेशक बासुदेव गोप, शिक्षक सुजीत कुमार रजक, सिकंदर सिंह, सचिन कुमार यादव, रंजीत रजक, सत्यदेव यादव, बिरेंद्र पंडित, आजाद अंसारी समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी परेड की तैयारी करते दिखे।

### एस किड्स रेसिडेंशियल के बच्चे बने विजेता व उपविजेता

**सतगावां (कोडरमा)।** एस किड्स रेसिडेंशियल एकेडमी नियर सीआरपीएफ कैंप सतगावां द्वारा नासरगंज फील्ड में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने खो-खो, कबड्डी तथा क्रिकेट जैसे खेल में भाग लिया तथा विजेता एवं उप विजेता बने। वहीं सभी विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कार वितरण किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई। मौके पर शशिकांत कुमार, रंजीत कुमार, संतोष कुमार, सिंधु कुमारी, दीपक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

### कस्तूरबा बालिका उवि में छात्राओं को दिए परीक्षा के टिप्स



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो में बुधवार को बीडीओ हुलास महतो ने दशम वर्ग के छात्राओं को दशम बोर्ड परीक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। वहीं उन्होंने क्लास में छात्राओं को प्राकृतिक संसाधन, मिट्टी कितने प्रकार की होती है, इससे संबंधित प्रश्न किया। छात्राओं को इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगले महीने 18 फरवरी 2025 से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली है। 10वीं परीक्षा हर बच्चे के सुनहरे भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है, परन्तु परीक्षा एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही अधिकतर बच्चे घबरा जाते हैं, तनाव और चिंता से घिर जाते हैं। ऐसी स्थिति तब ही आती है, जब सही तरीके से पढ़ाई व परीक्षा की तैयारी नहीं हुई हो। परीक्षा को लेकर बच्चे तनाव में न आएं और इस दौरान पैरेंट्स की क्या भूमिका हो, इसपर उन्होंने शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तारीख पास आते ही छात्र-छात्राएं अक्सर तनाव का शिकार होने लगते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि परीक्षा की तैयारी करने से पहले एक टाइम टेबल जरूर बनाएं। टाइम टेबल को फॉलो करने से आप आराम से अपनी रिवाइज कर पायेंगे और अच्छी तरह से परीक्षा भी दे पायेंगे।

### सेक्रेड हार्ट की छात्रा रूपा पांडेय ने जीता एक्स्ट्राऑर्डिनरी अवार्ड



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** एक्सपीरियंस जापान द्वारा आयोजित जापान ऑन कैनवास नेशनल लेवल पेंटिंग कंपिटिशन में सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा रूपा पांडेय ने एक्स्ट्राऑर्डिनरी अवार्ड हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें रूपा पांडेय की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। वहीं सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने कहा कि हमें अपनी छात्रा रूपा पांडेय पर गर्व है, यह उनकी प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है। हमारे सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और हमें उम्मीद है कि वे आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। जबकि रूपा पांडेय को पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सेक्रेड हार्ट स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने रूपा पांडेय की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। वहीं उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल रूपा पांडेय के लिए, बल्कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के लिए भी गर्व की बात है। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने कहा कि हम अपने छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में मदद करता हो।

### कस्तूरबा बालिका विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में आगामी वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में लगातार तीसरे दिन विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में बीडीओ एवं यहां के स्थानीय राहुल कुमार जो वर्तमान में भारतीय सेना में मेजर के पद पर कार्यरत हैं, ने संयुक्त रूप से छात्राओं को परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन किया। सत्र में विशेष रूप से हिंदी विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान छात्राओं को हिंदी व्याकरण, निबंध लेखन, पाठ्यक्रम की प्रमुख कविताओं और कहानियों पर ध्यान केंद्रित करने के सुझाव दिए। साथ ही परीक्षा में सफलता के लिए मानसिक तैयारी और समय प्रबंधन के महत्व पर भी जोर दिया गया। वहीं बीडीओ ने कहा कि यह समय पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का है। कड़ी मेहनत और सही दिशा-निर्देश से छात्राएं निश्चित रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। वहीं राहुल कुमार ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन और नियमित अध्ययन से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। पढ़ाई के साथ-साथ आत्मविश्वास बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने इस विशेष सत्र की सराहना करते हुए इसे छात्राओं के लिए प्रेरणादायक बताया। मौके पर बीडीओ सहित कई लोग मौजूद थे।

### रामंदिर की वर्षगांठ पर इटखोरी में निकला जुलूस



**इटखोरी।** राममंदिर की वर्षगांठ के मौके पर धनखेरी गांव में बजरंगबली मंदिर से एक भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस धनखेरी गांव से शुरू होकर इटखोरी चौक होते हुए पुनः बजरंगबली मंदिर पहुंचा। जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। इस मौके पर डीजे की धुनों पर भक्त झूमते हुए चल रहे थे। धार्मिक भजनों और गीतों के साथ डीजे की आवाज ने जुलूस को और भी रंगीन बना दिया। जुलूस में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी शामिल थे, जो राममंदिर के निर्माण और धार्मिक एकता की भावना को मन में लेकर इस उत्सव का हिस्सा बने।

### चतरा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चतरा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने भाग लिया और अभियान के महत्व पर जोर दिया। बिरजू तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में हरियाणा के पानीपत से इस अभियान की शुरुआत की गई थी, जो आज देशभर में एक बड़ा आंदोलन बन चुका है। इस कार्यक्रम में बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। उपाध्यक्ष ने सभी से मिलकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अनेक सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं, महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया और इस महत्वपूर्ण पहल को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पीएम आवास 2.0 का डोर टू डोर सर्वे शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना आवास 2.0 के तहत शेष बचे लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के लिए समग्र सर्वेक्षण की शुरुआत की गई। इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत बीडीओ गौतम कुमार ने पिपचो पंचायत में डोर-टू-डोर निरीक्षण किया। बीडीओ के साथ प्रखंड समन्वयक, आकांक्षी प्रखंड फेलो, पिपचो पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक सक्रिय रूप से शामिल रहे। वहीं सर्वेक्षण के दौरान आवेदिका और उनके घर से संबंधित सभी विवरण, आधार कार्ड सहित, ऑनलाइन प्रविष्ट किए गए। सर्वे के दौरान बीडीओ ने कहा यह अभियान सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए। डोर-टू-डोर सर्वे से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित न रहना पड़े। पिपचो पंचायत में स्थानीय निवासियों ने सर्वे टीम का स्वागत किया और योजना के प्रति अपनी उम्मीदें व्यक्त किया। टीम ने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं और पात्रता की जांच कर जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण अगले कुछ हफ्तों तक जारी रहेगा, जिसमें सभी पंचायतों में शेष बचे लाभार्थियों का आंकलन किया जाएगा।

### प्रमुख व बीडीओ ने जागरूकता प्रचार वाहन को किया रवाना



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय मार्केट स्थित संचालित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर बुधवार को प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह व बीडीओ हुलास महतो ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। मौके पर उषा टोपनो, अनीता रानी, हुश्न आरा, ललिता कुमारी, उपेंद्र सिंह, अर्जुन प्रसाद वर्मा, कृष्ण कुमार पांडे, शीला कुमारी, विनीता कुमारी, ममता कुमारी, कैलाश यादव, छात्रा अनु कुमारी, निशु भारती, फूल कुमारी, अंजली कुमारी, रेणु कुमारी, पूनम कुमारी, छोटी कुमारी, रानी कुमारी, संगीता कुमारी व कई छात्राएं उपस्थित थीं।

### मंईयां सम्मान योजना में त्रुटियों में सुधार के लिए सीटू का प्रदर्शन 24 को

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री में प्रज्ञा केंद्रों के द्वारा की गई त्रुटियां, जिसके कारण सैकड़ों महिलाओं के खाते में पैसा नहीं जा रहा है। वैसे आवेदनों को अविलंब सुधार कर वंचित लाभुकों का भुगतान कर मंईयां योजना का लाभ देने की मांग को लेकर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले शुक्रवार 24 जनवरी को कोडरमा सदर अंचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सीओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी देते हुए सीटू और निर्माण कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि सैकड़ों महिलाएं सुधार के लिए रोज अंचल कार्यालय आती हैं और निराश होकर चली जाती है, इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के आवेदनों की स्वीकृति तीन चार महीनों से नहीं हो रहा है।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कैंप का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सौजन्य से सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत के नेतृत्व में कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत में सर्वजन पेंशन योजना एवं झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना एवं झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से समस्याओं का निराकरण किया गया। वहीं कैंप में करीब 200 आवेदन प्राप्त हुए और समस्याओं का निराकरण किया गया। मौके पर पवन कुजूर, जीतू थापा, उमा शंकर, विनोद उरांव पंचायत सचिव व अन्य मौजूद थे।

### घर से आभूषणों की चोरी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर स्थित एक घर से बुधवार को दिनदहाड़े एक घर से कमरे के भीतर लॉकर में रखे गले की चेन, कान की बाली समेत अन्य जेवर चोरी हो गये। इसके अलावा गुल्लक में रखे पैसों को भी चोर अपने साथ ले गए। मकान मालकिन पुष्पा देवी पति नरेश सिंह ने बताया कि करीब 70 से 80 हजार रुपए की चोरी हुई है।

## मरकच्चो गोलीकांड की 22वीं बरसी पर संकल्प सभा का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** गोलीकांड की 22वीं बरसी के मौके पर मरकच्चो शहीद मैदान में शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर माले कार्यकर्ताओं ने मरकच्चो गोलीकांड के शहीदों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व विधायक राजधनवार राजकुमार यादव, जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, इब्राहिम अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके पूर्व भाकपा माले के नेताओं ने झंडोत्तोलन किया। तत्पश्चात उक्त जगह पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। वहीं जिप अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के कथनी व करनी में आसमान जमीन का फर्क है। भाजपा सरकार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देने में विफल साबित हुई। भाजपा को पूरे झारखंड में जनता नकार दी परन्तु हमलोग कोडरमा में विधायक व सांसद को नहीं उखाड़ पाए, जिसका हमलोगों को दर्द है। कोडरमा में इनलोगों के इशारे पर अफसरों की मनमानी रवैया लूट खसोट की नीति है जिसे हमलोग चलने नहीं देंगे। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि मरकच्चो गोली कांड बाबूलाल मरांडी के इशारे पर की गयी थी। जिसमें भाकपा माले के तीन साथी शहीद हो गए। आज भी कोडरमा की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा में ढिबरा चुनकर अपना जीवन यापन करने वाले गरीब गुरबों की आज रोजी-रोटी छीन ली गयी है। मगर यहां की सांसद, विधायक के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकल रहा है।

कार्यक्रम को जिला प्रभारी सिताराम सिंह, जिला सचिव राजेंद्र मेहता, इब्राहिम अंसारी, रामेश्वर चौधरी, विनोद पाण्डेय, विजय पासवान, बहादुर यादव, अशोक यादव, पार्वती देवी, तुलसी राणा, अशोक यादव आदि ने संबोधित किया। मौके पर राजेन्द्र मेहता, बहादुर यादव, मो. सेराज, गुलाम मूस्तफा, शिवशंकर यादव, सहदेव यादव, मंसूर आलम, नारायण मोदी, श्रीकांत पांडे, शंभू शरण मिस्त्री, लालबिहारी मेहता, तुलसी राणा, भुनेश्वर ठाकुर, युगल यादव, सावित्री तिवारी, रामदेव ठाकुर, राजकुमार शर्मा, राजेंद्र साव, महादेव दास, विजय दास, अफजल शेख, पार्वती देवी, रुखसाना खातून, अफसाना खातून, बसंत साव, संदीप सिंह, अख्तर अंसारी आदि मौजूद थे।

### चतरा में संविधान गौरव दिवस पर आयोजित भाजपा की संगोष्ठी में नीरा यादव ने कहा

# कांग्रेस संविधान का अपमान कर राजनीतिकरण में जुटी है

- भाजपा सरकार ने डॉ. आंबेडकर के नाम पर ऐप लॉन्च किया है, जो विभिन्न वर्गों को आर्थिक रूप से जोड़ने का कार्य करेगा : विधायक उज्वल कुमार




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को चतरा जिला कार्यालय में संविधान गौरव दिवस के मौके पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने की, जबकि महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक डॉ. नीरा यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार संविधान का अपमान करती आई है और इसके राजनीतिकरण में जुटी है। उन्होंने कहा कि भा.ज.पा. हमेशा संविधान की सांस्कृतिक, शास्त्रों, परंपराओं और लोकमान्यताओं को मानती है, और डॉ. भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में महापुरुषों द्वारा बनाए गए संविधान को सम्मानित करती है।

विधायक उज्वल कुमार ने भी अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने डॉ. आंबेडकर के नाम पर ऐप लॉन्च किया है, जो विभिन्न वर्गों को आर्थिक रूप से जोड़ने का कार्य करेगा।

जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने संविधान गौरव दिवस के महत्व को विस्तार से समझाया और इसे देश के लोकतंत्र और संविधान के प्रति लोगों की जिम्मेदारी को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

कार्यक्रम में चतरा के विधायक जनार्दन पासवान, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रदीप सिंह, अच्छेवट पांडेय, अमित साहू, कपिल पासवान समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता और जिला कार्यसमिति के सदस्य भी उपस्थित थे। सभी ने अपने विचार रखे और संविधान की अहमियत पर चर्चा की। संगोष्ठी के साथ-साथ कार्यक्रम में चुड़ा, दही और तिलकुट का वितरण भी किया गया, जिससे संविधान गौरव दिवस को और भी उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया गया।

### टंडवा में फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग शुरू, ट्रक मालिकों को राहत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में संचालित मगध एवं आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला परिवहन कार्य में लगी हाईवा एवं ट्रक मालिकों को लंबे समय से भाड़ा डूबने और गाड़ियों के संचालन में आ रही परेशानियों से जूझना पड़ रहा था। लेकिन अब एनटीपीसी द्वारा फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग कार्य शुरू किए जाने से वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिली है। फ्लाई ऐश की ढुलाई शुरू होने से अब हाईवा और ट्रक मालिक बेफिक्र होकर अपनी गाड़ियां चला पा रहे हैं, जिससे वे समय पर किस्तों का भुगतान कर पा रहे हैं और सैकड़ों ड्राइवर, खलासी एवं गाड़ी लाइजनरों के लिए जीविकोपार्जन का नया मार्ग खुला है। इस नई ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था को देखते हुए कई लोगों ने नई हाईवा एवं ट्रक खरीदकर फ्लाई ऐश ढुलाई के कार्य में जुड़ना शुरू कर दिया है। एनटीपीसी की इस पहल से टंडवा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। वाहन मालिकों और चालकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग कार्य आगे भी सुचारू रूप से जारी रहे, ताकि वे अपने व्यवसाय को और बेहतर बना सकें।

### समस्याओं के समाधान के लिए एनटीपीसी ने लगाया शिविर

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी प्रबंधन ने विस्थापित ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया है। हाल ही में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, 21 जनवरी से 28 जनवरी तक विभिन्न गांवों में ये शिविर लगाए जाएंगे। 21 जनवरी राहम, 22 जनवरी नईपारम, 23 जनवरी दुंदुआ, 24 जनवरी टंडवा, 27 जनवरी कामता और 28 जनवरी गाडिलौंग में शिविर का आयोजन किया जाएगा। एनटीपीसी प्रबंधन ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लेने की अपील की है ताकि उनकी लंबित समस्याओं का समाधान किया जा सके। इन शिविरों में मुआवजा, पुनर्वास और अन्य प्रशासनिक मामलों पर चर्चा की जाएगी। शिविरों के माध्यम से विस्थापित परिवारों को अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिलेगा। इससे उनका मुद्दा जल्दी हल हो सकेगा।

### इटखोरी में अवैध बालू भंडारण का भंडाफोड़, बीडीओ और प्रखंड प्रमुख ने किया निरीक्षण

**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड में अवैध बालू खनन और भंडारण का मामला फिर से उजागर हुआ है। परसौनी पंचायत के कब्रिस्तान के पास 500 सीएफटी और हरदिया विद्यालय के पास 300 सीएफटी अवैध बालू का भंडारण पाया गया। इसकी सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख प्रिया देवी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, उप प्रमुख संजय गुप्ता और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि अवैध रूप से खनन किया गया बालू बड़ी मात्रा में जमा किया गया है और इसे रात-दिन ट्रैक्टरों से ढोया जा रहा है। प्रमुख प्रिया देवी ने इस मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार चल रहे अवैध बालू खनन से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और नदी-नालों पर खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बालू माफियाओं पर तत्काल कार्रवाई हो, ताकि यह अवैध कारोबार बंद हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने प्रशासन से इस अवैध कारोबार पर तुरंत सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते अवैध खनन से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है और सरकार के राजस्व की भी भारी क्षति पहुंच रही है। उप प्रमुख संजय गुप्ता ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि अवैध बालू खनन पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इस मामले में अधिक जानकारी के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं हो सकी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने में सफल होता है।

### सड़क एवं केसर हिंद जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**सिमरिया।** सिमरिया चौक के केसर हिंद जमीन और सड़क किनारे अतिक्रमण कर दर्जनों दुकान लगा दिए गए थे जिसके कारण सिमरिया चौक पर आए दिन जाम की नौबत बनी रहती थी। इसे देखते हुए सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद के उपस्थिति में सीओ गौरव कुमार राय द्वारा अतिक्रमण भूमि का मापी कराकर मुक्त कराया गया। इस अभियान में एक दर्जन से अधिक दुकान और ठेले वालों को हटाया गया। सिमरिया चौक पर 3 डिसमिल केसर हिंद जमीन थी। इस पर बाबू गुप्ता, निखिल केसरी, संजय केसरी, दिलीप केसरी, इम्तियाज मियां, पिंटू कुमार, सुरजीत कुमार, नासिर मियां आदि वर्षों से दुकान लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। इन्हें अंचल द्वारा अपना दुकान हटाने का समय दिया गया था, परंतु दुकानदार अपनी दुकान नहीं हटाकर वहीं जमे थे। इसे देखते हुए बुलडोजर लगाकर सभी मालवा हटा दिया गया। वहीं सिमरिया चौक पर किशोर गुप्ता, दशरथ राम, अशोक चाऊमीन, अर्जुन पुचका, शशि कुमार, सुबोध यादव, बुटन यादव, अशोक राम अपना ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। सीओ श्री राय ने कहा कि सिमरिया में भीड़ को देखते हुए सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक नो एंट्री लगाई गई है। परंतु इसके बाद भी कई ठेले और दुकान लगे रहने के कारण दुर्घटनाएं की संभावना बनी रहती थी। जिसके कारण सड़क किनारे रेड मारकर उन्हें उसके बाहर नहीं आने की हिदायत दी गई है।

**स्पीड न्यूज**

## नव निर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



गुमला। बाजार टांड पानी टंकी परिसर में नव निर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा बाजार टांड से प्रारंभ होकर टावर चौक, मेन रोड होते हुए वन तालाब गुमला पहुंची। जहां आचार्य हरिशंकर मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर कलश में जल उठवाया गया। कलश में जल लेने के बाद महिलाएं वहां से काली मंदिर तक गई। वहां से वापस जशपुर रोड होते हुए महावीर चौक से लोहरदगा रोड होते दुन्दुरिया चौक तक गई। जहां से वापस थाना रोड, सिसई रोड होते हुए बाजार टांड पहुंची। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निस्थापन एवं हनुमान जी के विग्रह का जलाधिवास कराया गया। वहीं पूजा अर्चना के बाद भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन मंदिर निर्माण समिति के द्वारा किया गया। 24 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह चलेगा। 23 जनवरी को वेदी पूजन, देव स्नान, विभिन्न अधिवास व नगर भ्रमण किया जाएगा। 24 जनवरी को हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। कार्यक्रम का आयोजन न्यू विशाल क्लब सिसई रोड गुमला के द्वारा किया जा रहा है। शोभायात्रा में पूर्व विधायक कमलेश उरांव, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह राणा, मुकेश सिंह, सरजू प्रसाद साहू, शंभू कुमार सिंह, संजय वर्मा, मनोज विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में महिल पुरूष शामिल थे।

## विकास भारती के स्थापना दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



गुमला। बिशुनपुर प्रखंड के हेसराग गांव में विकास भारती के 42 वां स्थापना पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशुनपुर, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसराग, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिपरी के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय जी क्षेत्र जनजाति कार्य प्रमुख एवं संतोष झा जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच के शामिल हुए। प्रतियोगिता में सौ मीटर एवं दो सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों के लिए बैलून फोड़ प्रतियोगिता, चॉकलेट रेस, फ्लाइंग डिस थ्रो, खो खो आदि खेल कराये गये। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को समिति की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर के मुख्य रूप से आयोजक समिति हेसराग के पंकज उरांव वार्ड सदस्य ,जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशुनपुर के प्राचार्य राकेश कुमार, रवि उरांव, सिकंदर उरांव, जगतपाल उरांव, पंचम उरांव, सुदामा उरांव, चमरा उरांव, कालेश्वर उरांव, सोमरा उरांव, अमरेश उरांव, उमेश उरांव, निर्मल उरांव, संदीप उरांव, करमचंद उरांव, मनीष उरांव, निर्मला कुमारी, जलेश्वर साहू बलदेव भगत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसएस प्लस टू स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान



गुमला। मोटरयान निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत एसएस+2 उच्च विद्यालय गुमला में स्कूली छात्र–छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र एवं छात्रा को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजिनियरिंग ऐनलिस्ट प्रणय कांशी आदि उपस्थित थे।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर जारी में निकाली गयी कलश यात्रा

जारी। जारी प्रखंड के जरडा पंचायत के जरडा मरियम टोली में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वार्षिक उत्सव पर कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा लावा नदी से पंडित नन्दकिशोर नन्द के मन्त्रोच्चारण से शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक ने कहा कि हम सभी हिंदू भाई मठ मंदिर में दीप जलाएं एवं हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड एवं आरती का कार्यक्रम आदि करें। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुगार्वाहिनी के सदस्यो का अहम योगदान रहा। मौके पर भिखेश्वर नागमणि, सकलदीपनाथ शाहदेव, धनी बैगा, सिकन्द्र नायक, चौठन नायक, रामबिलास नायक, जाखू नायक, काजल कुमारी, संजित आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

चैनपुर। चैनपुर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया गया। यह कार्यक्रम थाना परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम की शुरूआत जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। चैनपुर थाना के एसआई अशोक कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है जो किसी कारणवश पुलिस तक नहीं पहुंच पाते। उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई कि वे 112 और 1930 नंबर पर कॉल करके अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

# घाघरा के कुराग गांव में शराब बनाने व बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ग्रामीणों ने लिया निर्णय

### गांव में शादी समारोह में अब नहीं बजेगा डीजे, ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



बैठक के बाद एकजुट ग्रामीण।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कुराग गांव में ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान माडवारी उरांव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से शराब बनाने और बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया। इसके साथ ही शादी विवाह के कार्यक्रम में रात में डीजे बजाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया। साथ ही मवेशियों को खुला छोड़ने पर भी रोक लगाया गया। मौके पर माडवारी उरांव ने कहा कि नशा पान समाज के लिए अभिशाप है। हमें इससे दूर रहने की जरूरत है। जिसे लेकर सभी के सहमति से शराब बनाना और बिक्री करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। ताकि नशा पान से गांव में किसी भी तरह का परेशानी ना हो। पंचायत समिति सदस्य सरवन उरांव ने कहा कि नशापन के कारण कई तरह के छोटे-मोटे घरेलू हिंसा के साथ-साथ कई बड़ी घटना होती है। जिसे लेकर गांव में बैठक हुई है ताकि इस पर रोक लगाया जा सके। इसके साथ ही शादी विवाह समारोह में रात्रि में डीजे बाजा बजने के कारण कई घटना सुनने को मिलता है। जिससे काफी परेशानी गांव वाले लोगों को उठाना पड़ता है। जिसे भी बंद का निर्णय लिया गया है और खुले मवेशियों के कारण कई लोगों का खेती फसल नष्ट हो जाती है बर्बाद होता है उसे पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवसर पर कुशीला उरांव, ललिता उरांव, देवमणि उराइन, सुमंति उरांव, बसंती, सीलो उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोहरदगा : गणतंत्र दिवस के दिन होने वाले कार्यक्रमों के समय में हुआ बदलाव

खबर मंत्र संवाददाता

**बीएस कॉलेज स्टेडियम में मुख्य अतिथि सुबह 8 .30 बजे करेंगे झंडोत्तोलन**

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में हुए विचार-विमर्श उपरांत गणतंत्र दिवस के दिन बीएस कॉलेज में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह, महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और विभिन्न कार्यालयों में होने वाले झंडोत्तोलन के समय बदलाव किया गया है। संशोधित समयानुसार अब सुबह 7 बजे उपायुक्त आवास में उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद नप क्षेत्र लोहरदगा में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण सुबह 7.20 बजे से 7.50 बजे तक किया जाएगा। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 10.15 बजे किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन सुबह 11 बजे किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सुबह 10.20 बजे और पुलिस लाईन में सुबह 11.15 बजे किया जाएगा। डीडीसी द्वारा पुराना डीआरडीए कार्यालय में सुबह 10.25 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। जिला परिषद कार्यालय प्रांगण में जिला परिषद अध्यक्ष, द्वारा सुबह 10.30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। अनुमण्डल कार्यालय में सुबह 10.35 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। एसडीपीओ द्वारा सुबह 10.40 बजे एसडीपीओ कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया जाएगा। डीडीसी द्वारा केंद्रीय विद्यालय बरही में झंडोत्तोलन किया जाएगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 8.30 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि का सैल्युटिंग बेस पर आगमन सुबह 8.15 में होगा। कार्यक्रम में झांकी व अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

### गुमला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये 104 मामले

# जनता की समस्या का हरसंभव समाधान त्वरित गति से की जायेगी : धनंजय सिंह

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** मुख्यमंत्री के निर्देश व डीजीपी के मार्गदर्शन में बुधवार को नागरिकों के शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु गुमला के नगर भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पुलिस उप महानिरीक्षक जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट के धनंजय कुमार सिंह, एसपी शंभू कुमार सिंह, डालसा सचिव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में आम जनता को त्वरित व सुगम न्याय प्रदान करने के लिए सरकार के निर्देश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आम जनता इसका पूरा लाभ उठायें और शिविर में आकर अपनी समस्या रखें। सम्सया का हर संभव समाधान त्वरित गति से की जाएगी। वहीं गुमल जिला के घाघरा थाना, बसिया, रायडीह, चैनपुर व डुमरी में भी शिविर का आयोजन किया गया। पूरे जिले में कुल 104 मामले आम जनता ने रखें। सभी शिकायतों का पंजीकरण कर उसका रसीद शिकायत कर्ता को दिया गया। वहीं त्वरित कार्रवाई हेतु थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के तहत महिला सुरक्षा कानून, पीड़ितों को मुआवजा, डायन प्रथा, अपराध आदि पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, सार्जेंट अभिमन्यु कुमार व कई लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा पुलिस ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया आयोजन, आइजी ने कहा

# शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी

खबर मंत्र संवाददाता



आइजी असीम विक्रांत मिंज को स्मृति चिन्ह देते एसपी।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लोहरदगा।** जिले के नगर भवन में झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर लोहरदगा पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जोन के आईजी असीम विक्रांत मिंज शामिल हुए साथ ही जिले के पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के साथ पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जिले भर के फरियादी अपनी फरयाद लेकर पहुंचे और मौखिक और लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई और उसे त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों ने संबंधित विभाग और थानों को निर्देश भी दिया। लोगो की समस्या को त्वरित निपटारा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन जिले के साथ साथ सभी थानों क्षेत्र में किया जा रहा है ताकि लोग अपनी शिकायत ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से दर्ज करा सके। कार्यक्रम को लेकर आईजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा यह कार्यक्रम लोगो के लिए है और उनकी शिकायत के समाधान के लिए किया जा रहा यह राज्य सरकार और झारखंड पुलिस की एक अच्छी पहल है जिससे लोगों को लाभ होगा और उनके शिकायत पर त्वरित कारवाई की जायेगी। पहले भी यह कार्यक्रम हो चुकी है जिसमे लोगो की शिकायत मिली थी उसमे आधे से ज्यादा मामलों का निपटारा किया गया है और कार्यक्रम के माध्यम से और लोगो का शिकायतों को निपटारा किया जाएगा। इसमें शिकायतकर्ता को पुलिस की ओर से फोन जाएगी, जिसमें केस को लेकर सभी तरह की जानकारी दी जाएगी। मौके पर एसी जितेंद्र मुंडा, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीओ अमित कुमार, आईटीडीए डायरेक्टर, सीओ, नगर प्रशासक सभी थाना के प्रभारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गुमला : डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए आर्शीवचन कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने आगामी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आप की बोर्ड की परीक्षाएं निकट हैं। परीक्षा के प्रति जागरूकता, इसमें अपना रोल और पिछले बैच की सफलता का कारण जानना जरूरी है। आपके पास दो रास्ते हैं या तो अभी परिश्रम कर आनंदपूर्वक सफलता तक पहुंचना या फिर बाद में कठिन मार्ग से सफलता तक पहुंचना। इसमें पहला तरीका श्रेयस्कर है। पिछली परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि कितना पढ़ते हैं से ज्यादा जरूरी है कैसे पढ़ते हैं। इस अवसर पर कक्षा दशम के कक्षाचार्य आशीष कुमार मिश्रा, मिथलेश कुमार दुबे, संजुक्ता खटुआ, अभिजीत झा समेत सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दुमका ने चतरा को सात विकेट से हराया

### जेएससीएस अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में चैतन्य वीर के नाबाद शतक व तीन विकेट के बदौलत दुमका ने चतरा को सात विकेट से पराजित किया। चतरा की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरूआती शीर्ष के पांच विकेट महज 28 रनों पर गंवाने के बाद शुभम मिश्रा व भरत कुमार राणा के अर्धशतकीय पारी के बदौलत टीम ने 43.3 ओवरो में सारे विकेट गवां 189 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शुभम 55, भरत 57 व श्रेयांश ने 25 रनों की पारी खेली। दुमका की ओर से चैतन्य व विभू ने तीन -तीन और आर्या चक्रवर्ती ने दो विकेट हासिल किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुमका की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। चैतन्य ने 17 चौके के सहारे 103 रनों की नाबाद पारी खेली। करण ने 22 व आयुष ने 18 रनों का योगदान दिया। चतरा के नैतिक को दो व कुंदन को एक विकेट मिला। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए चैतन्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टी आर डी ओ राजेश झा, एल ओ अवधेश कश्यप, अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार व स्कोरर शशिभूषण मिश्रा मैन ऑफ द मैच को पांच हजार कैश अवार्ड के साथ ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जे एस सी ए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश विमल, सौरव विश्वकर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## छजा गिरने से राजमिस्त्री की मौत, दो मजदूर घायल



भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र के बीटपी गांव में निमार्णाधीन आवास के छ्ज्जा में रेलिंग जुड़ाई करने के दौरान राजमिस्त्री की गिरकर मौत हो गई। मृतक राजमिस्त्री की पहचान बीटपी गांव निवासी बासु उरांव के पुत्र चंपा उरांव (35 वर्ष) के रुप में हुई है। जबकि दो अन्य मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने चंपा उरांव को मृत घोषित कर दिया है। जबकि दो अन्य मजदूर बीटपी गांव निवासी राजेंद्र उरांव के पुत्र अर्पण उरांव (22 वर्ष) व एतवा उरांव के पुत्र राजू उरांव (35 वर्ष) को गंभीर चोटें आई है। जिसमें राजू उरांव का एक हाथ टूट गया है। जिसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बीटपी गांव में राजू उरांव का घर निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसमें छज्जा में रेलिंग जुड़ाई कार्य चल रहा था। इसी दौरान छज्जा ध्वस्त हो गया। इससे सभी मजदूर नीचे गिर गए। जिसमें चंपा उरांव दब गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पत्नी सुशीला उरांव व मृतक के संतान का रो रो कर बुरा हाल है। भंडरा थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## न्यायलय से न्याय मिलने के बाद पूर्व प्रमुख ने पुनः लिया प्रमुख का पदभार



भंडरा। भंडरा प्रखंड में बुधवार को एक बार फिर से पूर्व प्रमुख बरिया देवी ने प्रमुख का पदभार ग्रहण किया है। बता दें कि भंडरा प्रखंड में प्रखंड प्रमुख बरिया देवी के कार्य प्रणाली से नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने विगत 12 फरवरी 2024 को अविश्वास प्रस्ताव पारित कराया था। इसके बाद प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने 12 फरवरी 2024 को पारित अविश्वास प्रस्ताव की न्यायसंगतता को राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड रांची में 20 फरवरी 2024 को आवेदन देकर चुनौती दी गई थी। जिसके उपरांत भंडरा प्रखंड में 12 फरवरी 2024 से 12 सितंबर 2024 तक प्रखंड प्रमुख का पद रिक्त था। इसके बाद उप प्रमुख राजमनी उरांव को प्रमुख पद का पदभार सौंपा गया था। इस दौरान प्रखंड प्रमुख बरिया देवी द्वारा न्यायालय, राज्य निर्वाचन आयुक्त, झारखंड में दिए चुनौती में न्यायालय ने पीठासीन पदाधिकारी, पंचायत समिति सह एसडीओ लोहरदगा द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को नियमावली के उक्त प्रावधनों के दृष्टिगत चूंकि कोरम पूरा नहीं होने को लेकर अविश्वास प्रस्ताव अपेक्षित सदस्यों के उपस्थिति नहीं होने के कारण निरस्त माने जाने की बात अंकित की है। न्यायलय से न्याय मिलने के बाद बुधवार को प्रमुख बरिया देवी ने पुनः भंडरा प्रमुख का पदभार ग्रहण किया।

## सुविधा केंद्र से चोरों ने कई सामानों की चोरी की



जारी। जारी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबू मोबाइल रिपेरिंग एंड ऑनलाइन सुविधा केंद्र से प्रिंटर, चार्जर, एयरफोन, ब्लूटुथ आदि समानों की विगत रात को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। वहीं पीड़ित बाबूलाल चीक बड़ाईक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक दिन की भांति मंगलवार को दुकान बन्द करके घर चला गया। जब बुधवार सुबह दुकान खोलने आया तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और अन्दर समान बिखरा हुआ है। इसकी सूचना जारी थाना को दी। उन्होंने बताया कि ऋण लेकर दुकान खोला था। जारी थाना के एएसआई विनय कुमार करवाई करने का आश्वासन दिया।

## संविधान को जानना सभी की जिम्मेवारी : अजातशत्रु

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, भाजपा जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस, मंत्री मिथुन तमेड़ा, तत्पश्चात प्रश्नोत्तरी का मूल्यांकन कर प्रतिभागी विद्यार्थियों में से अधिकतम अंक प्राप्त किया भैया बहनों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय का चयन किया गया। मौके पर अजातशत्रु ने कहा कि संविधान को जानना-समझना देश के हर एक व्यक्ति का जिम्मेवारी है। संविधान किसी व्यक्ति विशेष और दल का नहीं होता। पशुपतिनाथ पारस ने कहा कि संविधान स्वयं एवं दूसरों के प्रति सकारात्मक कर्तव्य को निर्धारित करता है। बाल्मीकि कुमार ने कहा कि मोर्चा के माध्यम से हर वर्ष कई प्रकार के प्रतियोगिताओं को भिन्न-भिन्न स्थानों पर आयोजित करती है और यह आयोजन उन सभी योजनाओं में विशेष है। यह सोच भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। संविधान की चर्चा राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेरित करती है। प्रथम प्राप्त करने वाली बहन कशिश कुमारी, द्वितीय प्राप्त करने वाली बहन श्वेता कुमारी और तृतीय प्राप्त करने वाले भैया वैभव भास्कर बने।

## भंडरा : उदरंगी मुखिया गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के लिए जायेगे दिल्ली

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचेंगे। पंचायती राज द्वारा भंडरा प्रखंड से उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली को निमंत्रण देने को लेकर प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई है। बता दे कि लोहरदगा जिले के तीन मुखिया को निमंत्रण भेजा गया है। जिसमें उन्हें राज्य पंचायती आयोग द्वारा सह परिवार के साथ परेड अभ्यास में भाग लेना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झांडोतोलन करेंगे। मौके पर भंडरा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि भंडरा प्रखंड से मुझे आमंत्रण मिला है जिससे काफी गर्ववंतित महसूस हो रही है। बधाई देने वालो मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, भाजपा नेता बालकृष्णा सिंह, मुखिया सुमित कुमार, टेले उरांव, ममता कुमारी, सुमन्ति कुमारी, सहित कई गणमान्य शामिल थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भाजपा ने डॉ अंबेडकर की याद में संविधान गौरव दिवस मनाया

### कांग्रेस ने संविधान को तार-तार किया : दिनेशानंद गोस्वामी

खबर मंत्र संवाददाता



संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते दिनेशानंद गोस्वामी।

**गुमला।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर बुधवार को जिला भाजपा के द्वारा पर्यटन भवन परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की याद में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी शामिल हुए। मौके पर गोस्वामी ने संविधान की रक्षा की दुहाई देने वाली कांग्रेस पर अपने शासन काल में वोट बैंक की खातिर संविधान में छेड़छाड़ करने का गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल में विपक्ष को जेल भेज कर बिना बहस के संसद में संविधान के प्रियमबल में धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवाद शब्द को जोड़ कर संविधान की आत्मा को तार तार करने का काम किया था। साथ ही अपने फायदे के लिए संसद के तत्कालीन कार्यकाल को एक साल बढ़ा कर छह साल किया। अपने शासनकाल में कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए 75 बार संविधान में संशोधन किया। जबतक बाबा साहब अम्बेडकर जीवित रहे कांग्रेस हमेशा उन्हें अपमानित करने का काम किया। बाबा साहेब अंबेडकर को भारतरत्न देने के लिए देश को सवा चार दशक इंतजार करना पड़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने की। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों मण्डल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को 30 जनवरी तक चलनेवाली सदस्यता अभियान को हरहाल में पूरा कर लेने का आह्वान किया। संविधान गौरव दिवस के जिला संयोजक सह पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किया एवं भाजपा पर संविधान को लेकर विरोधियों द्वारा फैलाये जा रहे झूठ की राजनीति को पुरजोर तरीके से मुंहतोड़ जवाब देने का आह्वान किया। संचालन जिला महामंत्री रामावतार भगत एवं धन्यवाद ज्ञापन खुशमन नायक ने की। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पायल तिवारी, जिप उपाध्यक्षा संयुक्ता देवी, महामंत्री रामावतार भगत, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष छोटेलाल उरांव, महिला मोर्चा अध्यक्ष गौरी किंडो, सत्यनारायण पटेल, जागेश्वर सिंह, भूपन साहू, विनोद कुमार, दामोदर कसेरा, भोला चौधरी, जगनारायण सिंह एवं संजय कुमार साहू, नवनिर्वाचित चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह, आइटी सेल के गुड्डी नंदा, बालकेश्वर सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, शैल मिश्रा शकुंतला उरांव, सोनामनी देवी, सुजीत नंदा, विकास सिंह, सनोज वर्मा, जगत ठाकुर, पप्पू गुप्ता, लक्ष्मी यादव, शत्रुध्न भगत, मनोहर बड़ाइक, गोपाल केशरी, रामअवध साहू, लक्ष्मीकांत बड़ाइक आदि उपस्थित थे।

# कैरो में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

### विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाया जायेगा : डॉ शंभु नाथ

खबर मंत्र संवाददाता



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुहर्रम टांड़ में बुधवार स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सिविल सर्जन शंभु नाथ चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य होता है की ग्रामीण क्षेत्र में रहने वालों को भी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए जो ग्रामीण दूर जाकर इलाज नहीं करवा पाते हैं वैसे लोगों को भी इस मेले के माध्यम से शुगर, बीपी, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी सहित छोटी व बड़ी सभी तरह के बीमारी का इलाज निशुल्क मिल सके साथ ही अगर जरूरत पड़े तो बेहतर इलाज के लिए और भी बड़े अस्पताल ले जाने का भी सुझाव दिया जा सके। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख, बीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लोगों को देते हुए अलग अलग स्टोल में लगे जांच शिविर में जांच करवाकर दवा लेने के लिए भी उत्सुक किया गया। कार्यक्रम के बारे में कैरो उपस्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ राकेश कुमार द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ कुमारी शिला उरांव, नाजिर आलम खान, बीरेंद्र महली व पदाधिकारी, अधिकारी, जनप्रतिधियों, स्वास्थ्य कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मनिका थाना पुलिस ने अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत मटलोंग पंचायत स्थित नुन्फोरवा गांव में दिन बुधवार को कांड संख्या 91/ 2023 के अभियुक्त विमल उरांव,पिता स्वर्गीय नागेश्वर उरांव के घर इश्तिहार चिपकाया। वहीं विमल उरांव 302 / 201, आईपीसी का नाम जत अभियुक्त है। मौके पर मनिका थाना के एएसआई मिश्रा मांझी,समेत कई पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना का लाभ उठाने की अपील

**लातेहार।** मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना अन्तर्गत भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार से 50 प्रतिशत अनुदान पर 34-40 एचपी के बड़े ट्रैक्टर मिलेंगे, बड़े ट्रैक्टर के साथ किसानों को 2 सहायक कृषि यंत्र लेना अनिवार्य होगा, सहायक यंत्रों पर 80 प्रतिशत अनुदान मिलेगा, इस योजना की कुल लागत 10 लाख रुपया, जिसमें अधिकतम अनुदान 5 लाख रुपया है। वैसे समूह जो मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना का लाभ लें सकतें हैं। जो महिला स्वयं सहायता समूह, लैम्प्स, पैक्स, एफपीओ, किसान समूह/किसान संगठन, जलछाजन समिति आदि, वैसे समूह जिनके पास 10 एकड़ जमीन, वैध वाहन लाइसेंस आदि हो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी, जिले को प्राप्त कुल लक्ष्य पर 50 प्रतिशत ट्रैक्टर वितरण हेतु विधायक अनुशंसा की प्राथमिकता का प्रावधान, वित्तीय वर्ष 2023- 2024, 2024-2025, 2025-2026 में कुल 90 बड़े ट्रैक्टर का जिले को लक्ष्य। योजना का क्रियान्वयन आवेदनों पर जिला स्तरीय कमिटी से अनुमोदन उपरांत होगा।

**आवेदन अहर्ता :** समूह गठन की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, जमीन की रसीद,वंशावली, बैंक पासबुक की प्रति, समूह का फोटो जरूरी है। लाभ उठाने के लिए भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार, जिला सहकारिता कार्यालय, लातेहार एवं सभी प्रखंड के जेएसएलपीएस कार्यालय से आवेदन प्राप्त / जमा किया जा सकता है।

### गणतंत्र दिवस को लेकर झंडोतोलन का समय सारणी तय



**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर दिन बुधवार को समय सारणी तय करने हेतु बैठक आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड संसाधन केंद्र 8:00 बजे, वनरोपण 8:10 बजे, प्रादेशिक वन क्षेत्र कार्यालय 8:15 बजे,राजद कार्यालय 8:20 बजे, भाजपा कार्यालय 8:30 बजे, पशुपालन कार्यालय 8:40 बजे ,पंचायत भवन 8:50 बजे,प्रखंड कार्यालय 9:15 बजे, कांग्रेस कार्यालय 9:30 बजे,कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन 9:40 बजे,थाना परिसर 9:45 बजे, झामुमो कार्यालय 9:55 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 10:05 बजे, उच्च विद्यालय 10:15 बजे, डॉ भीमराव प्रतिमा स्थल 10:25 बजे और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 10:35 बजे झंडोतोलन करने का समय तय किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिमा देवी,बीडीओ संदीप कुमार, उमेश यादव, आत्मा सिंह, अमरेंद्र कुमार पाठक, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बारियातु, हेरहंज, बालूमाथ के ग्रामीणों की शिकायत को सुना गया । जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 16 प्राप्त आवेदन प्राप्त हुए । जिसमें से 5 मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा कर दिया गया ।कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि थाना में आयोजित इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आने वाले सभी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निपटारा करने का प्रयास किया जाता है ।जिसमें से कुछ मामले रह जाते हैं जिन्हें बाद में निपटारा कर दिया जाता है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में ऐसे लोग जिन्हें थाना या अंचल आने में डर लगता है ।वैसे मामले का आवेदन प्राप्त कर हम लोग ऑन द स्पॉट निपटारा कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि टोल फ्री नंबर 112,193 पर फोन कर ग्रामीण अपना शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। मौके पर प्रभारी अमरेंद्र कुमार,बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार एवं हेरहंज थाना एसआई सुबोध सिंह,बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार, हेरहंज सी.आई शोएब अख्तर,बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### 350 मरीजों का हुआ नि:शुल्क जांच और उपचार

**गारु।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित रेफरल अस्पताल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया ।जिसमें जिला परिषद सदस्या जीरा देवी और प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित आजाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। इस मेले में दूर-दूर से गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर अपना इलाज कराया। इस स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना था। मेले में विभिन्न स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए थे, जहां लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान किया गया ।मौके पर प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित आजाद ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य मेलों का आयोजन न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है ।इस तरह का मेले का आयोजन आने वाले दिन में भी किया जाएगा ।ताकी ग्रामीणों को एक साथ विभिन्न बीमारियों का समाधान प्राप्त कर सके। इस स्वास्थ्य मेले में लगभग साढ़े तीन सौ मरीजों का जॉच और उपचार किया गया ।साथ ही ए एन सी जांच तेरह,नौ कुष्ठ मरीजों के बीच दवा वितरण, नौ आभा कार्ड ओर नौ आयुष्मान भारत कार्ड, ओर तीन टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष कमरूदीन खलीफा, बीपीएम संजीव कुमार दुबे ,लिपिक अभिषेक कुमार, माणिकचंद कुमार,समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी और गारु थाना के पुलिस कर्मी शामिल थे।

---

मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान में अज्ञात अपराधियों ने फोरलेन साइड पर चलाया गोली

# गोली लगने से साइड इंजीनियर घायल

■ घटना से लोगों में दशहत, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित दोमुहान नदी में बन रहे फोरलेन के पुल निर्माण साइड पर दिन बुधवार को लगभग दोपहर में अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं इस गोलीबारी में साइड इंजीनियर दीपांकर के पैर में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना एसआई सत्येंद्र कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। इधर घायल इंजीनियर को अन्य कार्मिक सहयोग से मनिका अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। वहीं कार्यस्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात लोग आये और लगातार गोलीबारी करने लगे। जिसमें साइड इंजीनियर दीपांकर को पैर में गोली लगी है। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक अपराधी गोलीबारी करके वहां से फरार हो चुके थे। उक्त मामले में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि गोलीबारी की घटना हुई है। मामले की जांच की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किसी संगठन या किसी गिरोह के द्वारा गोली चलाया गया है। हालांकि मनिका पुलिस के द्वारा पूरे घटना की गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है और फरार अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही थी।



घटना की जांच करते मनिका पुलिस की टीम।

---

सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य मांगों को लेकर बरवाडीह व्यवसायियों ने अपनी प्रतिष्ठानों को रखा बंद

# दुकानदारों की समस्याओं की अनदेखी नहीं की जायेगी बर्दाश्त : दीपक राज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** अपनी प्रमुख मांगों को लेकर बुधवार को बरवाडीह व्यवसायिक समिति द्वारा बुलाया गया बाजार बंद पूरी तरह सफल रहा। व्यवसायियों ने अपनी- अपनी प्रतिष्ठानों को स्वतः ही बंद रखा। आवश्यक सेवाओं जैसे मेडिकल स्टोर, सब्जी, फल और दूध की दुकानों को इस बंद से बाहर रखा गया था। इनके अलावा सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानें सुबह से ही बंद रहीं। व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने सभी व्यवसायियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने स्वतः व शांतिपूर्ण ढंग से अपनी प्रतिष्ठानों को बंद रखकर आपसी एकता की मिसाल पेश की है। यह बंद का निर्णय व्यवसायिक हित के लिए ही लिया गया था। परिस्थितियां व समस्याएं किसी के साथ कभी भी हो सकती है। समिति हर समस्याओं में आप सभी के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। इस दौरान व्यवसायिक समिति ने दुकानदारों की प्रमुख मांगों को लेकर बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज व जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर को एक मांग पत्र सौंपने का काम किया। समिति ने बरवाडीह सम्पूर्ण बाजार में आवश्यक स्थानों एवं मुख्य चौक-चौराहों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की ताकि अपराधियो कि पहचान कि जा सके और प्रशासन को कारवाई करने में सुविधा हो सके। वहीं आदर्श नगर होते हुए मुख्य बाजार, मुर्गा मंडी, सब्जी बाजार, बस स्टैंड और विवेकानन्द चौक आदि 50 से अधिक मुख्य स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने।

बाजार क्षेत्र में आगजनी जैसी घटनाओं से निपटने के लिए फायर अलार्म सिस्टम लगाने, बरवाडीह बाजार एवं बस स्टैंड में बंद पड़े शौचालय को अविलंब क्रियान्वित कराने और बरवाडीह बाजार क्षेत्र में आने वाले सभी दुकानों का पंचायत स्तर पर ट्रेड लाइसेंस निर्गत कराने आदि मांग शामिल हैं। मांगपत्र सौंपने के दौरान समिति के अध्यक्ष दीपक राज के साथ- साथ शिव शंकर प्रसाद, मदन प्रसाद, हसीब अंसारी, कृष्णा कसेरा, पवन सोनी, गुलाम असगर और मनोज सोनी समेत अन्य कई व्यवसाई मौजूद थे।



मांगपत्र सौंपती व्यवसायिक समिति।

---

भविष्य निर्माण में निर्णायक पड़ाव है 12 वीं बोर्ड की परीक्षा: फादर जोसेफ

## खीस्त राजा विद्यालय में 10 वीं के 159 विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** खीस्त राजा विद्यालय परिवार के द्वारा बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर दसवीं कक्षा में अध्ययनरत 159 विद्यार्थियों को विदाई दी गई। चंदवा पल्ली में फादर मार्सेल व फादर जोसेफ की अगुवाई मिस्सा पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम के पश्चात विदाई कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना के साथ हुई तत्पश्चात आठवीं नौवीं व अन्य कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई गीत समेत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए फादर जोसेफ एक्का ने कहा कि आप सभी के भविष्य निर्माण में 10 वीं बोर्ड की परीक्षा महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस परीक्षा के बाद आप सभी विद्यार्थियों को कैरियर बनाने कई रास्ते प्रशस्त होंगे, कोई आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, सैनिक समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बना कर देश की सेवा कर सकते हैं, इस लिए आने वाल समय आपके भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है, पूरी लगन, मेहनत व ईमानदारी के साथ आगामी दशवीं की परीक्षा में भाग लें व अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास करें। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदा किया, साथ ही आगामी परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित करने किये जाने की भी बात कही। मौके पर विद्यालय के कुलदीप लकड़ा, शांति एक्का, दीपा भेंगरा, सुनीता तिर्की, बसंती कुजूर, पूनम एक्का, अनूप लकड़ा, अमरदीप नगेसिया, अनूपा कुमारी, अणिमा टोप्पो, समीर बारला, सुनीता तिर्की, बसंती कुजूर, रोहित कच्छप, मो. इम्तियाज अंसारी, प्रियंका कुमारी, सुधीर लकड़ा, अनिल लकड़ा, रोमानुस नगेसिया, पातरिक बारला, रोहित कच्छप समेत समेत सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

### उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के पहल ईंट भट्ठे में काम करने आये 17 मजदूरों को कराया गया मुक्त

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशन में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने अभियान चलाकर चंदवा थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे में काम कर रहे 17 मजदूरों को मुक्त कराया। सीओ श्री पाठक ने बताया उतर प्रदेश के एक ठेकेदार के द्वारा भ्रामक रूप से कुछ मजदूरों को एक सप्ताह पूर्व चंदवा प्रखंड के ग्राम चीरो के ईट भट्ठा में काम करने के लिए लाया गया था। जिसकी सूचना उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को मिली। मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशन में अग्रेतर कार्रवाई करते हुए मजदूरों को वापस भेजने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद सभी मजदूरों को मंगलवार को सकुशल बनारस की ट्रेन से वापसी कराई गई। रिहा किये जाने वाले मजदूरों सोनू सिंह, नवरतन, प्रेम सिंह, सोनू,रिसीपाल, धर्मवीर सिंह, मंटू, मनोज, विकास, कविता, चांदनी, धुरीनाथ, अतरगुली, जगरोशनी, सविता, सरस्वती, सोमती सभी उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

---

## जय बापू,जय भीम, जय संविधान का निकाला मार्च



मार्च में शामिल कांग्रेसी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के अध्यक्षता में बुधवार को बारियातू मे जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभिवान मार्च निकाला गया। अभियान का नेतृत्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, प्रखंड प्रभारी सुरेंद्र भारती, जिला से दरोगी यादव विश्वनाथ पासवान ने किया। मार्च को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष रीगन ने कहा कि वर्तमान में देश की जो हालात है, उसका जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। वे देश को जिस दिशा की ओर ले जाना चाहते है वह दिशा संविधान से हटकर है। इसी कारण लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है। इसे खत्म करने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. आंबेडकर का भी अपमान किया जा रहा है जो देश बर्दास्त नहीं करेगा।

**जबतक गृह मंत्री स्थिपा नहीं देते तबतक आंदोलन किया जायेगा**

गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर को अम्बेडकर अम्बेडकर अम्बेडकर 6 बार कहते हुए कहा की इतना यदि भगवान का नाम लेते तो सात पुस्तो तक स्वर्ग मिल जाता, और उनके बचाव में खुद प्रधानमंत्री लगे हुए है। कांग्रेस प्रखंड प्रभारी सुरेंद्र भारती ने कहा कि इस अभियान मार्च के माध्यम से देश के गृहमंत्री अमित शाह को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान का बदला पूरे देशवासी जरूर लेंगे। देश संविधान से चल सकता है। देश संविधान और डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मौके पर कुलदीप राम, चलितर राम, भगन उरांव, देवलाल उरांव, भोला राम, मोहन उरांव, नग्न उरांव, मो. ईशा, संजय राम, मनोज कुमार, बिगन पाहन, बालकिशुन गंझु, परमेश्वर उरांव, सूरज उरांव, सुरेन्द्र उरांव, रोहित उरांव, रोहन उरांव, बालसी उरांव, राजेंद्र उरांव, प्रदीप उरांव, गंगा उरांव, सहित काफी संख्या मे लोग शामिल थे।

---

साइबर अपराधियों के निगाह में आपका स्मार्टफोन, थोड़ी लापरवाही पड़ सकती है भारी

# साइबर अपराधियों ने युवक के खाते से उड़ाए 52664 रुपाए, जांच में जुटी पुलिस

**डिजटल अरेस्ट, विभिन्न योजनाओं का एपीके फाइल व पैसे भेजने का लालच देकर करते है ठगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** साइबर अपराधी नित दिन भोले भाले लोगो को ठगी करने का शिकार बनाने को लेकर नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। साइबर अपराधी वाट्सअप कॉल कर अभिभावकों को बच्चे के किसी जघन्य अपराध में शामिल होने, किसी परिचित का दुर्घटनाग्रस्त होने, मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में डिजिटल अरेस्ट होने का भय दिखा कर केस को मैनेज करने के नाम पर पैसे का डिमांड करते हैं। इसके अलावे केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के नाम से भी एपीके फाइल बनाकर व किसी परिचय के नाम पर पैसे भेजे जाने का लालच देकर आगे का शिकार बना रहे हैं। प्रशासन की लगातार अपील के बावजूद भी लोग साइबर ठगी का शिकार होने से नही बच पा रहे हैं। ताजा मामला चंदवा के बोरसीदाग से आया है, जहां शिकेश्वर उरांव पिता विगु उरांव के फोन पे से साईबर अपराधियों ने 52 हजार 664 रुपये की निकासी कर ली। भुक्तभोगी युवक ने फोन नंबर 7250945433 से मेरे नंबर पर फोन आया और बोला कि गुमला आंगनबाड़ी केंद्र से बोल रहे हैं, फोन पे चलाते हो, मैने हां कहा तो उन्होने कहा तुम्हारे फोन पे पर पैसा भेज रहा हूं जो कहूं करते जाओ। उसके बताए निदेर्शों का पालन किया, इसके बाद पहली बार में 28102 रुपए दूसरी बार में 4598 रुपए तीसरी से छठे बार में 4991-4991 रुपए करने कुल 52664 रुपये की निकासी कर ली। इसके अलावे एक युवक से डिजिटल अरेस्ट किए जाने के नाम पर लाखो रुपए ट्रांसफर करा लिया गया है। इधर दोनों मामला में पुलिस भुक्तभोगियों का आवेदन के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है।

**लातेहार एसपी कुमार गौरव ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों की जागरूक अपील**

बता दें कि लगातार बढ़ती साइबर अपराध की घटनाओं के मद्देनजर लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों से सजग और सतर्क रहने की अपील की है। एसपी श्री गौरव ने अपील करते हुए कहा कि इनदिनों इस प्रकार के काफी मामले आ रहे है। लोगों को ऐसे साइबर अपराधियों से सावधान रहने की जरूरत है। अगर ऐसा मामला हो जाए तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें या फिर साइबर क्राइम के ऑफिसियल बेवसाइट पर भी दे सकते हैं।

---

## एक नजर में

### मेला को लेकर सरयू में हुआ बैठक

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड मुख्यालय के आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल में 24 जनवरी को झारखंड सरकार की ओर से प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगाने हेतु और स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने को लेकर रेफरल अस्पताल गारु के चिकित्सा प्रभारी अमित आजाद के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें सरयू के प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ,जिला परिषद सदस्या बुद्धेश्वर उरांव और प्रखंड प्रमुख अमिता देवी उपस्थित रहे। वही चिकित्सा पदाधिकारी अमित आजाद ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, महिला एवं पुरुष, बाल स्वास्थ्य, आंखों की जांच, दंत चिकित्सा, पोषण परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया जांच, टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य आयुष्मान भारत हेल्थ कॉर्ड समेत कई बीमारियों का इलाज और परामर्श नि शुल्क प्रदान किया जाएगा। जिसको लेकर प्रखंड के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। जिसमें निर्णय किया लिया गया कि हर गांव और कस्बों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग उपस्थित हो कर इस स्वास्थ्य मेला में पहुंच अपना हर बीमारियों संबंधित परामर्श और चिकित्सा का लाभ उठाए। मौके पर सरयू प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने बताई कि यह स्वास्थ्य मेला का उद्वेश्य है कि राज्य के हर नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया जा सके। और साथ ही प्रखंड निवासियों से आग्रह किए कि उक्त स्वास्थ्य मेला में आकर नि शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा और परामर्श का लाभ उठाएं। मौक जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, प्रखंड प्रमुख अमिता देवी, जितेन्द्र कुमार पाठक, दीपक कुमार, शिवमंगल सिंह, कार्तिक उरांव उपस्थित थे।

### बरवाडीह थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का हुआ आयोजन

**बरवाडीह।** बुधवार को बरवाडीह थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में एसडीपीओ भरत राम, इंस्पेक्टर अनिल कु. सिंह, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, सब-इंस्पेक्टर मनिका शशि कुमार, सब-इंस्पेक्टर रितेश कु राव और बरवाडीह अंचल अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की शिकायतों को सुना गया और संबंधित समस्याओं का समाधान करने की पहल की गई। इस अवसर पर बरवाडीह एसडीपीओ और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पूर्व में चोरी हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। इस सराहनीय कार्य ने पुलिस प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत किया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने जनता को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जन शिकायत समाधान शिविर में महिला अत्याचार के 01 मामले और भूमि विवाद से संबंधित 13 मामले आए। इसके अलावा शिविर में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें मनिका थाना से 08 मामले, बरवाडीह थाना से 25 मामलों में 14 का निपटारा ऑन द स्पॉट किया गया। वहीं 11 मामले की जांचोपरांत कारवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। छिपादोहर थाना से 10 मामले आए जिनमें 1 का निपटारा और 9 मामलों पर जांचोपरांत कारवाई की बात कही गई।

### बालूमाथ में हाईवा ऑनर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल रोज गार्डन में बुधवार को हाईवा ओनर्स एसोसिएशन लातेहार की एक बैठक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में मुख्य रूप से चर्चा हुई उसमें तुबैद कोलियरी से बिराटोली कोयला साइडिंग तक नए परिवहन कार्य में भाड़ा तय नहीं किया जाना,वही तुबैद से कुसमाही कोयला साइडिंग ढुलाई कार्य में तय भाड़े में 10% भाड़ा बढ़ोतरी पर चर्चा हुई ।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल्द ही इसको लेकर तो तुबैद कोलियरी के प्रबंधक से बात कर माइंस के अंदर लोडिंग बंद करने की मांग की जाएगी । एवं भाड़ा बढ़ोतरी और भाड़ा तय करने को लेकर वार्ता होगी ।अध्यक्ष चंद्रदीप साहू ने कहा कि सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में जीपीएस के नाम पर वाहन मालिकों से शोषण किया जा रहा है ।आरसीआर मोड में कोयला उपलब्ध कराया जाए। वही इस बैठक को संगठन के सचिव शहनवाज आलम ने संबोधित करते हुए कहा कि हाइवा का कम भाड़ा में माल ढुलाई होने से हम लोग अपनी गाड़ियों का मेंटेनेंस एवं किस्त की भरपाई भी नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में स्थानीय गाड़ियों को प्राथमिकता दिया जाए ।क्योंकि तुबैद कोलियरी में बाहरी गाड़ियां लाकर कंपनी द्वारा कोयला का परिवहन किया जा रहा है ।अगर हम लोगों की मांगों पर जल्द विचार नहीं किया जाता है। तो जल्दी हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। बैठक में मो. कलीम, संतोष राणा, मो. इरफान, मो. आफताब, कौशल कुमार, मो. अफरोज, चंदन कुमार, मो.आशिक, पंकज कुमार समेत कई हाईवा मलिक शामिल हुए ।

### सीसीएल एवं पीएनएम कंपनी के खिलाफ ट्रक मालिको ने दिया धरना

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में सीसीएल एवं पीएनएम०पीएल कंपनी द्वारा कोयला रेजिंग देने के नाम पर पत्थर मिक्स किए जाने का आरोप लगाकर बालूमाथ और बसिया के ट्रक मालिको ने बुधवार को रैली निकाली ।रैली बालूमाथ एचपी गैस गोदाम से शुरू होकर सीसीएल परियोजना पदाधिकारी कार्यालय तेतरियाखांड तक पहुंची ।इसके बाद रैली धरना कार्यक्रम में तब्दील हो गई ।जिसमें लातेहार के भाजपा विधायक प्रकाश राम सम्मिलित हुए। और धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की सीसीएल एवं पीएनएम कंपनी स्थानीय ट्रक मालिकों का शोषण कर रही है ।स्थानीय लोगों के रोजगार पर डाका डाल रही है। सीसीएल साजिश रच रही है कि तेतरियाखांड कोलियरी को बंद कराया जाए ।लेकिन मैं ऐसा होने नही दूंगा। वही आयोजित सभा को जिप सदस्य पूर्वी प्रियंका देवी,बसिया पंचायत मुखिया विमला देवी,दिलीप यादव,गंगेश्वर यादव, कृष्णा साव समेत कई लोगो ने सम्बोधित किया और ट्रक मालिक की मांग को जायज बताया ।वही आयोजित धरना कार्यक्रम में बालूमाथ के ट्रक मालिक भारी संख्या में पहुंचे थे ।सभी ने मांग करते हुए कहा कि बालूमाथ एवं बसिया पंचायत का एक लाइन करते हुए ट्रक का प्रवेश किया जाए। मौके पर बालूमाथ ट्रक ऑनर मनीष गुप्ता, अर्जुन साव, विकास साव, मो.सिकन्दर, मो.जुनैद, शमीम, मो.साकिब, नामेश्वर गुप्ता, दीपू गुप्ता, बसिया ऑनर अशोक यादव, राजेंद्र लाला, रौशन यादव, प्रकाश यादव, नागदेव यादव, मो.अयूब, बालकिशुन यादव, काली यादव, राजेश राम, राजेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे। वही इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी जेपी रावत से पूछे जाने पर कहा कि तेतरियाखांड कोलियरी में जिस ग्रेड का कोयला है उसी ग्रेड का कोयला रेजिंग दिया जा रहा है । वहीं उन्होंने कहा कि चार लाख टन कोयला जो स्टॉक हो गया है हम लोगों का प्रयास है कि हम लोग उसको बिडिंग कर उठाव का प्रयास करें।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने कई योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** केंद्रीय राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा उर्फ बी एल वर्मा ने आकांक्षी प्रखंड के तहत प्रखंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह महिला जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया, और वितरण का जांच किए। इसके बाद पानी पंचायत करमडीह अमृत सरोवर बड़ा तालाब के निरीक्षण के दौरान तालाब को और बेहतर बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। इसी दौरान ग्रामीण लाभुकों ने जन वितरण को लेकर शिकायत किया। वहीं इसके बाद रेफरल अस्पताल के कुपोषित (एमटीसी)उपचार केंद्र, महिला वार्ड प्रसव केंद्र का निरीक्षण किए। उसके बाद सभी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मी एएनएम को मन लगाकर मरीजों की सेवा करने का निर्देश दिए। वहीं इससे पूर्व रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ बुके देकर स्वागत किए और एएनएम, सहिया सहित अस्पताल कर्मियों के द्वारा स्वागत गान व पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। इसके बाद माननीय मंत्री प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति कनक, अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार एवं प्रखंड प्रमुख आरती दुबे के द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद प्रखंड सभागार में सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों के साथ गोपनीय समीक्षा बैठक किया गया। वहीं श्री बी एल वर्मा ने आकांक्षी प्रखंड के तहत प्रखंड क्षेत्र को विकसित करने के लिए दिशा निर्देश दिए। गई। बैठक के पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि वह कल प्रेस वार्ता के दौरान इसका जवाब देंगे। जबकि उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि पूरे भारत देश में भारत सरकार नीति आयोग द्वारा 500 ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है। जहां पर केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में एकमात्र मझिआंव प्रखंड आकांक्षी प्रखंड है। जहां पर योजनाओं की समीक्षा के लिए मंत्री सर आए हुए हैं। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय,सीएस अशोक कुमार, पंचायत मुखिया अख्तर खान, महताब आलम, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम शंकर दुबे, एजीएम मुकेश कुमार पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



निरीक्षण करते मंत्री

## खबर एक नजर में

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह के समीप बाइक से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान 23 वर्षीय बंटी सोनी पिता संजय सोनी ग्राम पेठियाबागी निवासी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से दुकान से घर जाने के दौरान नावाडीह के समीप जानवर सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद घायल को ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है।

### युवती ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगरीडीह निवासी एक युवती ने बुधवार को घर में डांट पड़ने के बाद जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वहीं युवती के द्वारा जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं युवती की पहचान 21 वर्षीय सिमरन परवीन पिता सिराज अंसारी के रूप में की गयी। वहीं चिकित्सकों की देखरेख में युवती का इलाज चल रहा है।

### विद्युत तार की चपेट में आने से बच्ची घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना अंतर्गत पचाने में बुधवार को घर के समीप लगे विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से एक बच्ची बुरी तरह झुलस कर जख्मी हो गयी। जख्मी हालत में उसे तत्काल ईलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में भर्ती कराया गया। वहीं घायल बच्ची की पहचान सतगावां थाना क्षेत्र के कोठियार पंचायत अंतर्गत पचाने गांव निवासी जानकी राय के 12 वर्षीय पुत्री शालिनी कुमारी के रूप में की गयी।

### सिमरिया चौक पर चलाया गया सफाई अभियान

**सिमरिया।** सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के नेतृत्व में बुधवार को सिमरिया चौक पर विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ता और दुकानदारों के साथ सफाई अभियान चलाया गया। इसके लिए कई दौर की बैठक कर जागरूक किया गया था। सफाई के दौरान बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय और थाना प्रभारी मानव मयंक अपने कर्मचारियों के साथ दिनभर लगे रहे। यह कार्यक्रम सुभाष चौक से अनुमंडल कार्यालय रोड थाना रोड, बगरा रोड, टंडवा रोड और हजारीबाग रोड में चलाया गया। प्रशासन द्वारा झाडू और डस्टबिन भी उपलब्ध करवाया गया। एसडीओ श्री राज बीडीओ श्री प्रसाद सीओ श्री राय और थाना प्रभारी श्री मयंक ने खुद झाडू लगाए और फावड़ा चलाएं।

### लंबित अबुआ आवास की राशि को लेकर मुखिया में आक्रोश

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखण्ड मुखिया संघ की बैठक खूंटीकेवाल पंचायत सचिवालय में बुधवार को आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव ने किया। इस बाबत मुखिया संघ के उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव और सचिव सोनी देवी ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास सभी पंचायत में तो दिया गया है लेकिन पहली किस्त, दूसरी किस्त, तीसरी किस्त, चौथी किस्त,की राशि के लिए लाभुक प्रखण्ड कार्यालय में लगा रहे हैं जिसपे भुगतान में हो रहे विलंब को तत्काल दूर करने के लिए बैठक की गई।

### भाजपा और आरएसएस के मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान डालटनगंज विधानसभा के सदर प्रखंड में पहुंचा। मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने किया। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने संविधान के निर्माता बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर फूल माला अर्पण करके अभियान की शुरूआत किया। कार्यक्रम में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश संविधान से चल सकता है। देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों से चल सकता है। देश संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के सोच से चलाया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में मनाई जाएगी सरस्वती पूजा

**गढ़वा।** शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा को लेकर विश्वविद्यालय में बैठक की गई। बैठक में बीडीएसयू सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी का चुनाव किया गया। जिसमें डॉ. अरविंद कुमार सिंह को अध्यक्ष, डॉ. अमित मिश्रा को सचिव एवं राकेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय भूषण व संचालन प्रवीण सिंह ने की। मौके पर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के प्राचार्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक, झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**भवनाथपुर।** गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 950, वन क्षेत्र कार्यालय 10 बजे, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय 1005, थाना परिसर 1010, कर्पूरी चौक 1030, उच्च विद्यालय 1035, बुनियादी विद्यालय 1045, प्रखंड शिक्षा प्रसार कार्यालय 1050, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय 1105, कस्तूरबा विद्यालय 1120, सभी पंचायत सचिवालय में 930 मे झंडोत्तोलन किया जाएगा। मौके पर सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी तथा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक पार्टी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### समाजसेवी ने रखी डीहवार मंदिर की आधारशिला

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के परती गांव में समाजसेवी पंकज सिंह ने डीहवार बाबा का मंदिर निर्माण का शुभारंभ नींव खुदाई कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी ने कहा कि इस गांव के आदिवासी समुदाय के लोगों का मांग बड़का आंगना के समीप डीहवार बाबा का मंदिर का निर्माण करना था। उन्होंने अपने निजी खर्च से मंदिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इस मंदिर निर्माण की कुल लागत लगभग 15 लाख रुपए है। पंकज सिंह ने कहा कि प्रखंड के लोगों का सहयोग करने के लिए वो हर सम्भव तैयार है। मौके पर सतेन्द्र ठाकुर, लालमुनि चौधरी, राधा सिंह, गौरव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### समावेशी शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**गिद्धौर।** मध्य विद्यालय गिद्धौर में बुधवार को समावेशी शिक्षा के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय, रिसोर्स शिक्षक अशोक कुमार और बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा ने किया। इस कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## बाजार समिति व्यवसायी संघ की बैठक में झंडोत्तोलन का निर्णय



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाजार समिति व्यवसायी संघ की बैठक बाजार परिसर स्थित दुर्गा मंडप के समीप संपन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। संघ के सदस्यों ने बताया कि पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सुबह 11:30 बजे झंडोत्तोलन करेंगे। बैठक में सभी व्यवसायियों से विचार करने के बाद निर्णय लिया गया कि आगामी एक फरवरी से कोई भी गेट पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं दिया जाएगा। बैठक में संघ के सदस्य समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मेला में 517 मरीजों का नि:शुल्क इलाज

**भंडरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रांगण में स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर 517 मरीजों का नि:शुल्क इलाज कर दवा दी गई। इनमें सबसे अधिक 93 मरीज बीपी, शुगर वाले पहुंचे थे। शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार, कमजोरी सहित अन्य मरीजों की भीड़ लगी थी। शिविर में 35 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में मलेरिया, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, कुपोषण, डायबिटीज, मातृत्व चिकित्सा, मोतियाबिंद, दंत चिकित्सा, होम्योपैथी, यक्ष्मा, योग सहित अन्य स्टोल लगाए गए थे। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों ने द्वीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर भंडरिया मुखिया विनय सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी देवी, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता शिविर



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को शहर के गोविंद उच्च विद्यालय में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी संगीता सिन्हा ने बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, डायन प्रथा समेत अन्य कानूनी जानकारी दी। वहीं पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी ने बाल मजदूरी, नशाखोरी, समेत सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंतरराज्यीय कन्फ्रेंस सह सम्मान समारोह आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखण्ड सहित सभी इलाकों में सामाजिक बदलाव और कुरीतियों को समाप्त कर समाज में परिवर्तन लाने के लिए 23 जनवरी को अंतरराज्यीय कॉन्फ्रेंस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोशल चेंजिंग मिशन के सचिव मुमताज अंसारी ने प्रेस कन्फ्रेंस कर बताया कि आज के इस युग में किसी भी समझ में फैली कुरीतियों व बुराइयों को समाप्त कर समाज में एक अच्छा संदेश का मिशाल पेश रखना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव व उद्घाटन कर्ता झामुमो नेता ताहिर अंसारी होंगे। मंच का संचालन तबीब आलम करेंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि डॉ यासीन अंसारी, दीपक प्रताप देव, जिला शिक्षा पदाधिकारी कौशर रजा, धुरकी अंचल पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान गरीब व असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया जाएगा। प्रेस कन्फ्रेंस में हाजी सदर जान मोहम्मद अंसारी, हाजी इस्माइल अंसारी, साबिर अंसारी, अजय राम, मुद्रिका यादव, जाबिर अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## धुरकी के मुखिया संघ ने की ग्रामीण विकास विभाग मंत्री से मुलाकात



मंत्री से मुलाकात करते संघ के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी मुखिया संघ ने ग्रामीण विकास विभाग सह पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडेय से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान ुरकी मुखिया संघ अयक्ष एवं मुखिया प्रतिनिाि ने प्रखण्ड की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही सभी मुखिया व मुखिया प्रतिनिाि ने वर्तमान में रोक लगे योजनाओं को चालू करने की भी मांग किया। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय ने सभी मुखिया व मुखिया प्रतिनिाि को भरोसा दिलाया कि उनके कार्य को सकारात्मक रूप से किया जाएगा। औपचारिक मुलाकात में प्रखंड के मुखिया व मुखिया प्रतिनिाि ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। मौके पर गनियारी कला पंचायत मुखिया शंभु प्रसाद गुप्ता, रक्सी पंचायत मुखिया प्रतिनिाि सत्यनारायण बैठा, खुटिया मुखिया प्रतिनिाि इस्लाम खान, भंडार मुखिया रघुनाथ सिंह, खाला मुखिया प्रतिनिाि साबिर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## दो पाटीदारों के बीच हुई मारपीट में चार घायल

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के अछिया टोला में जमीनी विवाद को लेकर दो पाटीदारों के बीच हुई लाठी और कुदाल से मारपीट में दोनों पक्षों से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक नीतीश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना स्थानों पुलिस को दे दी गई है। घायलों में एक पक्ष से राम लाल यादव और उनके पुत्र जयगोविंद यादव के नाम शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से रवि रंजन यादव और लव यादव के नाम है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच जमीनी विवाद चल रहा है और बुधवार को अमीन के द्वारा मापी की गई थी। जिसके कुछ देर बाद ही रामलाल यादव के भाई और भतीजा ने घर में हमला बोल दिया और कुदाल लाठी से मारपीट की गई इस बीच घर में महिलाओं के साथ भी मारपीट और गली गलौज किया गया जिसमें घटना में चार लोग घायल हो गए।

## अनियंत्रित हाईवा पेड़ से टकराया, चालक घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियारडीह - मरकच्चो मुख्य मार्ग पर परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के समीप बीती रात लगभग 10 बजे एक अनियंत्रित हाईवा पेड़ से जा टकरायी। जिसके बाद पेड़ को जड़ से कबाड़ते हुए हाईवा के परखचे निकल गया एवं हाईवा चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हाईवा चालक नशे में धुत था। हाईवा नवलशाही थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह निवासी का बताया गया। वहीं हाईवा मालिक मोहन राणा ने बताया कि हमारा हाईवा इधर कैसे आ गया मुझे इसकी जानकारी नहीं है। दुर्घटना की सूचना नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार तथा मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा को दिया गया। सूचना मिलते ही दोनों थाना प्रभारी व गस्ती कर रहे पीसीआर घटना स्थल पर पहुंचे कर गाड़ी में फंसे चालक को बाहर निकालकर उसे निजी क्लिनिक उपचार के लिए भेज दिया एवं हाईवा को जप्त कर नवलशाही थाना परिसर लाया गया।

## एआरडी में मनायी गयी भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अवध राज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर स्कूली बच्चों द्वारा भगवान राम, सीता व लक्ष्मण के वनवासी रूपों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य आणिमा पांडेय ने भगवान राम की आरती वंदना से किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक व आयात्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिससे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया।

मौके पर निदेशक पीके दुबे ने कहा कि स्कूली बच्चों का यह रूप देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि त्रेता युग का बनवासी राम, लक्ष्मण व सीता आज साक्षात् इस धरा पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस तरह का आध्यात्मिक कार्यक्रम अपने आप में एक उदाहरण है। जहां संस्कार विलुप्त होते जा रहा है और चंद स्वार्थी लोग जाति व धर्म के नाम पर आपसी विभेद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी तरह का पूजा स्थल हमारा पौराणिक व आध्यात्मिक धरोहर है। इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। प्राचार्या अनिमा पांडेय ने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का प्रतीक है। आज का कार्यक्रम उसी को दर्शाता है। हमें भगवान राम के चरित्र को आत्मसार करने की आवश्यकता है। विद्यालय की केजी की छात्रा शाना फातमा, शाहिना गुलशन व ति रानी के द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता के बनवासी रूपों की अनुपम छंटा को बड़े ही मनमोहक तरीकों से दर्शाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गुनगुन चौबे ने किया। मौके पर शिक्षिका नीतू दूबे, रागिनी कुमारी, नीतू कुमारी, विभा कुमारी, जागृति कुमारी, संजना कुमारी, काजल कुमारी, लाडली खातून, गुलाम सरवर अंसारी, राजीव कुमार दूबे, राजेश कुमार ठाकुर, राजीव कुमार दूबे, आदर्श कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग

## पेज एक का शेष

### महाराष्ट्र के जलगांव में ...

इस हादसे में करीब 40 लोगों के घायल होने की सूचना है। मध्य रेलवे ने एक बयान में कहा है कि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) यूपी के लखनऊ से चलकर मुंबई जा रही थी। सुबह करीब पांच बजे जलगांव के परांडा स्टेशन के पास यह हादसा हुआ। जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदे यात्रियों को तेज रफ्तार कर्नाटक एक्सप्रेस ट्रेन लोगों को कुचलते हुए निकल गयी। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ बताया कि ट्रेन में अलार्म चेन पुलिंग हुई थी।

सीएम योगी ने जताया दुःख : कई यात्रियों की मौत पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताया है। उन्होंने दुर्घटना में दिवंगत लोगों की आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। शुरूआती जानकारी में सामने आया है कि कुछ यात्रियों ने ट्रेन के कोच के नीचे कुछ धुआं देखा था। इसके बाद आग लगने की अफवाह फैली थी। इसके बाद हादसा हुआ। रेलवे के जानकारों का कहना है कि कई बार ट्रेन के पहियों के गर्म होने से भी चिंगारी निकलती है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से ...

जून तक सभी कार्य हो जायेंगे : निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इस वर्ष जून माह तक सभी निर्माण कार्य पूरा हो जाने की बात कही। इस दौरान सीएम ने आवास, हेल्थ सेंटर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, चिल्ड्रन पार्क, प्ले ग्राउंड, बिजली, पानी और सड़क, व्हीकल पार्किंग सिवरेज- ड्रेनेज सिस्टम समेत अन्य निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। इस परिसर में 70 डुपलेक्स बन रहे हैं जिसकी आधारशिला 20 नवंबर 2022 को रखी गयी थी। 43.5 एकड़ भूमि पर 216 करोड़ की लागत से बन रहे है।

### एक महिला समेत...

इस दौरान बुधवार सुबह 5 बजे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। दोनों तरफ से काफी देर तक फायरिंग हुई। मुठभेड़ में दो नक्सलियों की मौत हो गयी। सर्च आपरेशन में पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर के जवान शामिल थे। जंगल में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### सीजीएल परीक्षा रिजल्ट ...

पिछली सुनवाई में झारखंड हाई कोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम-2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर अपनी रिपोर्ट दे। इस मामले की जांच जांच सीआईडी कर रही है। सीआईडी ने दो केस दर्ज कर लिये हैं। अनुसंधान के लिए डीजीपी सह सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआइटी भी गठित कर दी है।

इस मसले को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र नेता देवेंद्र महतो का कहना है कि सीजीएल रिजल्ट पर पूरे राज्य की निगाह है। एसआईटी को सबूत भी सौंपे गये हैं। उन्होंने फिर दावा किया कि इस परीक्षा में व्यापक स्तर पर धांधली हुई है। सरकार को छात्रों का विश्वास बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा करानी चाहिए। हाईकोर्ट के 17 दिसंबर 2024 के आदेश के आलोक में डीजीपी की पहल पर एसआईटी की जांच चल रही है। अबतक एसआईटी को 54 शिकायतें मिली हैं।

# बर्थराइट पॉलिसी के खिलाफ अमेरिका के 22 राज्यों में मुकदमा

एजेंसी

**▸▸ कानूनी चुनौतियों का सामना करेंगे: व्हाइट हाउस**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बर्थराइट पॉलिसी बदलने के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह पॉलिसी अमेरिका में जन्मे बच्चों को उनके माता-पिता के इमिग्रेशन स्टेटस को नजरअंदाज कर नागरिकता की गारंटी देती है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के साथ जारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जो अमेरिकी संविधान में बर्थराइट पॉलिसी को बदलने की बात करता है। ट्रंप की बर्थराइट पॉलिसी को लेकर दी गई मंजूरी कानूनी अड़चनों में फंसती दिख रही है। ट्रंप ने देश की बर्थराइट पॉलिसी की यह कहते हुए आलोचना की थी कि यह नीति अवैध आव्रजन को प्रोत्साहित करती है। इसी वजह से दोबारा सत्ता में आते ही ट्रंप ने इस नीति को बदलने संबंधी आदेश जारी कर दिए। मुकदमा दायर होने के बाद व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि वह अदालत में राज्यों का सामना करने के लिए तैयार है। इन मुकदमों को वामपंथी प्रतिरोध का विस्तार बताया।

**क्या है बर्थराइट पॉलिसी :** 1868 में किए गए अमेरिका के संविधान के 14वें संशोधन के मुताबिक, देश में पैदा हुए सभी बच्चों को जन्मजात नागरिकता दी जाती है। संशोधन का मकसद पूर्व में देश में गुलाम बनाए गए लोगों को नागरिकता और समान अधिकार देना था। संविधान के मुताबिक, अमेरिका में जिन बच्चों का जन्म हुआ, उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन वो अमेरिका और



जिस भी राज्य में पैदा हुए वहां के नागरिक बन जाते हैं। इस नीति के अंतर्गत विदेशी राजनयिकों के बच्चों को छोड़ कर अमेरिका में पैदा हुए लगभग सभी व्यक्तियों को शामिल किया गया है। ट्रंप के आदेश में कहा गया है कि बर्थराइट पॉलिसी में गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों के बच्चों को बाहर रखा जाना चाहिए और उन्हें जन्मजात नागरिकता नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प का आदेश अमेरिका में जन्मे किसी भी बच्चे को 14वें संशोधन के तहत नागरिकता प्रदान करने को चुनौती देता है।

## ये राज्य हैं खिलाफ

ट्रंप के आदेश के साथ अमेरिका सहित दुनिया भर में हलचल मच गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रंप के आदेश के खिलाफ कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और सैन फ्रांसिस्को के साथ 18 राज्यों ने फेडरल अदालत में मुकदमा कर दिया है। न्यू जर्सी और दो शहरों के साथ कैलिफोर्निया, मैसाचुसेट्स, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, मेन, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, उत्तरी कैरोलिना, रोड आइलैंड, वर्मोंट और विस्कॉन्सिन भी ट्रंप के आदेश के खिलाफ मुकदमे में शामिल हुए हैं। न्यू जर्सी के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल मैट प्लैटकिन ने कहा कि राष्ट्रपतियों के पास व्यापक शक्तियां होती हैं लेकिन वे राजा नहीं होते।

## ट्रंप ने किया एआइ में 500 अरब डॉलर निवेश का एलान

एजेंसी

**▸▸ एक लाख से अधिक नौकरियां होंगी सृजित**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के माध्यम से कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसे ओरेकल, सॉफ्टबैंक और ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है। स्टारगेट नामक यह उद्यम, अमेरिकी डेटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश को दर्शाता है। ये तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरूआत टेक्सास में निर्माणाधीन 10 डेटा केंद्रों से होगी। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति ने कहा कि उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी। उन्होंने कहा कि स्टारगेट तुरंत काम शुरू करेगा।

## भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है। अनियमित आव्रजन से जुड़े मुद्दों का भी हल निकालना चाहता है। रूबियो की प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक करने को तरजीह दी जिससे एक प्रकार से यह संदेश गया कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने को काफी अहमियत देता है।

# बनेगा विंध्य एक्सप्रेस-वे

## मीरजापुर से प्रयागराज तक छह लेन का एक्सप्रेस-वे बनेगा

एजेंसी

**▸▸ महाकुंभ में योगी कैबिनेट ने गंगा एक्सप्रेसवे के एक्सटेंशन को दी मंजूरी**

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुम्भ त्रिवेणी संकुल पर हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जनहित के कई बड़े फैसले लिए गए। इसके तहत प्रयागराज रीजन डवलपमेंट की स्थापना होगी, जिसके तहत आसपास के जिलों को मिलाकर उनका सुनियोजित विकास कराया जाएगा। पश्चिमी क्षेत्र के बागपत, हाथरस और कासगंज जिलों में मेडिकल कालेजों का निर्माण होगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम अपने बांड जारी कर सकेंगे, जिससे निगमों की वित्तीय हालत में सुधार हो सकेगा। साथ ही मीरजापुर से प्रयागराज छह लेन का एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पीपीपी मोड पर बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कालेजों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। जल्द ही उन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बलरामपुर में अटल जी के नाम से केजीएमयू का सेंटर बनेगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम बांड जारी कर सकेंगे। अब तक लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम के लिए ही बांड जारी किये जा रहे हैं। प्रयागराज के लिए एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बांड जारी होगा। काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद काशी वैश्विक पटल पर छा रहा है। उन्होंने बताया कि वाराणसी-विंध्य को एक डेवलपमेंट रीजन बनाने की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जायेगा। इससे यहां के न केवल पर्यटन की दृष्टि से यहां पर रोजगार के सृजन में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। चित्रकूट और प्रयागराज को भी गंगा एक्सप्रेस के साथ जोड़ने की कार्यवाही हो रही है। प्रयागराज में यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर एक नए पुल के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। योगी ने कहा कि जिस महाकुंभ को ध्यान में रखकर प्रयागराज के साथ–साथ इस पूरे क्षेत्र का सांस्कृतिक दृष्टि से विकास




किया गया, वह प्रधानमंत्री का विजन है। गंगा एक्सप्रेस-वे प्रयागराज से मिर्जापुर और मिर्जापुर से संत रविदास नगर होते हुए काशी, चंदौली और गाजीपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में जुड़ेगा। इसके अलावा वाराणसी और चंदौली से मिनी एक्सप्रेसवे सोनभद्र को जोड़ते हुए नेशनल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा।

**उद्योगों को मिलेंगी रियायतें :** उप्र औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की आद्योगिक इकाइयों हेतु विशेष सुविधाएं एवं रियायतें देने के लिए मंजूरी दी गयी। एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति के तहत अशोक लीलैंड को आवंटित भूमि के लिए यूपीसीडा को दिए जाने वाली सब्सिडी के बारे में इम्पावर्ड कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

### झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित होगा

इस दृष्टि से प्रयागराज मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली एवं सोनभद्र को जोड़ते हुए 320 किलोमीटर लंबाई वाले नए नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। इस नए एक्सप्रेस का प्रारंभ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा जबकि सोनभद्र में एनएच-39 पर इसका समापन होगा। इस तरह गंगा एक्सप्रेसवे और विंध्य एक्सप्रेसवे की सीधी कनेक्टिविटी होगी, साथ ही, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में विंध्य एक्सप्रेस-वे पर चंदौली से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम बिंदु गाजीपुर तक विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे का भी निर्माण किया जाएगा।



## महाकुंभ में श्रद्धालु कर सकेंगे कई प्रमुख मंदिरों के दर्शन

महाकुंभनगर। महाकुंभ में आए श्रद्धालु देश के सभी प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन एक साथ कर सकेंगे। यहां तिरुपति बालाजी का मंदिर बनकर भक्तों के लिए तैयार है तो राम मंदिर, मेहंदीपुर बालाजी के मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें भी देखी जा सकती हैं। इनके साथ-साथ अक्षरधाम, चार धाम, खाटू श्याम, मां कामाख्या देवी, इस्कॉन मंदिर श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं।

**मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान :** महाकुंभ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है। इनमें विदेशी श्रद्धालु भी होंगे। अमृत स्नान प्रयागराज महाकुंभ में श्रृद्धालुओं के सैलाब को लेकर नया कीर्तिमान दर्ज करने जा रहा है।

## आप-दा वाले दिल्ली में रोज कर रहे हैं हवाई वादे : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर लोकपाल के गठन जैसे वायदों से पीछे हटने का आरोप लगाते हुये कहा कि यह पार्टी हार से इतनी डरी हुयी है कि इन्हें रोज नयी हवाई घोषणायें करनी पड़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप की सरकार ने आयुष्मान जैसी केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली के लोगों को वंचित रखने का पाप किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये जोरदार प्रचार अभियान के बीच श्री मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से बुधवार को भारतीय भाजपा के दिल्ली के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे।

# आइटी व टेक कंपनियों की तेजी से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

**▸▸ सेंसेक्स 566 अंक तेजी के साथ 76404 पर पहुंचा, निफ्टी 130 अंक छलांग लगाकर 23155 पर हुआ बंद**

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई नीतियों और मजबूत कॉर्पोरेट आय के कारण निवेशकों में आशावाद बढ़ने से वैश्विक बाजारों की मजबूती से स्थानीय स्तर पर इंफोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक समेत 21 दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार आधी फीसदी से अधिक उछल गया। सेंसेक्स 566.63 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,404.99 अंक और निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23,155.35 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.20 प्रतिशत की गिरावट लेकर 42,647.77 अंक और स्मॉलकैप 1.56 प्रतिशत का गोता लगाकर 50,906.76 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4059 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1142 में लिवाली जबकि 2802 में बिकवाली हुई वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2052 कंपनियां लाल जबकि 780 हरे निशान पर बंद हुई वहीं 62 के भाव स्थिर रहे।

## बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार सस्पेंड

**पटना।** आय से अधिक संपत्ति मामले के आरोपित बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। गृह विभाग (कारा) ने इससे संबंधित आदेश बुधवार को जारी कर दिया है। निलंबन अवधि में विधु कुमार का मुख्यालय केंद्रीय कारा, बक्सर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। विभाग ने निलंबित जेल अधीक्षक के विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि इसी माह आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने राजधानी के आदर्श केंद्रीय कारा, बेउर के अधीक्षक विधु कुमार के पटना और मोतिहारी के आठ ठिकानों पर छापामारी की थी। ईओयू की प्रारंभिक जांच में विधु कुमार के पास आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाई गई है। आरोप है कि विधु कुमार ने अवैध कमाई से पटना, मोतिहारी, शिवहर, पूर्णिया और कटिहार में एक दर्जन से अधिक जमीनें खरीदीं हैं।

# अररिया में जल्द खुलेगा मेडिकल कॉलेज : नीतीश

**▸▸ भूमि चिह्नित करने के लिए आज जायेगी एक टीम**

**▸▸ मुख्यमंत्री ने 449 योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया जिले में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराए जाने की बुधवार को घोषणा की। श्री कुमार ने बुधवार को प्रगति यात्रा के दौरान अररिया जिले में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे यहां के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के लिए एक टीम को गुरुवार को ही भेजा जा रहा है ताकि चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की स्थापना शीघ्र हो



सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त अररिया जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सबको बधाई एवं धन्यवाद देता हूं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले में 304 करोड़ 66 लाख की राशि का 449 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।


# कर्तव्य पथ पर दिखेंगे दो युद्धपोत और पनडुब्बी वाग्शीर

एजेंसी

**▸▸ गणतंत्र दिवस परेड में 144 युवा नौसैनिक करेंगे मार्च**

**नयी दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने में सक्षम 144 नौसैनिक कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। नौसेना की इस मार्चिंग टुकड़ी को दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।नौसेना की झांकी में स्वदेशी फ्रंटलाइन जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को दिखाया जायेगा, जिन्हें हाल ही में भारत के समुद्री बेड़े में शामिल किया गया है।

इसके अलावा नौसेना बैंड गर्व और सम्मान के साथ दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकाने वाली धुनें बजाएगा। मार्चिंग टुकड़ी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर साहिल अहलूवालिया ने बताया कि इस बार भाग लेने वाली नौसेना टुकड़ी में 144 युवा कार्मिक शामिल होंगे, जो ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। टुकड़ी के सदस्यों की औसत आयु 25 वर्ष है। इन कर्मियों को भारतीय नौसेना की सभी शाखाओं से चयनित करके दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। टुकड़ी का नेतृत्व प्लाटून कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट कमांडर इंद्रेश चौधरी, लेफ्टिनेंट कमांडर काजल भारवी और लेफ्टिनेंट दिविंदर कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी भी लघु भारत का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी और नाविक शामिल हैं। गणतंत्र दिवस परेड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता, सैन्य कौशल और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करती है। भारतीय नौसेना के 'युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल' होने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए परेड और बीटिंग रिट्रीट में भाग लेने वाले सभी कर्मी आत्मनिर्भरता के



माध्यम से समुद्री सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेंगे।

देश के हितों की रक्षा के लिए गौरव और प्रतिबद्धता से भरे इतिहास के साथ भारतीय नौसेना की झांकी मजबूत राष्ट्र के लिए मजबूत नौसेना की आवश्यकता का एक ज्वलंत चित्रण होगी। भारतीय नौसेना अपनी बहुआयामी संपत्तियों के साथ भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए कभी भी, कहीं भी और भारत के विकास, गौरव और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। झांकी में स्वदेशी फ्रंटलाइन जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को दशार्या जायेगा, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई में नौसेना के बेड़े में शामिल किया था। झांकी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर ममता सिहाग और लेफ्टिनेंट विपुल सिंह गहलोत होंगे। नौसेना बैंड का नेतृत्व एम. एंटनी राज, एमसीपीओ संगीतकार प्रथम श्रेणी करेंगे तथा जिसमें 80 संगीतकार शामिल होंगे। यह सभी गर्व और सम्मान के साथ परेड में दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकने को मजबूर करने वाली धुनों का प्रदर्शन करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### मणिपुर में जदयू प्रदेश अध्यक्ष हटे

**इम्फाल।** जनता दल यूनाइडेट (जदयू) में बुधवार अंदरुनी कलह सामने आया, जब उसकी मणिपुर इकाई के अध्यक्ष ने भाजपा के नेतृत्ववाली राज्य सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा की, जिसके तुरंत बाद पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राज्य इकाई के अध्यक्ष को अनुशासनहीनता के आरोप में पद से हटाया जा चुका है। जदयू की मणिपुर की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. बिरेन सिंह के नाम से बुधवार को ही राज्यपाल के नाम लिखे समर्थन वापसी के पत्र में कहा है कि विधानसभा में पार्टी का एक मात्र विधायक सरकार का समर्थन नहीं करता और उसे विपक्षी सदस्य के रूप में माना जाय।

### अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो चालक से मिले सैफ



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने यहां अपने घर पर चाकू से हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाने वाले ऑटो-रिक्शा चालक भजन सिंह राणा से मुलाकात की और मदद करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। अभिनेता ने चालक को कुछ पैसे भी दिए और जरूरत पड़ने पर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। ऑटोरिक्शा चालक ने कहा कि मैं मंगलवार को अस्पताल में उनसे (सैफ से) मिला। उन्होंने मेरी सराहना की। मुझे उनसे और उनके परिवार से आशीर्वाद मिला। राणा ने कहा कि उन्होंने (खान) मुझे अपनी मां (शर्मिला टैगोर) से मिलवाया और मैंने उनके पैर छुए। उन्होंने मुझे जो भी सही लगा, रुपये दिये और कहा कि जब भी मुझे मदद की जरूरत होगी, वह उपलब्ध रहेंगे।

### बांग्लादेश में विमान को उड़ाने की धमकी

**ढाका।** इटली के रोम से बांग्लादेश के ढाका आ रहे बंगलादेश एयरलाइंस के विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के कार्यकारी निदेशक ग्रुप कैप्टन कमरुल इस्लाम कहा ने बताया कि बुधवार की सुबह विमान की रोम से ढाका उड़ान के संबंध में एक अज्ञात नंबर से बम की धमकी मिली है। उन्होंने बताया कि 250 यात्रियों और चालक दल के 13 सदस्यों को लेकर आ रहे विमान को 09:20 बजे ढाका हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतार लिया।

### बेंगलुरु और बनारस के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

भोपाल। रेलवे ने महाकुम्भ मेला के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को कम करने के लिए एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) और बनारस के बीच एक तरफा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला के दौरान अतिरिक्त यात्रीभार क्लियर करने और यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

### इंडिगो फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** पटना से लखनऊ के लिए बुधवार शाम उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। इंडिगो की फ्लाइट ने पटना एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए उड़ान भरी थी लेकिन आधा घंटे बाद हवा में ही तकनीकी खराबी आ गयी। सूझ-बूझ से काम लेते हुए पायलट ने एटीएस को सूचित करने के बाद पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करायी। तकनीकी खराबी आने से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया।

